डाक पंजीयन क्र. ई-2/ओ.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 09.11.2020 से 15.11.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-45 ▶ मूल्य ₹10.00

कामधेनु गौ-अभ्यारण्य सालरिया को भारत का आदर्श गौ-सेवा केंद्र बनाएं - मुख्यमंत्री

महिला स्व-सहायता समूहों को गौ-अभ्यारण्य के संचालन से जोड़ा जाये

भोपाल, सालरिया गौ-अभ्यारण्य हमारा 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है, इसको भारत का आदर्श गौ-सेवा केंद्र बनाया जाए। इसके लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाकर योजना बनाई जाए और उस पर अमल किया जाए। गौ-अभ्यारण्य की व्यवस्थाओं से ऐसे लोगों को जोड़ा जाए, जिनका गौ-सेवा मिशन हो। साथ ही गौ-शाला के संचालन से महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ा जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रदेश की गौ-शालाओं के संचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में प्रदेश की गौ-शालाओं के संचालन व्यवस्था की समीक्षा करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना के अंतर्गत 1012 गौ-शालाओं के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें 858 गौ-शालाओं का कार्य पूर्ण हो गया है। संचालित गौ-शालाओं में 39 हजार 574 गौ-वंश हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नवीन गौ-शालाएं बनाए जाने से अधिक महत्वपूर्ण है वहां गौ-वंश की अच्छी देखभाल हो। इस संबंध में पशुपालन विभाग कार्रवाई सुनिश्चित करे।

एस.एच.जी. के माध्यम से करें संचालन

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि सालरिया गौ-अभ्यारण्य में गायों की देखभाल का कार्य स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कराया जाए। वर्तमान में ठेकेदार के माध्यम से वहां कार्य के लिए मजदूर लगाए गए हैं।

स्वावलम्बी बनाने की दिशा में कार्य करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-शालाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने सालरिया गौ-अभ्यारण्य में ग्रामीण पर्यटन, योग, अध्यात्म शिविर आदि की संभावनाओं पर कार्य करने को कहा। गौ-शालाओं में फलदार पौधे भी लगाए जाने चाहिए। सालरिया गौ-अभ्यारण्य में गौ-उत्पाद अनुसंधान केंद्र खोला जाए। सौर-ऊर्जा उत्पादन की योजना भी बनाई जा सकती है।

गौ-काष्ठ और वर्मी कंपोस्ट का निर्माण

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया ने बताया कि सालरिया गौ-अभ्यारण्य में वर्तमान में गोबर से गौ-काष्ठ, पूजा के कंडे, वर्मी कंपोस्ट खाद आदि बनाए जा रहे हैं। साथ ही गौ-मूत्र से गौ-अर्क भी बनाने की योजना है। वहां अनुसंधान केंद्र खोले जाने की कार्रवाई भी चल रही है। गौ-अभ्यारण्य में वर्तमान में 3974 गौ-वंश हैं, जिनमें 82 गाय दुधारु हैं।

श्रद्धालु चलाएं, सरकार सहयोग करे

श्री चौहान ने कहा कि गौ-शालाओं के उत्तम संचालन के लिए इस कार्य में जनता की भागीदारी बहुत आवश्यक है। प्रदेश में गौ-शालाओं के संचालन की इस प्रकार की व्यवस्था की जाए, जिसमें श्रद्धालु गौ-शालाओं को चलाएं और उसमें सरकार सहयोग करे।

आईटीआई

रिक्त सीटों के लिये प्रवेश प्रक्रिया पुनः शुरू होगी

भोपाल, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय और निजी आई.टी.आई में रिक्त 10 हजार 149 सीटों पर पुनः प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। विभाग द्वारा आई.टी.आई. के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की तिथि में संशोधन किया गया है। अब आवेदक एम.पी.ऑनलाइन के द्वारा 15 नवम्बर तक रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार, नवीन च्वाइस फिलिंग एवं इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करना, इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार कर सकते हैं। पूर्व में यह प्रक्रिया 8 नवम्बर तक निर्धारित थी।

एम.पी.ऑनलाइन द्वारा मेरिट सूची 16 नवम्बर को जारी की जाएगी। आवेदक 17 नवम्बर को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर संबंधित आई.टी.आई. में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे। उपस्थित अभ्यार्थियों की मेरिट सूची 18 नवम्बर को ऑनलाइन जारी होगी तथा संबंधित आई.टी.आई. अपने नोटिस बोर्ड पर मेरिट सूची चस्पा करेंगे। इसी दिन इन अभ्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। संस्था में सीट रिक्त रहने की स्थिति में वेटिंग लिस्ट के आवेदकों की प्रवेश प्रक्रिया 19 नवम्बर को मेरिट क्रम में प्रारंभ की जायेगा।

विभिन्न प्रकार की सब्सिडी समाप्त कर

किसानों को एकमुश्त राशि देने की योजना बनाई जायेगी

ग्रामीणों को गांव की जमीन एवं मकान पर स्वामित्व दिलाया जायेगा

भोपाल, प्रदेश सरकार वर्तमान में किसानों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दी जाने वाली सब्सिडी की राशि अब उनके खाते में एक मुश्त अंतरित करने की योजना बना रही है। ग्रामवासियों को जमीन एवं मकान पर स्वामित्व प्रदान किया जायेगा, जिससे वे उस पर बैंक ऋण आदि सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। आगामी तीन वर्षों में जिनके कच्चे मकान हैं, उन्हें पक्के मकान बनाने के लिये सरकार की ओर से सहायता प्रदान की जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के पांच लाख किसानों को (उपचुनाव वाले 19 जिलों को छोड़कर) दो-दो हजार रुपये के मान से कुल 100 करोड़ रुपये की राशि का उनके खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करते हुये कहीं।

प्रति वर्ष मिलेंगे 10 हजार रुपये

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष तीन किश्तों में 2-2 हजार रुपये की राशि, कुल 6 हजार रुपये प्रदान की जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत अब उन्हें वर्ष में दो बार 2-2 हजार रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। इस प्रकार प्रति वर्ष किसान के खाते में कुल 10 हजार रुपये की राशि प्राप्त होगी। इस योजना से प्रदेश के लगभग 80 लाख किसान लाभांवित हो रहे हैं।

किसान को नहीं लेनी होगी पेड़ लगाने/काटने की अनुमति

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि वानिकी के अंतर्गत अभी किसानों को पेड़ लगाने तथा काटने के लिए जटिल प्रक्रिया से गुजरना होता है। इस संबंध में नया कानून बनाया जाएगा, जिससे उन्हें पेड़ लगाने, काटने तथा विक्रय करने के लिए कोई अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी।

छात्राओं को स्वरोज़गार स्थापित करने के लिये सहायता

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं को रोज़गार स्थापित करने के लिये सहायता देने की योजना बना रही है, जिससे वे अपने पैरों पर खड़े होकर राज्य का नाम रोशन कर सकें। साथ ही वे कक्षा 12वीं के बाद अपनी पढ़ाई जारी रख सकती हैं।

मक्के की प्रोत्साहन राशि

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा धान एवं बाजरे की खरीदी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी तथा किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। मक्के के लिए प्रोत्साहन राशि किसानों के खातों में पहुंचाई जाएगी।

प्रदेश में क्लस्टर आधारित इकाइयां स्थापित की जायें

जबलपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओम प्रकाश सखलेचा ने नव उद्यमियों का आह्वान किया है कि वे क्लस्टर के रूप में छोटी-छोटी इकाइयां लगाएं और अर्थव्यवस्था में सहभागी बनें। श्री सखलेचा जबलपुर में औद्योगिक संघ के प्रतिनिधियों से एक बैठक में चर्चा कर रहे थे।

श्री सखलेचा ने कहा कि उद्यमी भविष्य को देखते हुए, नई और सकारात्मक सोच के साथ काम करें और समय पर गुणवत्तापूर्ण आउटपुट सुनिश्चित करें। वर्तमान में मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा सब्सिडी के साथ सस्ता ब्याज और मानव श्रम उपलब्ध है। उन्होंने फर्नीचर क्लस्टर के नये प्लान के बारे में भी जानकारी दी जो आने वाले समय में औद्योगिक विकास को नई ऊर्जा के साथ गति देगी। श्री सखलेचा ने कहा कि उद्यमी रियल स्टेट की जगह औद्योगिक विकास पर ज्यादा ध्यान दें। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास पर वेबिनार से साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

उद्यमियों की समस्याओं का होगा निराकरण

औद्योगिक विकास के लिये वित्त व तकनीकी के साथ हर संभव प्रयास किया जाएगा। श्री सखलेचा ने आईटी पार्क का दौरा कर औद्योगिक विकास की समस्याओं को जाना तथा समझा और उद्यमियों से कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान का सकारात्मक सोच के साथ निराकरण किया जाएगा।

सिंचाई सुविधा

केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा - मुख्यमंत्री

भोपाल, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल विहारी वाजपेयी जी की नदी जोड़ो अभियान परिकल्पना के अनुक्रम में बनाई गई बहुउद्देशीय केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के गतिरोध को दूर कर, इसका कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाया जाएगा। मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश के बीच सीजनल जल बंटवारे पर सहमति न बनने के कारण परियोजना में विलंब हो रहा है। मध्यप्रदेश ने उत्तरप्रदेश को परियोजना से अवर्षाकाल के महीनों में रबी फसल तथा पेयजल के लिए 700 मि.घ.मी. पानी देने पर पूर्व में सहमति दी थी, जिसके लिए हम आज भी तैयार हैं। इस संबंध में भारत सरकार के समक्ष मध्यप्रदेश का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में केन-बेतवा लिंक परियोजना की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के निरंतर विकास के चलते इस वर्ष गत वर्ष की तुलना में 2 लाख हेक्टेयर अधिक क्षेत्र में किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष बात यह है कि प्रदेश में पहली बार लगभग 68 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों को पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा।

पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई के लिए जल

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष पहली बार इतने अधिक क्षेत्र में किसानों को पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

राजगढ़ जिले की मोहनपुरा योजना से 20 हजार हेक्टेयर, टीकमगढ़ जिले की बाण सुजारा योजना से 33 हजार हेक्टेयर तथा मंदसौर जिले की गरोठ परियोजना से 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई जल प्रदाय किया जाएगा। इसी प्रकार प्रमुख रूप से पेंच परियोजना, छिंदवाड़ा, सिवनी से 26 हजार हेक्टेयर, बाणसागर एवं त्योंथर परियोजना, रीवा से 34 हजार हेक्टेयर, पारसडोह परियोजना बैतूल से 6 हजार हेक्टेयर तथा इन्दौख परियोजना उज्जैन से 6 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में इस वर्ष अतिरिक्त रूप से सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराया जाएगा। अन्य जिलों की लघु परियोजनाओं से इस वर्ष अतिरिक्त 60 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल प्रदाय किया जाएगा।

बैठक में सिंचाई प्रबंधन में किसानों की भागीदारी के संबंध में जल संस्थाओं के निर्वाचन की अवधि पूर्ववत 2-2 वर्ष किए जाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में शीघ्र ही अध्यादेश जारी किया जाएगा। पुरानी सरकार ने इस अवधि को 5 वर्ष कर दिया था। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2009 में केन-बेतवा लिंक परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया था।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

31 अक्टूबर

भारतीय सेना ने विकसित किया स्वदेशी मैसेजिंग एप

● भारतीय सेना ने एक नया मैसेजिंग एप बनाया है। इस एप को सिक्योर एप्लिकेशन फॉर इंटरनेट (एसएआई) नाम दिया गया है। भारतीय सेना ने यह एप 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत बनाया है। यह एप इंटरनेट के जरिए एंड्रायड प्लेटफॉर्म पर एंड टू एंड सिक्योर वाइस, टेक्स्ट और वीडियो कॉलिंग सर्विस को सपोर्ट करेगा। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि भारतीय सेना द्वारा बनाया गया एप पहले से उपलब्ध कमर्शियल मैसेजिंग एप जैसे वॉट्सएप, टेलिग्राम जैसा ही है। एसएआई एप लोकल इन हाउस सर्वर और कोडिंग के साथ सिक्योरिटी फीचर्स में बाकी एप से बेहतर है। इस एप का इस्तेमाल भारतीय सेना करेगी।

● अमेरिका की दवा कंपनी मॉडर्ना कोरोना वैक्सीन की वैश्विक स्तर पर लॉन्चिंग की तैयारी कर रही है। मॉडर्ना के सीईओ स्टीफन वैंसेल ने एक न्यूज एजेंसी से कहा कि कंपनी mRNA-1273 की लॉन्चिंग की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने दुनियाभर की सरकारों के साथ कई आपूर्ति समझौते किए हैं। वैंसेल ने कहा कि कंपनी उच्चतम डाटा गुणवत्ता मानकों और वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रतिबद्धता के साथ वैक्सीन पर काम कर रही है।

1 नवम्बर

यूजीसी ने ऑनलाइन कोर्सों में दाखिले की समयसीमा में की वृद्धि

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की

UGC
University Grants Commission

समयसीमा में वृद्धि की है। अब ऑनलाइन कोर्सों में 30 नवम्बर तक दाखिला लिया जा सकेगा। पहले यह समयसीमा 30 अक्टूबर थी। यूजीसी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों में लिये जाने वाले प्रवेश की जानकारी 15 दिसम्बर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही यूजीसी ने स्नातकोत्तर में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए केंद्र सरकार की ओर से चलाई जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन की समयसीमा भी बढ़ाकर 30 नवम्बर तक कर दी है।

● विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश चीन में जनगणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चीन में सत्तर लाख कर्मचारी सातवीं जनगणना के लिए घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। चीन के नेशनल डेवलपमेंट एंड रिफॉर्म कमीशन के प्रमुख निंग जिझे ने बताया कि जनगणना को सफल बनाने के लिए जनसंख्या के आकार, संरचना और वितरण को समझना जरूरी होता है। इसलिए जनगणना कर्मी घर-घर जाकर लोगों की जानकारी जैसे नाम, आईडी नंबर, लिंग, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा और व्यवसाय आदि प्राप्त करेंगे। उल्लेखनीय है कि चीन में 1990 के दशक के बाद से प्रत्येक 10 वर्षों में राष्ट्रीय जनगणना होती है। वर्ष 2010 की जनगणना में चीन की जनसंख्या लगभग एक अरब 33 करोड़ दर्ज की गई थी।

● अल सल्वाडोर के नेजापा प्रांत में भारी बारिश के कारण भूस्खलन की कई घटनाएं हुई। भूस्खलन की चपेट में आकर करीब 9 लोगों की मौत हो गई और 30 लोग लापता हो गये हैं। भूस्खलन के कारण 70 से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने कई लोगों को मलबे में से निकालकर अस्पताल पहुंचाया है। 300 से ज्यादा लोग राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं।

2 नवम्बर

ब्रिटेन में कोरोना के कारण फिर लगा लॉकडाउन

● कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ने के बाद ब्रिटेन में लॉकडाउन लगाने का फैसला लिया गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के खतरे को देखते हुए देश में लॉकडाउन लगाने का फैसला लिया है। यह लॉकडाउन पांच नवम्बर से दो दिसम्बर तक प्रभावी रहेगा। लॉकडाउन के तहत पब, रेस्तरां, गैर जरूरी दुकानों और सुविधाओं के संचालन पर पाबंदी लगाई गई है। प्रधानमंत्री जॉनसन ने ट्विटर के जरिए लोगों से घरों में रहने की अपील की है। जॉनसन ने कहा कि चार सप्ताह के बाद हालात की समीक्षा की जाएगी और इसे बढ़ाने या खत्म करने पर फैसला लिया जाएगा। ब्रिटेन में लॉकडाउन की घोषणा होते ही शॉपिंग मॉल और स्टोर्स पर लंबी-लंबी कतारें लग गई थीं।

● भारत की दिग्गज दवा निर्माता कंपनी भारत बायोटेक लिमिटेड कोरोना महामारी के टीके के लिए योजना बना रही है। भारत बायोटेक ने कहा कि भारतीय नियामक प्राधिकरणों से अपेक्षित मंजूरी मिल जाने की स्थिति में कंपनी अगले साल अप्रैल से जून के बीच कोरोना का टीका 'कोवाक्सीन' लॉन्च कर देगी। उल्लेखनीय है कि भारत बायोटेक लिमिटेड, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) मिलकर कोरोना वैक्सीन विकसित करने का कार्य कर रहे हैं। इस वैक्सीन का देश के विभिन्न स्थानों पर तीसरे चरण में परीक्षण चल रहा है।

● फिलीपींस में दुनिया के सबसे ताकतवर तूफान 'गोनी' ने दस्तक दी है। गोनी तूफान के कारण 280 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। तूफान के कारण फिलीपींस के कई इलाकों में तेज बारिश और भूस्खलन की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई। तूफान की भयावहता को देखते हुए 10 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

3 नवम्बर

केंद्र सरकार ने इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी योजना एक महीने के लिए बढ़ाई

● केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन के दौरान मांग में बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद को देखते हुए इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी योजना को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है। अब यह योजना 30 नवम्बर तक प्रभावी रहेगी। इस योजना के तहत आवंटित तीन लाख करोड़ रुपये अगर 30 नवम्बर से पहले स्वीकृत हो जाते हैं, तो यह योजना उसी दिन समाप्त हो जायेगी। अब तक इस योजना के तहत दो लाख करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना से प्रभावित अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज घोषित किया था। इस पैकेज के तहत ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उपक्रमों के लिए तीन लाख करोड़ रुपये की इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की गई थी।

● अफगानिस्तान की राजधानी काबुल स्थित काबुल विश्वविद्यालय पर आतंकी हमला हुआ। इस हमले में 25 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुये हैं। यह हमला तब हुआ, जब ईरानी राजदूत और अफगान अधिकारी काबुल विश्वविद्यालय में आयोजित एक पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन कर रहे थे। इस हमले की जिम्मेदारी कुख्यात आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली है। अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक एरियन ने बताया कि तीन आतंकी हमलावरों ने इस घटना को अंजाम दिया था, जिन्हें जवाबी कार्यवाही में मार गिराया गया है। उल्लेखनीय है कि यह एक सप्ताह के अंतराल में छात्रों पर दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले 24 अक्टूबर को काबुल के एक शिक्षण संस्थान पर भी एक आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें लगभग 24 लोग मारे गये थे।

● रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला रेल कोच, के उत्पादन में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कोच फैक्ट्री कपूरथला ने कोच बनाने के मामले में पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह जानकारी रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल ने दी। श्री गोयल ने बताया कि कोच फैक्ट्री कपूरथला ने अक्टूबर 2020 में 5.88 कोच प्रतिदिन बनाने का कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि कोच फैक्ट्री कपूरथला में पिछले वर्ष प्रत्येक दिन 3.08 कोच बनाए गए थे।

4 नवम्बर

रूसी नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे एडवर्ड स्नोडेन

● अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन और उनकी पत्नी लिंडसे मिल्स रूस की नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे। स्नोडेन ने कहा कि उनकी आने वाली संतान के सामने नागरिकता का संकट नहीं हो, इसलिए हमने रूसी नागरिकता लेने के लिए आवेदन करने पर विचार किया है। स्नोडेन बिना अमेरिकी नागरिकता छोड़े रूसी नागरिकता चाहते हैं। रूस ने हाल ही में दोहरी नागरिकता का प्रावधान किया है। हालांकि रूसी सरकार ने स्नोडेन को स्थायी रेसीडेंस की अनुमति दे रखी है। उल्लेखनीय है कि स्नोडेन अमेरिकी सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी के पूर्व कर्मचारी हैं। स्नोडेन ने फोन और इंटरनेट संचार पर अमेरिकी सरकार की निगरानी का खुलासा किया था, इसके बाद से ही स्नोडेन ने रूस में शरण ले रखी है।

● भारत में एक जनवरी 2021 से केवल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के आईएसआई मार्क वाले खिलौने ही बनाये तथा बेचे जायेंगे। यह निर्णय खिलौनों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है, ताकि बच्चे सुरक्षित खिलौनों से खेल सकें। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग ने खिलौना निर्माताओं के लिए भारतीय मानक ब्यूरो से प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य कर दिया है। नए नियमों के अनुसार एक जनवरी 2021 से वही कंपनियां भारत में खिलौनों का निर्माण कर सकेंगी, जिसके पास बीआईएस प्रमाण पत्र होगा। यह प्रमाण पत्र परीक्षण के बाद ही जारी किया जायेगा।

● स्पेन में ग्रैन कैनेरिया द्वीप के पास समुद्र में फंसे 129 प्रवासियों को स्पेन की तटरक्षक बल ने सुरक्षित बचाया है। तटरक्षक बल के अधिकारियों के अनुसार 129 प्रवासी अलग-अलग नावों में सवार होकर अफ्रीकी देशों में शरण लेने के लिए जा रहे थे। तटरक्षक बल के जहाज ने इन सभी प्रवासियों को सुरक्षित बचाकर अरगुइनेगुइन पोर्ट पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि स्पेन में एक सप्ताह के दौरान लगभग 1500 गैर नियमित फ्रांस पहुंचे हैं।

5 नवम्बर

सीबीएसई ने सीटेट की नई तिथि घोषित की

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) की नई तिथि की घोषणा की है, अब सीटेट का आयोजन 31 जनवरी 2021 को किया जायेगा। पहले यह परीक्षा 5 जुलाई 2020 को प्रस्तावित थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इस परीक्षा को स्थगित कर दिया गया था। इसके साथ ही सीबीएसई ने कहा कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों को परीक्षा शहर का विकल्प बदलने का मौका दिया जायेगा। जो उम्मीदवार अपने परीक्षा शहर को बदलना चाहते हैं, वे 7 नवम्बर से 16 नवम्बर 2020 के बीच ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

● चीन के साथ जारी तनाव के बीच भारत को राफेल लड़ाकू विमानों की दूसरी खेप मिल गई है। भारतीय वायुसेना के अनुसार फ्रांस से तीन राफेल विमानों की खेप भारत पहुंच गई है। इन तीनों विमानों ने फ्रांस से भारत की यात्रा नॉन स्टॉप की। ये विमान गुजरात के जामनगर स्थित एयरबेस पर उतरे। ये विमान अंबाला स्थित गोल्डन एरोन स्क्वॉड्रन में शामिल होंगे। इसके साथ ही देश में कुल 8 राफेल विमान हो गये हैं।

● तुर्की में आए शक्तिशाली भूकंप से बहुमंजिला इमारतें ढह गईं जिसमें लगभग 116 लोगों की मौत हो गई, वहीं 100 से ज्यादा लोगों को मलबे से निकाला गया। इस घटना में चार दिन तक एक अपार्टमेंट में दबी हुई बच्ची जीवित मिली है। 91 घंटे तक मलबे में दबे रहने के बाद जीवित निकलने को चमत्कार ही माना जा रहा है। तुर्की के तीसरे सबसे बड़े शहर से राहतकर्मियों ने तकरीबन 170 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया। इसमें से कुछ की हालत गंभीर है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता लगभग सात मापी थी यद्यपि तुर्की की अन्य एजेंसियों ने इसे कम तीव्रता वाला भूकंप बताया है।

6 नवम्बर

वंदे भारत मिशन के तहत 29 लाख से अधिक लोगों को मिली मदद

● केंद्र सरकार ने विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिये चलाये गये वंदे भारत मिशन के तहत 29 लाख से अधिक लोगों को मदद पहुंचाई है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने दी। श्री पुरी ने एक ट्वीट के जरिये बताया कि इस मिशन के तहत 29 लाख 23 हजार लोगों को स्वदेश वापस लाया गया और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा की सुविधा प्रदान की गई।

● केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक अप्रैल से तीन नवम्बर 2020 के बीच की अवधि में 39.49 लाख से अधिक करदाताओं को 1 लाख 29 हजार 190 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया है। आयकर विभाग ने इस संबंध में बताया कि सीबीडीटी ने इस अवधि में 37 लाख 55 हजार 428 व्यक्तिगत मामलों में 34 हजार 820 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड जारी किया, वहीं सीबीडीटी ने 1 लाख 93 हजार 5 कॉर्पोरेट मामलों में 94, 370 करोड़ रुपये का कॉरपोरेट टैक्स भी जारी किया है।

● इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) आगामी सीए परीक्षा को ऑनलाइन आयोजित नहीं करेगा। आईसीएआई ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि सीए परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित नहीं कराई जा सकती, क्योंकि इस परीक्षा के जरिए छात्रों की एनालिटिकल क्षमता परखी जाती है। कुछ छात्रों ने कोरोना महामारी के कारण सीए परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित करने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने आईसीएआई को निर्देश दिए कि वह अपनी वेबसाइट पर तथा विज्ञप्ति जारी करके उम्मीदवारों को यह बताये कि परीक्षा आयोजित करने के लिए उसने कोविड- 19 संबंधी दिशा-निर्देशानुसार क्या योजना बनाई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

VEDA CAREER INSTITUTE
NEET/JEE/PAT/CPAT/BHU
NEW BATCHES START FROM 21/11/2020
FREE 02 Days Demo
ONLINE CLASSES
वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (SADO) एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (RAEO)
एग्रीकल्चर में विषय विशेषज्ञों की टीम द्वारा अध्यापन C-सेट की तैयारी अनुभवी फ़ैकल्टी द्वारा
टेस्ट सीरीज और नोट्स उपलब्ध
5, Janki Nagar NX, oppo. Sky Height, Navlakha Indore (M.P.)
+91 8889 5668 66, 0731 2927 853
R-44652/2020

वर्ष 37, अंक 45 09.11.2020 से 15.11.2020
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है।
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के सपने को धरातल पर उतारना ही हमारी सबसे पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता है। यह हमारे लिए कोई कर्मकांड नहीं, बल्कि कर्मयोग है। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के क्रियान्वयन के संबंध में वीडियो-कॉन्फ्रेंन्सिग के जरिए विभाग प्रमुखों से चर्चा कर कही। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे कि वर्ष 2023 तक आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए रोडमैप का प्रारूप जल्दी ही सभी विभाग प्रमुखों को उपलब्ध करा दिया जाए। विभाग प्रमुख रोडमैप में वर्णित लक्ष्यों की समय-सीमा में प्राप्ति के लिए विभागीय रणनीति तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभाग प्रमुख संभाग एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को रोडमैप में वर्णित लक्ष्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लक्ष्य जिनमें एक से अधिक विभाग शामिल हैं, उनमें विभाग प्रमुख संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विभाग प्रमुख रोडमैप में वर्णित लक्ष्यों को अल्पकालीन, मध्यकालीन एवं दीर्घकालीन लक्ष्यों में विभाजित करेंगे तथा उनकी पूर्ति के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वित्त विभाग के साथ समन्वय करेंगे। उन्होंने कहा कि लक्ष्यों की पूर्ति की नियमित एवं निरंतर समीक्षा की जाए और यदि इस संबंध में कोई कठिनाई हो तो विभाग प्रमुख तत्काल मुख्य सचिव को अवगत करा कर समाधान सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के क्रियान्वयन की उच्च स्तरीय समीक्षा के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संबंध में तैयार किए जा रहे पृथक वेब पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के लिए प्रत्येक विभाग एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। इस वेब पोर्टल पर रोडमैप के क्रियान्वयन की जानकारी दर्ज करने से लेकर समीक्षा करने तक की समस्त कार्यवाहियां पूरी तरह पेपरलेस और ऑनलाइन रहेंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लक्ष्यों को प्राप्त करने में किसी प्रकार की ढिलाई या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य बड़ा जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप को तैयार करने से लेकर क्रियान्वयन की दिशा में अब तक की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण का रोडमैप तैयार करने के लिए भारत सरकार के नीति आयोग के सहयोग से गत अगस्त महीने में चार विषयों पर वेबिनार आयोजित किए गए थे। इनमें भौतिक संरचना, सुशासन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वेबिनार में हुए मंथन के आधार पर शासन द्वारा गठित मंत्री समूहों में गहन चर्चा हुई और रोडमैप का खाका तैयार कर उसका मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया गया। उन्होंने बताया कि रोडमैप को अंतिम रूप दिया गया है साथ ही रोडमैप में शामिल सभी गतिविधियों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए सतत अग्रसर है। सरकार के प्रयासों से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के प्रयासों को जरूर सफलता मिलेगी।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

वायुमण्डल- निम्न वायुमंडल में लगभग 12 किलोमीटर तक 0.0 से लेकर 1 प्रतिशत तक की सांद्रता में जलवाष्प है। यद्यपि वायुमंडल में जलवाष्प का परिमाण बहुत कम है फिर भी इसका अत्यधिक महत्व है, क्योंकि वायुमंडल में पानी के बिना पृथ्वी पर कोई मौसम नहीं होता। जल मंडल से वाष्पोत्सर्जन के जरिये पानी वायुमंडल में प्रवेश करता है और हिम और वर्षा के रूप में वायुमंडल से विदा लेता है। यह कभी भी न समाप्त होने वाला एक चक्र है। जिस जलवाष्प का पृथ्वी से वाष्पीकरण होता है उसी से बादल बनता है। ये अत्यधिक सूक्ष्मदर्शीय आकार की नन्हीं सी बूंदें होती हैं जो अत्यधिक हल्की होने के कारण वर्षा के रूप में नीचे गिरने में अक्षम होती हैं, इसलिये ये वायु तरंगों पर तैरती रहती हैं, जब तक कि वे द्रवित होकर वर्षा के रूप में नहीं गिरती। पृथ्वी से विद्युत की महौमि ही तड़ित को इतनी भयानक घटना बना देती है फिर भी इस संबंध में पहल बादल ही करते हैं, जो अपेक्षाकृत कमजोर वज्रपात को नीचे भेजते हैं। यह अग्रगामी वज्रपात कहलाता है। इसकी अनुक्रिया में पृथ्वी अत्यधिक संतुलित वज्रपात बादल तक भेजती है। इस सभी क्रियाकलाप में एक सेकेण्ड से कम समय लगता है। इसलिये हम अग्रगामी वज्रपात और प्रति वज्रपात को तड़ित की एक ही दमक के रूप में देखते हैं।

- **देवेश तिवारी**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व निमोनिया दिवस 12 नवम्बर

निमोनिया और कोरोना के घातक गठजोड़ से जूझ रहा है विश्व

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

12 नवम्बर को जब हम विश्व निमोनिया दिवस मना रहे हैं तब पूरी दुनिया को कोरोना के साथ निमोनिया के घातक गठजोड़ के एक नये खतरे से जूझना पड़ रहा है। मध्यप्रदेश के गजरा राजा चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर के प्राध्यापक के अनुसार मौसम बदलने के साथ कोरोना संक्रमण घातक होता जा रहा है। खासतौर से उन लोगों के लिए जिन्हें डायबिटीज के साथ दिल की बीमारी या अन्य कोई गंभीर बीमारी भी है। ऐसे मरीजों को वायरसजनित निमोनिया के साथ कोरोना संक्रमण हुआ तो उनकी हालत बिगड़ने की संभावना ज्यादा है। कोरोना संक्रमण के साथ वायरसजनित निमोनिया होना काफी घातक है, इसलिए डायबिटीज और हार्ट के मरीज को यदि खांसी के साथ-साथ सांस लेने में तकलीफ महसूस हो तो उसे तुरंत विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। समय रहते अगर निमोनिया का पता चल जाता है, तो उसका इलाज कर रोगी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि कोरोना वायरस या कोविड-19 अनजान कारणों से निमोनिया जैसी बीमारी के साथ ही सामने आया है। बाद में पता चला कि इस बीमारी का कारण सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम या सार्स है। इसमें शुरुआत में हल्की सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण होते हैं। इस सच्चाई के सामने आते ही वैश्विक पैमाने पर इस घातक गठजोड़ के प्रति एहतियात बरती जा रही है, मगर विशेषज्ञों के अनुसार इस खतरे को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए।

वैश्विक गठबंधन की प्रभावी पहल पर आरम्भ हुआ था – 'विश्व निमोनिया दिवस'

विश्व निमोनिया दिवस, विश्व के अधिकांश देशों में 12 नवम्बर को मनाया जाता है। विश्व निमोनिया दिवस की प्रभावी पहल वर्ष 2009 में बच्चों में निमोनिया की रोकथाम के लिये एक वैश्विक गठबंधन ने की थी। जब पहला विश्व निमोनिया दिवस मनाया गया था, तब निमोनिया से हर साल 1.2 मिलियन अर्थात बारह लाख बच्चों की मृत्यु हो रही थी और इसे रोकने के लिये ही वैश्विक संगठन ने यह प्रभावी पहल की थी। वर्ष 2013 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन) और संयुक्त राष्ट्र की बच्चों की हित रक्षा के लिये गठित संस्था यूनीसेफ (युनाइटेड नेशन्स चिल्ड्रेन्स फण्ड) ने निमोनिया और डायरिया की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एकीकृत वैश्विक कार्ययोजना जारी की थी। यह योजना 2025 तक हर देश में प्रति एक हजार जीवित जन्मों में से तीन से कम बाल निमोनिया से होने वाली मौतों का लक्ष्य निर्धारित करती है। बाल निमोनिया के खिलाफ वैश्विक गठबंधन, सरकारी, गैरसरकारी, अंतर्राष्ट्रीय, समुदाय आधारित संगठन, अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थानों, बुनियादी तौर पर जन स्वास्थ्य के लिये समर्पित संस्थाओं और व्यक्तियों का प्रभावी समूह है। निमोनिया से बचाव, रोकथाम और उपचार के लिए सरकार, सामान्यजन और समाजसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी और अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत होती है जिससे निमोनिया जैसे रोगों का वैश्विक स्तर पर मुकाबला किया जा सके।

चिकित्सा विज्ञान के लिये हमेशा एक बड़ी चुनौती रही निमोनिया

न्यूमोनिया (जिसे बोलचाल में निमोनिया भी कहते हैं) एक जानलेवा बीमारी है। इसकी विश्वव्यापी उपस्थिति चिकित्सा विज्ञान के लिये हमेशा एक बड़ी चुनौती

रही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार विश्व में निमोनिया से प्रतिवर्ष लगभग चार सौ पचास मिलियन अर्थात पैंतालिस करोड़ आबादी प्रभावित होती है जो कि विश्व की जनसंख्या का सात प्रतिशत है और इसके कारण प्रतिवर्ष लगभग चार मिलियन अर्थात चालीस लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इसी भयावह स्थिति के कारण चिकित्सा विज्ञानी ओस्लर द्वारा निमोनिया को 'मौत बांटने वाला मुखिया' कहा गया था। बीसवीं शताब्दी में एंटीबायोटिक उपचार और टीकों के आने से बचने वाले लोगों की संख्या यद्यपि बेहतर हुई है बावजूद इसके विकासशील देशों में बुजुर्गों, युवा उम्र के लोगों और जटिल रोगियों में निमोनिया अभी भी मृत्यु का प्रमुख कारण बनी हुयी है। निमोनिया की संभावना को बढ़ाने वाली परिस्थितियों और जोखिम कारकों में धूम्रपान, प्रतिरक्षा की कमी तथा मद्यपान की लत, गंभीर फेफड़ा रोग, गंभीर गुर्दा रोग और यकृत रोग शामिल होते हैं। अम्लता दबाने वाली दवाओं का अधिक उपयोग निमोनिया के बढ़ते जोखिम के अहम कारण हैं। उम्र का अधिक होना भी निमोनिया के होने को बढ़ावा देता है। विश्व निमोनिया दिवस पर इन्हीं चुनौतियों का सामना करने के चिकित्सकीय उपायों पर चर्चा होती है।

फेफड़ों में सूजन का एक जानलेवा संक्रामक रोग है निमोनिया

फुफ्फुस शोथ अथवा फुफ्फुस प्रदाह (निमोनिया) फेफड़े में सूजन वाली एक परिस्थिति है जो प्राथमिक रूप से अल्वियोली (कूपिका) कहे जाने वाले बेहद सूक्ष्म वायु कूपों को प्रभावित करती है। यह मुख्य रूप से विषाणु या जीवाणु और कतिपय सूक्ष्मजीवों, कुछ दवाओं और अन्य परिस्थितियों जैसे स्वप्रतिरक्षित रोगों से संक्रमण द्वारा होती है।

निमोनिया के आम लक्षणों में खांसी, सीने का दर्द, बुखार और सांस लेने में कठिनाई शामिल है। नैदानिक उपकरणों यथा एक्स-रे और बलगम का कल्चर से निमोनिया का निदान किया जाता है। निमोनिया का उपचार, अंतर्निहित कारणों पर निर्भर करता है। प्रकल्पित बैक्टीरिया-जनित निमोनिया का उपचार प्रतिजैविक द्वारा किया जाता है। यदि निमोनिया गंभीर हो तो प्रभावित व्यक्ति को आमतौर पर अस्पताल में भर्ती किया जाता है। निमोनिया मुख्य रूप से बैक्टीरिया या वायरस द्वारा और कभी-कभी फफूंद और परजीवियों द्वारा होती है। चिकित्सा विज्ञान ने हालांकि संक्रामक एजेंटों के सौ से अधिक उपभेदों की पहचान की है, लेकिन अधिकांश मामलों के लिये इनमें केवल कुछ ही जिम्मेदार होते हैं। वायरस व बैक्टीरिया के मिश्रित कारण वाले संक्रमण बच्चों के संक्रमणों के मामलों में पैंतालिस प्रतिशत तक और वयस्कों में पन्द्रह प्रतिशत मामलों में ही जिम्मेदार होते हैं। समय पर निमोनिया की पहचान से निमोनिया का सफल उपचार सम्भव होता है।

निमोनिया के खतरनाक प्रकार के विरुद्ध दस साल पहले बन गया था टीका

दुनिया में निमोनिया से सबसे ज्यादा पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत हो जाती है और इसी अनपेक्षित स्थिति को टालने के लिये ठीक दस साल पहले 12 दिसम्बर 2010 को निकारागुआ में निमोनिया से लड़ने के लिए एक नये टीके को लॉन्च किया गया था। इस टीके से निमोनिया के एक सबसे खतरनाक माने जाने वाले प्रकार, न्यूमोकोकल से लड़ने में आसानी हुई।

न्यूमोकोकल निमोनिया का एक जानलेवा प्रकार है। इस प्रकार से मेनिनजाइटिस यानी दिमागी बुखार और निमोनिया जैसी बीमारी होती है। पूरी दुनिया में पांच साल से कम उम्र के अधिकांश बच्चों की मौत के लिए निमोनिया का ये प्रकार जिम्मेदार माना जाता है। दुनिया के विकासशील देशों में इस टीके की बिक्री शुरू की गई। इसी प्रकार हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा और स्ट्रेप्टोकॉकस निमोनिया के विरुद्ध टीकाकरण के अच्छे साक्ष्य उपलब्ध हैं। स्ट्रेप्टोकॉकस निमोनिया के विरुद्ध बच्चों को टीकाकरण प्रदान करने से वयस्कों में इसके संक्रमण में कमी आयी है, क्योंकि कई सारे वयस्क इस संक्रमण को बच्चों से ग्रहण करते हैं। एक स्ट्रेप्टोकोकस निमोनिया टीका वयस्कों के लिये उपलब्ध है। यह निमोनिया रोग के जोखिम को कम करता पाया गया है। अन्य वे टीके जिनमें निमोनिया के विरुद्ध रक्षा प्रदान करने की क्षमता है, उनमें परट्यूसिस, वेरिसेला और चेचक के टीके भी शामिल हैं। दीगर संक्रामक रोगों के समान निमोनिया की रोकथाम में भी टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है।

निमोनिया से बचाव के लिये एहतियात जरूरी है

निमोनिया जानलेवा बीमारी जरूर है मगर हल्के निमोनिया का घर में आराम, एंटीबायोटिक दवाओं और बहुत से तरल पदार्थों के साथ इलाज किया जा सकता है। यदि मामला गंभीर है तो किसी व्यक्ति को अस्पताल उपचार की आवश्यकता हो सकती है। बचपन में निमोनिया से बचाव के लिए टीकाकरण कराया जाना चाहिए। टीकाकरण के अलावा, डॉक्टर पांच महीनों के लिए विशेष स्तनपान का सुझाव देते हैं। पौष्टिक आहार, एक अच्छी स्वच्छता बनाए रखने और स्वस्थ जीवन शैली निमोनिया को रोक सकते हैं।

न्यूमोकोकल टीके जो स्ट्रेप्टोकोकस निमोनिया नामक बैक्टीरिया के खिलाफ इस्तेमाल किये जाते हैं, उनका उपयोग निमोनिया के कुछ मामलों को विफल कर सकता है। निमोनिया को आसानी से रोका जा सकता है और उपचार योग्य भी है, इसके बावजूद पांच साल से कम उम्र के बच्चों में होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से यह एक है। टीके और अन्य निवारक प्रयास निमोनिया बीमारी के बोझ को कम कर रहे हैं, फिर भी बहुत अधिक काम करने की आवश्यकता है। गरीब समुदायों में रहने वालों को निमोनिया का सबसे अधिक खतरा है। निमोनिया बच्चों और परिवारों को हर जगह प्रभावित करता है, लेकिन दक्षिण एशिया (जिसमें भारत भी शामिल है) और उप-सहारा अफ्रीका में इसका प्रकोप ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि प्रत्येक बच्चा, चाहे वह जहां भी पैदा हुआ हो, जीवनरक्षक टीकों और दवाओं तक पहुंच का हकदार है। अतः विश्व निमोनिया दिवस पर एक-एक बच्चा टीकाकृत हो, यह सुनिश्चित करना जरूरी है।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सागर (म.प्र.)

दूरभाष - 07582-224269, E-mail - eephe_sagar@yahoo.co.in

संक्षिप्त निविदा सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अध्यक्ष जिला जल एवं स्व. मिशन सागर से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर ई-टेण्डरिंग लिफाफा पद्धति से सागर जिले के विकासखण्ड रहली में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल योजना हेतु ऑनलाइन निविदा **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। ये मात्र संक्षिप्त सूचना है निविदाकार को सलाह दी जाती है कि निविदा में भाग लेने के पूर्व विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन भी कर लें :-

स. क्र.	निविदा क्रमांक एवं दिनांक	ई-टेण्डर क्रमांक	ग्राम	कार्य की अनुमानित लागत रुपये (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति समूह	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि
1.	क्र. 118/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112577_1	बड़गान	19.00	38000/-	रु. 2000/-	
2.	क्र. 119/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112578_1	बैद्यवारा	19.42	38840/-	रु. 2000/-	
3.	क्र. 120/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112579_1	भैंसा	19.76	39520/-	रु. 2000/-	**13.11.2020** सायं 5.30
4.	क्र. 121/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112580_1	देवरी चौधरी	14.99	29980/-	रु. 2000/-	बजे तक
5.	क्र. 122/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112581_1	हरदुआ	19.40	38800/-	रु. 2000/-	
6.	क्र. 123/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112582_1	इमजिया	16.99	33980/-	रु. 2000/-	
7.	क्र. 124/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112583_1	केलवांस	17.69	35380/-	रु. 2000/-	
8.	क्र. 125/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112584_1	निवारी	16.49	32980/-	रु. 2000/-	
9.	क्र. 126/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112585_1	परासरी खुर्द	16.39	32780/-	रु. 2000/-	
10.	क्र. 127/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112586_1	पर्रका	19.00	38000/-	रु. 2000/-	
11.	क्र. 128/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112587_1	पट्टी बड़गान	2.90	5800/-	रु. 2000/-	
12.	क्र. 129/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112588_1	पिपर गौर	18.99	37980/-	रु. 2000/-	
13.	क्र. 130/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112589_1	पिपरिया नरसिंह	18.11	36220/-	रु. 2000/-	
14.	क्र. 131/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112590_1	रानगिर	19.96	39920/-	रु. 2000/-	
15.	क्र. 132/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112591_1	सेमरा गौण	19.73	39460/-	रु. 2000/-	
16.	क्र. 133/ 27.10.2020	2020_PHED_ 112592_1	सहरी	13.08	26160/-	रु. 2000/-	

समस्त विवरण **http://www.mptenders.gov.in** वेवसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय व प्रस्तुत करनी होगी। समस्त प्रक्रिया 'की-डेट्स' अनुसार होगी। भविष्य में यदि कोई निविदा आमंत्रण सूचना में संशोधन होता है तो वह ऑनलाइन वेवसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे अर्थात समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित नहीं होंगे।

सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्व. मिशन
जी-15276/44626/2020 एवं कार्य. यंत्री, लो.स्वा.यां. खण्ड सागर

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर (म.प्र.)

Mail ID : eephseh@nic.in, Fax No. : 07562-224092, Tel. No. : 07562-224092
NEW BUS STAND SEHORE - 466001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 26/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायांवि/2020-21 सीहोर, दिनांक 29.10.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेवसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेवसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

निविदा क्रमांक	कार्य	अनुमानित लागत (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_ PHED_1 12664_1	सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के ग्राम अहमदपुर में नलजल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन का कार्य।	11727183/-	117272/-	12500/-	09 माह
2020_ PHED_1 12665_1	सीहोर जिले के विकासखण्ड आष्टा के ग्राम छापर, बोरखेड़ा, मुबारकपुर, जसमत, भटोनी, वफापुर एवं अतरालिया जावर में नलजल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन का कार्य।	25634094/-	256341/-	15000/-	09 माह

क्र.	कार्यक्रम का विवरण	निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय
01	ऑनलाइन विड सबमिशन की अंतिम दिनांक	**09.11.2020, 05.30**
02	विड ओपनिंग दिनांक	11.11.2020, 11.30

कार्यपालन यंत्री
जी-15267/44625/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सीहोर (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड सिंगरौली (म.प्र.)

नि.आ.सू.क्र. 26 से 34/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड सिंगरौली/2020 दिनांक 29.10.2020
पता - विजय बंधु पेट्रोल पम्प के पास, ई-मेल - eephedsin@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु निविदा का ऑनलाइन वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 13.11.2020** सायं 05.30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 16.11.2020 समय 15.30 बजे दोपहर है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

Name of Work :- Construction and Execution of Retrofitted 09 Nos Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Block Waidhan, Distt. Singrauli based on Tube Well including of electric submersible Motor Pump, cost of all material & labour with successful testing and Commissioning and thereafter Successful trial run 90 days.

S. No.	NIT No.	Tender ID	Village	PAC (Rs. In Lakhs)	e-EMD in Rs.	Cost of Tender in Rs.	No. of Calls
1.	26	PHED-112773_1	Kaam, Phatpani, Dhatura barwa	172.95	172950/-	12500/-	Ist
2.	27	PHED-112775_1	Karsuaraja, Baradghata, Deori	187.40	187400/-	12500/-	Ist
3.	28	PHED-112776_1	Koyalkhooth, Gahidar, Pidkhudi	189.41	189410/-	12500/-	Ist
4.	29	PHED-112777_1	Prasdehi, Gahilara, Kathura	177.01	177010/-	12500/-	Ist
5.	30	PHED-112778_1	Chhatauli, Hardi, Khanuakhas	180.19	180190/-	12500/-	Ist
6.	31	PHED-112779_1	Tiyara, Odgadi, Digghi	188.67	188670/-	12500/-	Ist
7.	32	PHED-112780_1	Suhira, kushmahra, Jhanjhi tola, Jalhathni	179.43	179430/-	12500/-	Ist
8.	33	PHED-112815_1	Parsauna, Chaura, Bhalya tola, Chhatkaram, Gadahra	158.76	158760/-	12500/-	Ist
9.	34	PHED-112817_1	Thurua, Suideeh, Sigahi, Chakuar, Ghuni, khatkhariya	152.83	152830/-	12500/-	Ist

कार्यपालन यंत्री
जी-15263/44624/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिंगरौली (म.प्र.)

कार्यालय प्राचार्य, कलानिकेतन पॉलीटेक्निक महाविद्यालय
साउथ सिविल लाइन जबलपुर (म.प्र.) 482001

Email - prinknp.jbp@mp.gov.in, website - www.knpcjbp.org
Phone - 0761-2622952, 9424900081

दिव्यांगजन के लिये प्रवेश सूचना

भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली, द्वारा वित्त पोषित संस्था में संचालित निःशक्तजन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **सत्र 2020-21 के लिये 25 सीटों (सभी ब्रांच मिलाकर) का विवरण निम्नानुसार है।**

क्र.	ब्रांच	कुल सीट	सामान्य		अ.जा.		अ.ज.जा.		अ.पि. वर्ग	
			पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला
1.	सिविल इंजीनियरिंग	01	1	-	-	-	-	-	-	-
2.	मेकेनिकल इंजीनियरिंग	03	1	-	1	-	1	-	-	-
3.	विद्युत (इलेक्ट्रिकल) इंजीनियरिंग	03	1	-	-	-	1	-	-	1
4.	इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग	04	1	1	-	1	-	1	-	-
5.	कम्प्यूटर एंड साइंस इंजीनियरिंग	04	1	1	-	-	-	1	1	-
6.	सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) इंजी.	04	1	1	1	-	-	-	1	-
7.	प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी	03	1	1	-	-	1	-	-	-
8.	आटो मोबाइल इंजीनियरिंग	03	1	-	1	-	-	-	1	-
	योग	**25**	**08**	**04**	**03**	**01**	**03**	**02**	**03**	**01**

श्रेणीवार आरक्षण - कुल 25 सीटों पर दिया जावेगा किन्तु यह ब्रांच में आवंटन में लागू नहीं होगा। इन ब्रांचों में उम्मीदवार की **श्रेणीवार मेरिट के आधार पर ब्रांच में स्थान की उपलब्धता होने** पर प्रवेश दिया जा सकेगा।

प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हताएं :-

1. **शैक्षणिक** :- मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत 10वीं कक्षा परीक्षा **विज्ञान (भौतिक एवं रसायन) तथा गणित** विषयों में सम्मिलित रूप से न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुये उत्तीर्ण करना आवश्यक है।
2. **आवश्यक** :- म.प्र. के मूल निवासी होना चाहिए।
3. **आयु** :- 1 जनवरी 2020 को 16 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए।
4. **दिव्यांगता :- जिला चिकित्सा मंडल द्वारा प्रमाणित कम से कम 40% दिव्यांगता का वैध प्रमाण पत्र।**
5. **पात्रता** :- अधीक्षक, भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के विकलांग व्यवसायिक पुनर्वास केन्द्र, नेपियर टाउन जबलपुर द्वारा आवेदित पाठ्यक्रम हेतु पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक होगा।
6. **शारीरिक क्षमता (अपेक्षित)** :-
   (1) अस्थिरोग बाधित ऐसे (दिव्यांगजन) जो बैसाखी या अन्य उपकरणों की सहायता से आने जाने में सक्षम हों।
   (2) **श्रवणबाधित एवं मूकबधिर न हों।**
   (3) **हाथ/हाथों से कार्य करने में सक्षम हों।**
   (4) कमजोर नजर वाले, लेंस आदि की सहायता से देखने में सक्षम हों **(पूर्णतः दृष्टिहीन न हों)**
7. आरक्षित सीटों के लिये मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों के लिये न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक नहीं है, लेकिन आरक्षित श्रेणी के प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों के लिये अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। सक्षम अधिकारी द्वारा श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र आवश्यक होगा।

चयन प्रक्रिया

1. अर्हकारी परीक्षा 10वीं/समकक्ष के विज्ञान एवं गणित में प्राप्तांकों के आधार पर श्रेणीवार मेरिट सूची बनाई जावेगी। **जिसका आधार पी.पी.टी. एवं नान पी.पी.टी. नियम पुस्तिका के अनुसार होगा।** 2. प्रवेश के समय काउंसलिंग की जावेगी जिसमें उनकी शारीरिक क्षमताओं का भी आकलन विशेषज्ञों द्वारा किया जावेगा। उसमें सक्षम पाये जाने पर ही मेरिट के आधार पर ब्रांच में स्थान उपलब्ध होने पर ही प्रवेश दिया जा सकेगा। 3. किसी भी श्रेणी में उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर श्रेणी परिवर्तन की सामान्य प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

प्रथम काउंसलिंग की तिथि :- 09.11.2020 (सोमवार) रिपोर्टिंग समय दोप. 12 बजे तत्पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया तत्समय उपलब्ध सीटों पर आवंटन किया जायेगा। प्रथम काउंसलिंग 09.11.2020 के रिक्तियां होने की दशा में द्वितीय काउंसलिंग की तिथि :- 11.11.2020 शुक्रवार को उल्लेखित समय में होगी। **संस्था के कॉन्फ्रेन्स हॉल में** आवेदक उक्त काउंसलिंग की तिथि को मूल प्रमाण-पत्रों एवं फोटो कॉपी लेकर उपस्थित होंगे। प्रवेश संबंधी अंतिम निर्णय आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल का ही मान्य होगा।

जी-15262/44627/2020 प्राचार्य

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
जय स्तंभ चौक के पास, जिला उमरिया (म.प्र.)

एनआईटी नं. 28/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./4238 **रीवा, दिनांक 28.10.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. उमरिया अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की सुपरवीजन एवं क्वालिटी कंट्रोल हेतु एस.क्यू.सी. कंसल्टेंसी का कार्य जिला उमरिया (म.प्र.) (द्वितीय आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2020_PWPIU_112908_1	उमरिया	108.49	108490/-	12500/-	24 माह वर्षाकाल सहित	-

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेविट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 28.10.2020 समय 09.00 AM से **दिनांक 13.11.2020 समय 6.00 PM तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री

जी-15285/44628/2020 **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., जिला-उमरिया (म.प्र.)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in

फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 759/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेण्डरिंग/ **भोपाल, दिनांक 02.11.2020**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 08.12.2020 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_112914	**टर्न की पद्धति पर** :- बाणसागर परियोजना अंतर्गत क्योटी मुख्य नहर की सिरमौर वितरक नहर अंतर्गत 09 नग शाखा/उपशाखा नहरों के मिट्टी एवं पक्के स्ट्रक्चरों का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	रीवा	1412.82
2.	2020_WRD_112915	**टर्न की पद्धति पर** :- बाणसागर बांध से निकाली गई उच्चस्तरीय बहुती नहर प्रणाली (टनल कार्य छोड़कर) का शेष निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	रीवा	28274.81

जी-15288/44629/2020 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बड़वानी (म.प्र.)

E-mail : eephedbar@mp.nic.in, Tel & Fax - 07290-224203

नि.आ.सू.क्र./22/निविदा/का.यं./लोस्वायां/20-21 **बड़वानी, दिनांक 28.10.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/** पर बड़वानी जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (PAC) रु. लाख में	धरोहर राशि (EMD) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
22/20-21 dt. 28.10.20	2020_PHED_112678_1	बड़वानी	3	304.70	304702/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत
	2020_PHED_112692_1	निवाली	1	211.33	211338/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
	2020_PHED_112683_1	निवाली	2	413.37	413375/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
	2020_PHED_112661_1	राजपुर	9	410.33	410333/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
	2020_PHED_112676_1	राजपुर	4	358.36	358369/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
	2020_PHED_112663_1	ठीकरी	6	304.52	304525/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि :- 12.11.2020 15.00 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि :- **12.11.2020 15.00 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि :- 13.11.2020 16.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर जरूर देखें।

कार्यपालन यंत्री

जी-15291/44630/2020 **लो.स्वा.यां. खण्ड बड़वानी**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

आयुक्त आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश

क्रमांक/MP-SARAS/E-Tender/511/1405 **भोपाल, दिनांक 02.11.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना

सचिव मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसिडेन्सियल एकेडमिक सोसाइटी (MP-SARAS) द्वारा ऑनलाइन निविदा के माध्यम से लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई मध्यप्रदेश भोपाल के S.O.R. (01.08.2014 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्था अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	कार्य का नाम	ऑनलाइन निविदा का क्रमांक	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्णता का समय
1.	गुरूकुलम आवासीय विद्यालय भोपाल में पूर्व से निर्मित छात्रावास एवं शाला भवन में रेनोवेशन एवं लघु निर्माण का कार्य तथा पूर्व से निर्मित आवासों को G एवं E Type आवास गृह में परिवर्तन निर्माण कार्य।	2020_TAD_112883_1	161.40 लाख	161400 रुपये	12500 रुपये	06 माह

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **mptenders.mp.gov.in** पोर्टल पर दर्शित तिथि तक क्रय की जा सकती है।
2. निविदा का विस्तृत विवरण पोर्टल पर देखा जा सकता है।
3. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल ऑनलाइन पोर्टल पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

उपायुक्त

जी-15287/44631/2020 **आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड टीकमगढ़ (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर टीकमगढ़ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलु कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
35/2021-22	2020_PHED_113026_1	जतारा	01	212.22	212220/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल छोड़कर	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज मय धरोहर राशि के **दिनांक 09.11.2020 सायं 5.30 बजे तक** ऑनलाइन ही अपलोड किये जावेंगे। ऑफलाइन प्राप्त दस्तावेजों या एफ.डी.आर. वाले निविदा प्रपत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। समस्त विवरण **http://mptenders.gov.in** वेबसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय किये जा सकते हैं एवं निविदा दरें ऑनलाइन ही प्रस्तुत करनी होंगी। समस्त प्रक्रिया "की डेट्स" अनुसार करनी होगी। भविष्य में निविदा आमंत्रण सूचना में किये जाने वाले संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे। समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित नहीं किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री

जी-15301/44633/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, टीकमगढ़ (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड टीकमगढ़ (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर टीकमगढ़ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलु कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
36/2021-22	2020_PHED_113027_1	टीकमगढ़, बल्देवगढ़	06	217.14	217140/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल छोड़कर	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज मय धरोहर राशि के **दिनांक 20.11.2020** सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन ही अपलोड किये जावेंगे। ऑफलाइन प्राप्त दस्तावेजों या एफ.डी.आर. वाले निविदा प्रपत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। समस्त विवरण **http://mptenders.gov.in** वेबसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय किये जा सकते हैं एवं निविदा दरें ऑनलाइन ही प्रस्तुत करनी होंगी। समस्त प्रक्रिया "की डेट्स" अनुसार करनी होगी। भविष्य में निविदा आमंत्रण सूचना में किये जाने वाले संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे। समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित नहीं किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री

जी-15300/44632/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, टीकमगढ़ (म.प्र.)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर (म.प्र.)

Mail ID : eephseh@nic.in, Fax No. : 07562-224092, Tel. No. : 07562-224092

NEW BUS STAND SEHORE - 466001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 27/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायांवि/2020-21 **सीहोर, दिनांक 03.11.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

निविदा क्रमांक	कार्य	अनुमानित लागत (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PHED_112956_1	सीहोर जिले के विकासखण्ड नसरुल्लागंज के ग्राम मोयाझीर, सिराली, सेमलपानी कदीम (शाला रोड) एवं खजुरी टप्पर में नलजल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन का कार्य।	6780762/-	67808/-	10000/-	09 माह

क्र.	कार्यक्रम का विवरण	निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय
01	ऑनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक	**17.11.2020, 05.30**
02	बिड ओपनिंग दिनांक	19.11.2020, 11.30

कार्यपालन यंत्री

जी-15311/44634/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सीहोर (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सागर (म.प्र.)

दूरभाष : 07582-224269, E-mail : eephe_sagar@yahoo.co.in

संक्षिप्त निविदा सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अध्यक्ष जिला जल एवं स्व. मिशन सागर से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर ई-टेंडरिंग लिफाफा पद्धति से सागर जिले के विकासखण्ड रहली में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल योजना हेतु ऑनलाइन निविदा **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। ये मात्र संक्षिप्त सूचना है। निविदाकार को सलाह दी जाती है कि निविदा में भाग लेने के पूर्व विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन भी कर लें :-

सं. क्र.	निविदा क्रमांक एवं दिनांक	ई-टेण्डर क्रमांक	ग्राम	कार्य की अनु. लागत रुपये (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति समूह	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि
1.	क्र. 153/02.11.2020	2020_PHED_112978_1	बड़खेड़ा सिकन्दर	51.57	51570/-	रु. 10000/-	16.11.2020 सायं 5:30 बजे तक
2.	क्र. 154/02.11.2020	2020_PHED_112979_1	छपरा	50.38	50380/-	रु. 10000/-	
3.	क्र. 155/02.11.2020	2020_PHED_112980_1	छिरारी	76.75	76750/-	रु. 10000/-	
4.	क्र. 156/02.11.2020	2020_PHED_112981_1	मोहली	49.31	50000/-	रु. 5000/-	

समस्त विवरण http://www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय व प्रस्तुत करनी होगी। समस्त प्रक्रिया की डेट्स अनुसार होगी। भविष्य में यदि कोई निविदा आमंत्रण सूचना में संशोधन होता है तो वह ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे अर्थात समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित नहीं होंगे।

सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्व. मिशन
एवं कार्य. यंत्री, लो.स्वा.यां. खंड सागर

जी-15316/44636/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सागर (म.प्र.)

दूरभाष : 07582-224269, E-mail : eephe_sagar@yahoo.co.in

संक्षिप्त निविदा सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अध्यक्ष जिला जल एवं स्व. मिशन सागर से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर ई-टेंडरिंग लिफाफा पद्धति से सागर जिले के विकासखण्ड रहली में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल योजना हेतु ऑनलाइन निविदा **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। ये मात्र संक्षिप्त सूचना है। निविदाकार को सलाह दी जाती है कि निविदा में भाग लेने के पूर्व विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन भी कर लें :-

सं. क्र.	निविदा क्रमांक एवं दिनांक	ई-टेण्डर क्रमांक	ग्राम	कार्य की अनु. लागत रुपये (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति समूह	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि
1.	क्र. 147/02.11.2020	2020_PHED_112931_1	बड़खेड़ा	19.93	39860/-	रु. 2000/-	16.11.2020 सायं 5:30 बजे तक
2.	क्र. 148/02.11.2020	2020_PHED_112932_1	चुहरा	17.01	34020/-	रु. 2000/-	
3.	क्र. 149/02.11.2020	2020_PHED_112934_1	धनगुआं	19.86	39720/-	रु. 2000/-	
4.	क्र. 150/02.11.2020	2020_PHED_112935_1	सहजपुरी खुर्द	7.87	15740/-	रु. 2000/-	
5.	क्र. 151/02.11.2020	2020_PHED_112936_1	सेमरा माधव	9.18	18360/-	रु. 2000/-	
6.	क्र. 152/02.11.2020	2020_PHED_112937_1	तालनपुर	11.44	22880/-	रु. 2000/-	

समस्त विवरण **http://www.mptenders.gov.in** वेबसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय व प्रस्तुत करनी होगी। समस्त प्रक्रिया की डेट्स अनुसार होगी। भविष्य में यदि कोई निविदा आमंत्रण सूचना में संशोधन होता है तो वह ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे अर्थात समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित नहीं होंगे।

सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्व. मिशन
एवं कार्य. यंत्री, लो.स्वा.यां. खंड सागर

जी-15317/44637/2020

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर (म.प्र.)

Mail ID : eephseh@nic.in, Fax No. : 07562-224092, Tel. No. : 07562-224092
NEW BUS STAND SEHORE - 466001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 24/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायांवि/2020-21 सीहोर, दिनांक 27.10.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

निविदा क्रमांक	कार्य	अनुमानित लागत (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PHED_112299_1	सीहोर जिले के विकासखण्ड आष्टा के ग्राम मैना, कुण्डियानाथु, कजलास, खडीहाट, भौरीकलां एवं मुगली में नलजल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन का कार्य।	43470924/-	434709/-	15000/-	09 माह
2020_PHED_112300_1	सीहोर जिले के विकासखण्ड आष्टा के ग्राम अरनियाराम, खाचरोद, ग्वाली, नौगांव, अरोलिया जावर एवं गवाखेड़ा में नलजल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन का कार्य।	38076508/-	380765/-	15000/-	09 माह

क्र.	कार्यक्रम का विवरण	निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय
01	ऑनलाइन विड सबमिशन की अंतिम दिनांक	**10.11.2020, 05.30**
02	विड ओपनिंग दिनांक	12.11.2020, 11.30

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सीहोर (म.प्र.)

जी-15313/44635/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

Ph. No. (07392) 244306, Email - eephedjha@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 34/प्रोक्योरमेन्ट सेल/20-21 झाबुआ, दिनांक 04.11.2020

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकारों से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर झाबुआ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्यों हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

ई टेण्डर क्रमांक	विकासखण्ड/ ग्राम का नाम	ग्रामों की संख्या	ठेके की अनु. लागत लाख में	प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
2020_PHED_113120	रामा/रामा, रजला एवं पारा	3	156.61	156610	15000	4 माह

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - **18.11.2020 17.30 बजे तक**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 18.11.2020 17.30 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 20.11.2020 13.00 बजे तक
शर्तें :- 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी। 2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर आवश्यक राशि का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।

सदस्य सचिव (DWSM) एवं
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, झाबुआ

जी-15331/44638/2020

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय प्राचार्य एवं सचिव, जनभागीदारी समिति
शासकीय माधव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)

नैक द्वारा प्रदत्त ग्रेड A
E-mail - prinmvm@yahoo.co.in, hegmseujj@mp.gov.in

विज्ञप्ति

सत्र 2020-21 में महाविद्यालय में संचालित स्ववित्तीय पाठ्यक्रम भौतिक शास्त्र एवं कम्प्यूटर विज्ञान में दो-दो अतिथि विद्वान, रसायन शास्त्र, सांख्यिकी और जन्तुविज्ञान (मत्स्य एवं मत्स्यिकी में विशेष प्रश्नपत्र सहित) में एक-एक अतिथि विद्वान एवं भौतिक शास्त्र और कम्प्यूटर विज्ञान में एक-एक अतिथि प्रयोगशाला तकनीशियन कम इन्स्ट्रक्टर हेतु सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अतिथि विद्वान/ प्रयोगशाला तकनीशियन कम इन्स्ट्रक्चर के लिये आवश्यक अर्हता उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार होगी। ये आमंत्रण जनभागीदारी समिति के हैं तथा इसी अनुसार अतिथि विद्वान हेतु प्रति माह मानदेय अधिकतम रु. 21,000/- एवं प्रयोगशाला तकनीशियन कम इन्स्ट्रक्चर हेतु मानदेय रु. 12,500/- देय होगा। आमंत्रण 29 दिनों के लिये रहेगा, उसके बाद पुनः आवश्यकतानुसार पुनरावृत्ति की जाती रहेगी।
अतिथि विद्वानों की संख्या उपलब्ध संसाधनों एवं प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्यानुसार परिवर्तनीय होगी तथा अन्य नियम एवं शर्तें जनभागीदारी समिति अनुसार होंगी।
नोट : आवेदन पत्र कार्यालय में हार्ड कॉपी में जमा करने की **अंतिम दिनांक विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस** रहेगी। अपूर्ण एवं समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्राचार्य एवं सचिव जनभागीदारी समिति

जी-15353/44640/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज, जिला रीवा (म.प्र.)

E-Mail - eephemauganjrewa@gmail.com

निविदा सूचना क्र. 08/20-21/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./20 मऊगंज, दिनांक 05.11.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर रीवा जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज के अंतर्गत विकासखण्ड मऊगंज, हनुमना एवं नईगढ़ी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ट्यूबवेल पर आधारित उच्चस्तरीय टंकी एवं सम्पवेल, राइजिंग मेन एवं वितरण नलिका रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिवल मोटर पंप की स्थापना, विद्युत पावर कनेक्शन, घरेलू नल कनेक्शन एवं मिनी पम्प हाउस का निर्माण कार्य तथा 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
08/ Dt. 05.11.20	113247	मऊगंज	2	61.15	61150/-	10000/-	06 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
	113248	हनुमना	6	252.49	252490/-	15000/-		
	113250	नईगढ़ी	2	169.08	169080/-	15000/-		

1. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि **19.11.2020 17.30 बजे**
2. ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 19.11.2020 17.30 बजे
3. ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि 23.11.2020 15.00

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज, जिला रीवा (म.प्र.)

जी-15363/44641/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, फैक्स - 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर बैतूल जिले के विभिन्न विकासखण्ड मुलताई के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन तथा आर.सी.सी. उच्चस्तरीय जल संग्रहण टंकी निर्माण कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
119/20-21/ Dt. 05.11.20	113243	मुलताई	5	233.64	233640	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभ तिथि - 06.11.2020 11.00 बजे।
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 16.11.2020 17.30 बजे।
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 16.11.2020 17.30 बजे।
ऑनलाइन निविदा दर-खोलने की तिथि - 18.11.2020 15.00 बजे।
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दशाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, बैतूल (म.प्र.)

जी-15365/44642/2020

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

विश्व सुनामी जागरूकता दिवस 05 नवम्बर

WORLD TSUNAMI AWARENESS 5 NOVEMBER DAY

पूर्व तैयारी और तकनीक के सदुपयोग से कम हो सकती है आपदाओं में हानि

UNDRR
UN Office for Disaster Risk Reduction

जब भी दुनिया की सबसे भयावह आपदा या त्रासदी की बात होती है, उसमें सुनामी का जिक्र जरूर होता है। यह तबाही इतनी भयानक थी कि लाखों लोग इससे प्रभावित हुए। संयुक्त राष्ट्र के उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि पिछले 100 वर्षों में सुनामी की लगभग 58 विभिन्न घटनाएं घटित हुई हैं। इन 58 आपदाओं में लगभग 2 लाख 60 हजार लोगों ने जानें गंवाई हैं, इसका अगर औसत निकालते हैं तो हम पाएंगे कि प्रति आपदा लगभग 4600 लोग काल के गाल में समा गए थे। कहा जाता है कि सुनामी में जितनी मौतें हुई हैं उतनी मौतें आज तक अन्य किसी प्राकृतिक हादसे में नहीं हुई हैं। आपदा प्रबंधन के जानकार कहते हैं कि यदि समय रहते लोगों को आपदाओं के प्रति जागरूक कर दिया जाए तो इससे जान-माल के नुकसान में भारी कमी हो सकती है। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व सुनामी जागरूकता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष पांच नवंबर को पांचवां वर्ल्ड सुनामी अवेयरनेस डे मनाया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र या यूएन के विशेषज्ञों का मानना है कि वर्ष 2030 तक दुनिया की लगभग आधी आबादी ऐसे समुद्री तटवर्ती इलाके में रह रही होगी जहां बाढ़, तूफान और सुनामी आने की आशंका रहेगी। इन पूर्वानुमानों को ध्यान में रखते हुये सुनामी के प्रति लोगों में जितनी ज्यादा जागरूकता रहेगी, आपदा से होने वाली क्षति में उतनी ज्यादा कमी होगी।

जापान से निकला था इस दिवस का विचार, 2015 में यूएन महासभा ने पारित किया प्रस्ताव

वर्ष 2004 के दिसंबर महीने में हिंद महासागर (Indian Ocean) में आए सुनामी तूफान ने भयानक तबाही मचाई थी, इसमें 14 देशों के लगभग 2 लाख 27 हजार लोगों की मौत हुई थी। 2004 में आई इस तबाही से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले मुल्कों में इंडोनेशिया, श्रीलंका, भारत और थाईलैंड थे। इस भयंकर आपदा के तीन सप्ताह बाद जापान के ह्योगो (Hyogo region) रीजन में कोबे (Kobe) नामक जगह पर वैश्विक समुदाय एकत्रित हुआ, इस दौरान सरकारों ने 10 वर्ष के लिये एक ग्लोबल एग्रीमेंट स्वीकार किया जिसमें आपदाओं के जोखिमों को कम करने की बात कही गई थी। इसे ह्योगो फ्रेमवर्क फॉर एक्शन (Hyogo Framework for Action 2005-2015) भी कहा जाता है।

इस दौरान जापान के कोबे में इंडियन ओशन सुनामी वॉर्निंग एंड मिशिगेशन सिस्टम (IOTWS : Indian Ocean Tsunami Warning and Mitigation System) पर भी सहमति बनी थी। आईओटीडब्ल्यूएस एक इंटरगवर्नमेंटल को-ऑर्डिनिशेन है जो 26 दिसंबर 2004 को अस्तित्व में आया था। इसके बाद मार्च 2015 में जापान के सेंडाई में आपदा के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से आयोजित संयुक्त राष्ट्र की तीसरी वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में ह्योगो फ्रेमवर्क को सफल बनाने के लिये 15 वर्षीय सेंडाई फ्रेमवर्क (Sendai Framework) लाया गया। आपदा पर चिंतन करते हुये ही वर्ष 2015 के अंत में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 22 दिसंबर के दिन वर्ल्ड सुनामी अवेयरनेस डे (World Tsunami Awareness Day) का प्रस्ताव पारित हुआ, इसमें यह निर्णय लिया गया कि 05 नवंबर को वर्ल्ड सुनामी अवेयरनेस डे मनाया जाएगा। तब से हर वर्ष 05 नवंबर को यह दिवस मनाया जा रहा है।

- वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 नवंबर के दिन को विश्व सुनामी जागरूकता दिवस मनाने का निर्णय लिया था।

जापानी शब्द से तैयार हुआ "सुनामी"

जापान एक ऐसा देश है जिसने कभी रुकना सीखा ही नहीं, इसकी भौगोलिक स्थिति के कारण यहां कई तरह की प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिली हैं। जापान ने दुनिया की सबसे भयावह परमाणु विस्फोट आपदा भी झेली है, लेकिन यह देश कभी पीछे नहीं रहा। दुनिया के साथ हमेशा दौड़ता रहा। यहां समुद्री तूफान, चक्रवात, बाढ़, सुनामी और ज्वालामुखी विस्फोट जैसी प्राकृतिक विपदाएं आ चुकी हैं। जापान इन सबके बावजूद बड़ी तेजी से खुद को तैयार करता है, पुनर्निर्माण पर जोर देता है और अपनी यहां की जिंदगी को पुनः पहले से ज्यादा बेहतर स्थिति पर खड़ा करता है।

सुनामी (Tsunami) शब्द का अगर विश्लेषण करें तो यह जापानी भाषा के दो शब्दों सु (tsu) और नामी (nami) से मिलकर बना है, जापान में सु (tsu) का अर्थ बंदरगाह और नामी (nami) का मतलब लहर से है। इस प्रकार सुनामी को बंदरगाह की लहर भी कहा जाता है।

क्या है सुनामी

सुनामी पानी के अंदर होनी वाली अशांति से निर्मित लहरों की श्रृंखला है, जो आमतौर पर समुद्र के नीचे या उसके आस-पास आने वाले भूकंप के कारण पैदा होती हैं। इसके अलावा ज्वालामुखी विस्फोट, सबमरीन लैंडस्लाइड्स और तटीय चट्टानों के गिरने से भी सुनामी आ सकती है। इन वजहों से सुनामी इसलिये पैदा होती है, क्योंकि इससे समुद्र के एक बड़े हिस्से या बड़े पैमाने में पानी का द्रव्यमान प्रभावित होता है। सुनामी लहरें पानी की दीवार जैसी होती हैं, हर पांच से 60 मिनट में पैदा होने वाली ये लहरें घंटों तक खतरा पैदा कर सकती हैं। सुनामी में पहली लहर सबसे बड़ी लहर नहीं होती है, आमतौर पर दूसरी, तीसरी, चौथी या इसके बाद की ही लहरें बड़ी होती हैं।

सुनामी के प्रमुख कारण

- भूकंप
- लैंडस्लाइड या भूस्खलन
- ज्वालामुखी विस्फोट
- अलौकिक या वायुमंडल के बाहर पैदा हुये टकराव

पूर्वानुमान से खतरा कम हुआ है, लेकिन टला नहीं

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने अपने एक संदेश में कहा था कि दुनियाभर में तमाम समुद्रों के मिजाज को पहले से भांपने वाली तकनीकी में बेहतरी आई है, जिसके परिणामस्वरूप बहुत सी जानें बचाई जा सकी हैं। लेकिन बावजूद इसके खतरा अभी भी बहुत बड़ा है। जलवायु संकट के कारण समुद्रों का बढ़ता जलस्तर सुनामी की तबाही क्षमता को और ज्यादा बढ़ा सकता है। ऐसे में हमें यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि दुनिया में ऐसे लगभग 68 करोड़ लोग हैं जो ऐसे समुद्री तटवर्ती इलाकों में रहते हैं और इनका सतही स्तर काफी नीचा है।

- जलवायु परिवर्तन पर अंतर्सरकारी पैनल (आईपीसीसी) द्वारा सितंबर 2019 में प्रस्तुत एक रिपोर्ट में दुनियाभर में तापमान वृद्धि, जल आपूर्ति में बदलाव और जलवायु संकट की गहनता की तरफ ध्यान आकर्षिक किया गया है। इसी संदर्भ में यह संभावना व्यक्त की गई है कि वर्ष 2050 तक समुद्रों के बढ़ते जलस्तर से संबंधित कम से कम एक घटना हर साल घटित होगी।

यूएनडीआरआर (UNDRR)

आपदा जोखिम को कम करने के क्षेत्र में काम करने वाले संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय को UNDRR कहते हैं, इसका पूरा नाम यूनाइटेड नेशन ऑफिस फॉर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (United Nations Office for Disaster Risk Reduction) है। इसके द्वारा ही विभिन्न आपदाओं पर काम किया जाता है। सेंडाई फ्रेमवर्क पर कार्यान्वयन कराने की जिम्मेदारी इसी पर है, सहयोगी देशों के साथ समन्वय बनाकर इस फ्रेमवर्क को सपोर्ट करने के साथ-साथ मॉनीटर करने का कार्य भी यूएनडीआरआर करता है, इसके अलावा

नई आपदाओं के जोखिम को कम करने लिये क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इस पर भी यह काम करता है।

- यूएनडीआरआर का हेडक्वार्टर यानी मुख्यालय जेनेवा में स्थित है।
- मामी मिजोतुरी (Mami Mizutori) यूएनडीआरआर की प्रमुख होने के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के आपदा जोखिम प्रबंधन प्रमुख भी हैं।

इस साल सेंडाई सेवन अभियान को प्रमोट करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा यह दिवस

वर्ष 2020 का वर्ल्ड सुनामी अवेयरनेस डे सेंडाई सेवन अभियान (Sendai Seven Campaign) के लक्ष्यों को प्रचारित करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। इस दिन सेंडाई सेवन के टारगेट को बड़े स्तर पर प्रमोट किया जाएगा।

क्या है सेंडाई सेवन अभियान

वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र (UNDRR पहले UNISDR) द्वारा डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुये सेंडाई सेवन कैंपेन प्रारंभ किया गया था। इस अभियान का नाम जापान के उत्तरी हिस्से के सेंडाई शहर के नाम पर रखा गया है। इस अभियान में सात लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, जिन्हें सात वर्षों के अनुसार बांटा गया है। इसके सात प्रमुख लक्ष्य इस प्रकार से हैं:- पहला, वर्ष 2030 तक 2005-2015 की अवधि के मुकाबले 2020-2030 के दशक में औसत वैश्विक मृत्यु दर को प्रति एक लाख तक कम करना। दूसरा, वर्ष 2030 तक 2005-2015 की अवधि की तुलना में 2020-2030 के दशक में वैश्विक रूप से आपदा प्रभवित लोगों की औसत संख्या को प्रति एक लाख तक कम करना। तीसरा, वर्ष 2030 तक वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के संबंध में प्रत्यक्ष आपदा से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करना। चौथा, वर्ष 2030 तक आपदा से होने वाली क्षति तथा साथ ही स्वास्थ्य और शैक्षिक सुविधाओं तथा महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और बुनियादी सेवाओं में व्यवधान को कम करना। पांचवां, वर्ष 2020 तक राष्ट्रीय और स्थानीय आपदा जोखिम में कमी की रणनीति अपनाने वाले देशों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करना। छठवां, वर्ष 2030 तक इस फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन के लिये अपने राष्ट्रीय कार्यों की पूर्ति हेतु पर्याप्त और सतत समर्थन के माध्यम से विकासशील देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और सातवां लक्ष्य है वर्ष 2030 तक मल्टी-हैजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम और आपदा जोखिम की जानकारी तथा आकलन की उपलब्धता में पर्याप्त वृद्धि करके लोगों की पहुंच इन तक सुनिश्चित करना।

भारत में सुनामी चेतावनी प्रणाली और सुनामी रेडी प्रोग्राम

भारत में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (Ministry of Earth Sciences) के अंतर्गत वर्ष 2007 अक्टूबर माह में एक अत्याधुनिक सुनामी चेतावनी प्रणाली स्थापित की गई थी। भारतीय सुनामी पूर्व चेतावनी केन्द्र 15 अक्टूबर 2007 से कार्यरत है। अब यह क्षेत्रीय सुनामी सेवा प्रदाता (आरटीएसपी) बन गया है। इस प्रणाली में सहयोगी संस्थाओं में भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (हैदराबाद), राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान, (एनआईओटी चेन्नई) और एकीकृत तटीय एवं समुद्री क्षेत्र प्रबंधन परियोजना निदेशालय (चेन्नई) शामिल हैं। इस प्रणाली का उद्देश्य हिंद महासागर में आने वाले संभावित सुनामीजनित भूकंपों का पता लगाना, स्थानों की पहचान करना तथा इसके परिमाणों का निर्धारण करते हुये 24x7 सलाह प्रदान करना है।

- भारतीय सुनामी प्रारंभिक चेतावनी केंद्र-भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईटीईडब्ल्यूसी-आईएनसीओआईएस) भारत को सुनामी की चेतावनी प्रदान करने वाली नोडल एजेंसी है। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, आईओसी-यूनेस्को द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी वाले सुनामी सेवा प्रदाताओं के रूप में हिंद महासागर क्षेत्र के लगभग 25 देशों को सुनामी सलाह भी प्रदान कर रहा है।
- वर्ष 2019 में भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा चेन्नई के लिये तटीय बाढ़ चेतावनी प्रणाली एप लॉन्च किया गया था, यह एप राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएफएलओडब्ल्यूएस-चेन्नई) द्वारा विकसित किया गया है।
- भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र में आईटीईडब्ल्यूसी द्वारा आईओवेव सुनामी मॉक अभ्यास का भी आयोजन किया जाता है, जिसे आईसीजी/आईओटीडब्ल्यूएमएस के साथ समन्वय में किया जाता है।

सुनामी रेडी या सुनामी तैयारी एक सामुदायिक प्रदर्शन आधारित कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम यूनेस्को के अंतर-सरकारी समुद्र विज्ञान आयोग (IOC) द्वारा सुनामी तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुनामी आपातकाल स्थितियों के लिए तटीय समुदाय की तैयारियों में सुधार लाना है। इससे लोगों के जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम किया जा सकेगा। भारत में सुनामी रेडी के कार्यान्वयन को लागू करने और उसकी निगरानी करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओ-आईएस) के निदेशक की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय बोर्ड की स्थापना की है, जिसमें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह आपदा प्रबंधन निदेशालय और भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र के सदस्यों को शामिल किया गया है।

सुनामी रेडी प्रोग्राम को लागू करने वाला भारत दुनिया का पहला देश और ओडिशा पहला राज्य

ओडिशा में ओएसडीएमए यानी कि ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जगतसिंहपुर जिले के नोलियाशाही और गंजम जिले के वेंकटरायपुर नामक दो गांवों में सुनामी रेडी कार्यक्रम लागू कर दिया है। राष्ट्रीय बोर्ड ने दिशा-निर्देशों के अनुसार इन गांवों में संकेतकों के कार्यान्वयन के सत्यापन के बाद, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करने का फैसला किया और मान्यता प्रदान करने के लिए यूनेस्को-आईओसी के पास सिफारिश की। राष्ट्रीय बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर यूनेस्को-आईओसी ने वेंकटरायपुर और नोलियाशाही को सुनामी रेडी कम्युनिटी के तौर पर मान्यता देने की मंजूरी दे दी है। इस मान्यता के मिलते ही हिंद महासागर क्षेत्र में सुनामी रेडी प्रोग्राम लागू करने वाला भारत पहला देश और ओडिशा पहला राज्य बन गया है।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी की गई हालिया एक रिपोर्ट के अनुसार 21वीं शताब्दी के पहले 20 वर्षों में जलवायु आपदाओं में भारी बढ़ोत्तरी हुई है।
- रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो दशकों में आपदा की सात हजार से अधिक (लगभग 7,348) घटनाएं दुनियाभर में दर्ज की गई हैं, जिनमें 12 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है इसका अगर औसत देखें तो प्रतिवर्ष लगभग 60 हजार मौत। इन आपदाओं से लगभग चार अरब से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।
- पिछले 20 वर्षों में विभिन्न आपदाओं से वैश्विक अर्थव्यवस्था को लगभग 2.97 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।
- विगत दो दशक की त्रासदियों में 40% से ज्यादा घटनाएं बाढ़ संबंधी हैं, जिनसे एक अरब 65 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 28% तूफान संबंधी, 8% भूकम्प और 6% उच्च तापमान की घटनाएं दर्ज की गई हैं।
- दुनिया के सिर्फ 93 देशों ने ही अब तक आपदा जोखिम रणनीतियां राष्ट्रीय स्तर पर लागू की हैं।

- रश्मि रंजन
(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

यूजीसी नेट/जेआरएफ हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न

अर्थशास्त्र

1. वर्तमान मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर से अधिक होती है, क्योंकि स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर ज्ञात करते समय निम्न में से ..... तत्व का ध्यान रखा जाता है?
(अ) जनसंख्या वृद्धि की दर
(ब) मूल्य स्तर की वृद्धि दर
(स) मुद्रास्फीति की दर
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (ब)

व्याख्या- मूल्य स्तर की वृद्धि दर को वर्तमान मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर में से घटाया जाता है।

2. भारत में उदारीकरण के युग का प्रारम्भ हुआ था?
(अ) कर दरों में महत्वपूर्ण कटौती के साथ
(ब) औद्योगिक लाइसेंस नीति में वास्तविक बदलाव के साथ
(स) भारतीय रुपये की परिवर्तन शीलता के साथ
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (ब)

व्याख्या-1991 में औद्योगिक नीति में परिवर्तन किया गया, जिसके तहत निजी क्षेत्र के उद्योगों को बढ़ावा दिया गया तथा उदारीकरण का युग प्रारंभ हुआ।

3. भारतीय रिज़र्व बैंक?
(अ) केन्द्र सरकार का बैंकर है
(ब) मौद्रिक नीति बनाता और लागू करता है
(स) भारत सरकार के ऋणदान कार्यक्रम को संचालित करता है
(द) उपरोक्त सभी कार्य करता है

उत्तर - (द)

व्याख्या- भारतीय रिज़र्व बैंक उपरोक्त सभी कार्य करता है।

4. निम्न में से कौनसी परिस्थिति 'पूंजीगत लाभ' के अंतर्गत आती है?
(अ) किसी उत्पाद की बिक्री में वृद्धि होना
(ब) किसी सम्पत्ति के मूल्य में प्राकृतिक वृद्धि होना
(स) किसी पेंटिंग के मूल्य में लोकप्रियता के कारण वृद्धि होना
(द) ब एवं स

उत्तर - (द)

व्याख्या- पूंजीगत लाभ से तात्पर्य होता है क्रय मूल्य एवं विक्रय मूल्य में सकारात्मक अंतर होना।

5. बैंकरों के बैंक के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक निम्न में से कौनसी भूमिका निभाता है?
(अ) वाणिज्यिक बैंकों की निधि को अपने पास संचित रखना
(ब) आवश्यकता के समय वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देना
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (स)

6. भुगतान संतुलन क्या है?
(अ) एक देश से दूसरे देश को पूंजी का संचालन।
(ब) किसी वर्ष में एक देश द्वारा निर्यात की गई वस्तुओं का लेखा।
(स) दो देशों की सरकारों के मध्य लेखा।
(द) एक वर्ष में किसी देश का समस्त आयात व निर्यात का लेन-देन।

उत्तर - (द)

व्याख्या- यह समस्त आयातों व निर्यातों (वस्तुओं एवं सेवाओं) का व्यवस्थित अभिलेख होता है।

7. डिबेंचर धारक किसी कम्पनी के...?
(अ) मालिक (शेयर धारक) होते हैं
(ब) लेनदार होते हैं
(स) देनदार होते हैं
(द) निदेशक होते हैं

उत्तर - (ब)

व्याख्या- डिबेंचर धारक कम्पनी को ऋण देते हैं, जिसे कम्पनी को वापिस करना होता है।

8. निम्न में से कौनसा बैंक राष्ट्रीयकृत नहीं है?
(अ) कॉर्पोरेशन बैंक
(ब) देना बैंक
(स) बैंक ऑफ इंडिया
(द) फेडरल बैंक

उत्तर - (द)

9. राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंध अधिनियम किससे संबंधित है?
(अ) केवल राजकोषीय घाटे से
(ब) केवल बजटीय घाटे से
(स) राजकोषीय तथा राजस्व घाटे से
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर -(स)

10. तारापोर समिति किससे संबंधित है?
(अ) पूर्ण पूंजी लेखा संपरिवर्तनीयता
(ब) वित्तीय सुधार
(स) बैंकिंग सुधार
(द) विशेष आर्थिक क्षेत्र

उत्तर - (अ)

11. संयुक्त राष्ट्र मुद्रा और वित्तीय सम्मेलन जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, पुनर्निर्माण और विकास बैंक के गठन के लिये समझौतों पर हस्ताक्षर हुये थे, वह कहां पर हुआ था?
(अ) ब्रिटेन-वुड्स
(ब) माल्टा
(स) वाशिंगटन
(द) युगांडा

उत्तर - (अ)

12. कृषि एवं सहगतिविधियों को ऋण वितरण के लिये निम्न में से किस संस्था की सबसे अधिक हिस्सेदारी है?
(अ) सहकारी बैंक
(ब) वाणिज्यिक बैंक
(स) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(द) इनमें से कोई भी नहीं

उत्तर - (ब)

13. बंद अर्थव्यवस्था से तात्पर्य है?
(अ) विश्व के साथ किसी भी तरह का लेन-देन नहीं
(ब) केवल निर्यात नहीं होना
(स) केवल आयात नहीं होना
(द) मुद्रापूर्ति पर सरकार का नियंत्रण

उत्तर - (अ)

व्याख्या- जब किसी भी देश के साथ न तो निर्यात किया जाता है और न ही आयात, तो वह बंद अर्थव्यवस्था होती है।

14. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के संबंध में निम्न में से कौनसा कथन सत्य है?
(अ) यह सदस्य देशों को ऋण प्रदान करता है
(ब) यह विकसित देशों को ऋण प्रदान करता है
(स) यह सभी देशों को ऋण प्रदान करता है
(द) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

उत्तर - (अ)

व्याख्या- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष केवल सदस्य देशों को ऋण उपलब्ध करवाता है।

15. वित्तीय समावेशन प्राप्त करने के लिये भारत में कौन-कौन से उपाय अपनाये गये हैं?
(अ) बैंकों का राष्ट्रीयकरण
(ब) क्षेत्रीय बैंकों का गठन
(स) बैंकों द्वारा गांवों को गोद लेना
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (द)

16. शेयर बाजार में मंदड़िया शब्द किसका सूचक होता है?
(अ) उस व्यक्ति का जो यह सोचता है कि अमुक प्रतिभूति की कीमतें गिरने वाली हैं।
(ब) उस व्यक्ति का जो यह सोचता है कि अमुक प्रतिभूति की कीमतें बढ़ने वाली हैं।
(स) कर्जदाता का
(द) बांडधारक का

उत्तर - (अ)

व्याख्या- जो कीमतें गिरने की सोचता है वह मंदड़िया और जो कीमतें बढ़ने की सोचता है वह तेजड़िया।

17. सूक्ष्म वित्त (माइक्रो फाइनेन्स) निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों को कौनसी वित्तीय सेवायें प्रदान करता है?
(अ) ऋण व बचत सुविधा
(ब) बीमा सुविधा
(स) निधि अंतरण सुविधायें
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (द)

व्याख्या- सूक्ष्म वित्त के अंतर्गत समस्त वित्तीय सुविधायें प्रदान की जाती हैं।

18. किसी भी देश में आर्थिक विकास की प्रक्रिया में जनांकिकीय संक्रमण की अवस्थायें निम्न होती हैं, इन्हें क्रम से बताइये?
(1) निम्न मृत्युदर के साथ निम्न जन्मदर
(2) उच्च मृत्युदर के साथ उच्च जन्मदर
(3) निम्न मृत्युदर के साथ उच्च जन्मदर
(अ) 1,2,3 (ब) 2,3,1 (स) 2,1,3
(द) 3,2,1

उत्तर - (ब)

व्याख्या- प्रारंभ में मृत्युदर व जन्मदर दोनों उच्च होती है, फिर स्वास्थ्य सुविधाओं से मृत्युदर कम होती है और अंत में जन्म व मृत्यु दोनों दर कम हो जाती है।

19. बैंक दर में वृद्धि होने का आशय होता है?
(अ) केन्द्रीय बैंक महंगी मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है।
(ब) केन्द्रीय बैंक सस्ती मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है।
(स) ब्याज दरें कम होने वाली हैं।
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (अ)

व्याख्या- बैंक दर वह दर होती है, जिस पर केन्द्रीय बैंक, व्यापारिक बैंकों को ऋण देता है, उच्च बैंक दर से आशय है उच्च ब्याज दर।

20. जनांकिकीय लाभांश के पूर्ण लाभ को प्राप्त करने के लिये देश को क्या करना चाहिए?
(अ) कुशलता संवर्धन को प्रोत्साहन
(ब) शिशु मृत्युदर में कमी
(स) उच्च शिक्षा का निजीकरण
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (अ)

व्याख्या- जनसंख्या का सकारात्मक उपयोग कुशलता को संवर्धित करके किया जा सकता है।

21. जब भारतीय रिज़र्व बैंक नकदी रिज़र्व अनुपात में वृद्धि की घोषणा करता है, तो इसका परिणाम होता है?
(अ) वाणिज्य बैंकों के पास उधार देने के लिये नकदी की कम मात्रा
(ब) रिज़र्व बैंक के पास नकदी की कम मात्रा।
(स) सरकार के पास नकदी की कम मात्रा।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (अ)

व्याख्या- नकदी रिज़र्व अनुपात में वृद्धि से तात्पर्य है कि वाणिज्यिक बैंकों को रिज़र्व बैंक के पास जमा का अधिक प्रतिशत रिज़र्व के रूप में रखना। इससे उनके पास नकदी की कमी हो जायेगी।

22. निफ्टी-सूचकांक किससे संबंधित है?
(अ) राष्ट्रीय शेयर बाजार सूचकांक से
(ब) मुम्बई शेयर बाजार सूचकांक से
(स) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से
(द) थोक मूल्य सूचकांक से

उत्तर - (अ)

व्याख्या- राष्ट्रीय शेयर बाजार (NSE) में लिस्टेड 50 शेयर्स का यह संवेदी सूचकांक है।

23. एक राष्ट्र के धन में निम्नलिखित में से क्या सम्मिलित नहीं है?
(अ) खदान
(ब) पशुधन
(स) बांध
(द) मुद्रापूर्ति

उत्तर - (द)

व्याख्या- मुद्रापूर्ति धन में सम्मिलित नहीं होती है, क्योंकि इसे अर्जित नहीं किया गया है।

24. सेबी निम्न में से कौनसे कार्य संपादित करता है?
(अ) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों को विनियमित करना।
(ब) शेयर बाजारों से संबंधित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण कार्यों पर रोक लगाना।
(स) प्रतिभूतियों के अंतरंग व्यापार (इनसाइडर ट्रेडिंग) पर रोक लगाना।
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (द)

25. निम्नलिखित में से आर्थिक रूप से पिछड़े अल्पविकसित देशों के लक्षण कौनसे हैं?
(अ) उच्च जन्म दर
(ब) उच्च निरक्षरता
(स) कृषि पर अत्यधिक निर्भरता
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (द)

26. स्वतंत्र भारत में निम्न में से सर्वप्रथम होने वाली आर्थिक घटना है?
(अ) बीमा कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण
(ब) भारतीय स्टेट बैंक का राष्ट्रीयकरण
(स) बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट
(द) पहली पंचवर्षीय योजना का लागू होना

उत्तर - (स)

व्याख्या- बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 में लागू हुआ, जबकि भारतीय स्टेट बैंक का राष्ट्रीयकरण 1955 में, प्रथम पंचवर्षीय योजना 1951 में, बीमा कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण 1959 में हुआ।

27. लीड बैंक योजना का प्रमुख उद्देश्य है?
(अ) प्रत्येक राष्ट्रीयकृत बैंक सघन विकास के लिये पृथक-पृथक जिलों को अपनायें।
(ब) राष्ट्रीयकृत बैंक आपस में प्रतियोगिता करें।
(स) प्रत्येक बैंक हर जिले में अपनी शाखा प्रारम्भ करें।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (अ)

व्याख्या- ताकि सम्पूर्ण देश का विकास हो सके।

28. निम्न में से किसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में मुद्रा की आपूर्ति बढ़ेगी?
(अ) केन्द्रीय बैंक द्वारा लोगों से सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय करना
(ब) केन्द्रीय बैंक द्वारा लोगों को सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय करना
(स) लोगों द्वारा वाणिज्यिक बैंकों में नकदी जमा करना
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (अ)

29. भारतीय रिज़र्व बैंक के नोट निर्गमन विभाग के पास हर समय कम से कम कितने मूल्य का स्वर्ण, कोष में रहना चाहिये?
(अ) 85 करोड़ रुपये
(ब) 100 करोड़ रुपये
(स) 115 करोड़ रुपये
(द) 200 करोड़ रुपये

उत्तर - (स)

30. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1993 (ब) 1992
(स) 1995 (द) 2000

उत्तर - (ब)

31. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना किस आधार पर की जाती है?
(अ) चालू मूल्यों के आधार पर
(ब) स्थिर मूल्यों के आधार पर
(स) उपरोक्त दोनों आधार पर
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (स)

व्याख्या- राष्ट्रीय आय की गणना उत्पत्ति गणना विधि तथा आय विधि, दोनों विधि से दोनों आधार पर केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा की जाती है।

32. हरित क्रांति के परिणामस्वरूप देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन में निम्नलिखित में से किसका अंश कम हो गया है?
(अ) दाल (ब) चावल
(स) गेहूं (द) मोटे अनाज

उत्तर - (द)

33. निम्नलिखित में से कौनसे कार्य आर्थिक मंदी को दूर करने के 'राजकोषीय उद्दीपन पैकेज' का भाग हैं?
(अ) कर दरों में कटौती
(ब) सरकारी व्यय बढ़ाना
(स) उपदानों को समाप्त करना
(द) अ एवं ब

उत्तर - (द)

व्याख्या- कर दरों में कटौती व सरकारी व्यय बढ़ाने से जनता की क्रय शक्ति में बढ़ोत्तरी होती है, जिससे मांग बढ़ती है, जो आर्थिक मंदी को समाप्त करती है।

34. किस पंचवर्षीय योजना में भारत में औद्योगीकरण के ढ़ांचे में परिवर्तन करके भारी उद्योग के महत्व को कम करके अधोसंरचना के विकास पर जोर दिया गया था?
(अ) दूसरी (ब) छठवीं
(स) सातवीं (द) दसवीं

उत्तर - (ब)

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

पर्यावरण अध्ययन

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन होना संभावित है। इस परीक्षा में एकल प्रश्नपत्र में 150 प्रश्न 5 भागों - शिक्षा शास्त्र, भाषा-1 एवं 2, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन पर 30-30 प्रश्न होंगे। प्रश्नपत्र को 2 घंटे 30 मिनट में हल करना होगा। इसमें सम्मिलित होने वाले प्रतियोगियों की तैयारी हेतु पर्यावरण अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों के व्याख्या सहित उत्तर दिये जा रहे हैं।

1. इनमें से किस नदी में घड़ियाल अभ्यारण्य स्थित है-
अ. सोन ब. केन
स. चंबल द. उक्त सभी।

2. ओजोन गैस के क्षरण हेतु जिम्मेदार है-
अ. CO ब. CFC
स. NH_3 द. MIC

3. अंटार्कटिका पर भारत द्वारा स्थापित शोध केन्द्र का नाम है-
अ. दक्षिण गंगोत्री ब. मैत्री
स. भारती द. उक्त सभी।

4. भारत में कॉफी का सर्वाधिक उत्पादन होता है-
अ. कर्नाटक में ब. ओडिशा में
स. तेलंगाना में द. असम में।

5. सरदार सरोवर बांध किस नदी पर बना है-
अ. बेतवा ब. महानदी
स. नर्मदा द. चम्बल।

6. मध्यप्रदेश के कितने जिलों से कर्क रेखा गुजरती है-
अ. 8 ब. 12
स. 14 द. 16

7. पर्यटन नगरी मांडू में स्थित नहीं है -
अ. जहाज महल
ब. बादशाह महल
स. हिंडोला महल
द. रूपमती महल।

8. टोटो जनजाति पायी जाती है -
अ. तमिलनाडु में
ब. लक्षद्वीप में
स. मध्यप्रदेश में
द. गोवा में

9. इनमें गलत जोड़ी है -

देश	राजधानी
अ. जिम्बाब्वे	हरारे
ब. मालदीव	माले
स. फिलीपीन्स	यांगून
द. अर्जेंटीना	ब्यूनस आयर्स

10. भूमंडलीय तापन अर्थात् ग्लोबल वॉर्मिन्ग हेतु सर्वाधिक जिम्मेदार गैस है-
अ. CO_2 ब. CH
स. CFC द. N_2O

11. बायो डीजल प्राप्त होता है-
अ. जैट्रोफा से ब. वनतुलसी से
स. बेशर्म से द. धतूरा से।

12. मध्यप्रदेश का राजकीय वृक्ष है-
अ. आम ब. पीपल
स. नीम द. वरगद।

13. मध्यप्रदेश में ग्रेफाइट कहां पाया जाता है -
अ. धार में ब. बैतूल में
स. कटनी में द. सतना में।

14. मालवा की जलवायु को आदर्श जलवायु माना है -
अ. हेनसांग ने ब. गांधी जी ने
स. इब्नबतूता ने द. फाह्यान ने।

15. पिछले दो दशकों में भूमंडल के तापमान में लगभग कितनी डिग्री सेल्सियस की औसत वृद्धि हुई है-
अ. 0.5°C ब. 1°C
स. 1.5°C द. 2°C

16. फरवरी 2020 में किस शहर में बायो एशिया शिखर सम्मेलन हुआ था-
अ. हैदराबाद में ब. गुरूग्राम में
स. नई दिल्ली में द. कोलकाता में।

17. रजत क्रांति का संबंध है-
अ. अण्डा उत्पादन से
ब. चांदी भंडार में वृद्धि से
स. शक्कर उत्पादन से
द. दुग्ध उत्पादन से।

18. किस जैवशास्त्री ने साइलेंट स्प्रिंग नामक पुस्तक लिखी है-
अ. चार्ल्स डार्विन
ब. जेरेमी मेंडल
स. जगदीशचंद्र बसु
द. रॉकेल कार्सन।

19. केन्द्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 21 जून, 2020 को कौन से क्रम का 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया-
अ. चौथा ब. पांचवा
स. छठवां द. सातवां।

20. महासागरों में पौधों द्वारा उत्पादित बायोमास की मात्रा लगभग कितने प्रतिशत है-
अ. 55 प्रतिशत ब. 65 प्रतिशत
स. 75 प्रतिशत द. 85 प्रतिशत

21. महात्मा गांधी के किस अनुयायी ने यह कहा है, "आज के विनाशकारी युग में हमारे सामने दो ही रास्ते हैं- या तो हम अहिंसा को अपना लें, या फिर अपने अस्तित्व को ही मिट जाने दें।"-
अ. जूनियर मार्टिन लूथर किंग
ब. नेल्सन मंडेला
स. अन्ना हजारे
द. स्वामी अग्निवेश।

22. भोपाल गैस त्रासदी में किस गैस का रिसाव हुआ था-
अ. CH_4 ब. CFC
स. NH_4 द. MIC

23. सुमेलित कीजिये -

झील		राज्य
क. पेरियार	-	1. राजस्थान
ख. चिल्का	-	2. केरल
ग. फतेहसागर	-	3. तामिलनाडु
घ. पुलीकट	-	4. ओडिशा

	क	ख	ग	घ
अ.	1	3	4	2
ब.	3	1	4	2
स.	2	4	1	3
द.	3	1	2	4

24. किस गैस की अधिकता के कारण मूत्रालयों से तीव्र दुर्गन्ध आती है-
अ. अमोनिया
ब. नाइट्रोजन
स. सल्फाइड ऑक्साइड
द. मीथेन।

25. सेरीकल्चर संबंधित है-
अ. मधुमक्खी पालन से
ब. केंचुआ पालन से
स. रेशमकीट पालन से
द. झींगा मछली पालन से।

26. ब्राजील में कॉफी के बड़े बागानों को कहा जाता है-
अ. मिरंडा ब. फजेंडा
स. पाउलो द. साउलो।

27. भारत में बाजरा का सर्वाधिक उत्पादन होता है-
अ. राजस्थान में
ब. बिहार में
स. अरुणाचल प्रदेश में
द. मध्यप्रदेश में।

28. एंथ्रेसाइट सबसे उत्तम श्रेणी का कौन सा खनिज है-
अ. मैगनीज ब. कोयला
स. आयरन द. तांबा।

29. इनमें से कौन सही नहीं है-
अ. विश्व आवास दिवस - 05 अक्टूबर
ब. विश्व खाद्य दिवस - 16 अक्टूबर
स. विश्व दिव्यांग दिवस - 03 दिसम्बर
द. विश्व साक्षरता दिवस - 08 दिसम्बर

30. राष्ट्रीय वानस्पतिक उद्यान स्थित है-
अ. लखनऊ में
ब. कोलकाता में
स. नागपुर में
द. अहमदाबाद में।

उत्तर

1.	द	2.	ब	3.	द
4.	अ	5.	स	6.	स
7.	ब	8.	अ	9.	स
10.	अ	11.	अ	12.	द
13.	ब	14.	अ	15.	ब
16.	अ	17.	अ	18.	द
19.	स	20.	द	21.	अ
22.	द	23.	स	24.	अ
25.	स	26.	ब	27.	अ
28.	ब	29.	द	30.	अ

व्याख्या

2. ब. CFC का पूर्ण रूप क्लोरोफ्लोरो कार्बन है।

9. स. फिलीपींस की राजधानी मनीला है।

10.. अ भूमंडलीय तापन (धरती पर बढ़ती गर्मी) अर्थात् ग्लोबल वॉर्मिन्ग के लिये मुख्य रूप से कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2), मीथेन (CH_4), क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFC) एवं नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) गैसें जिम्मेदार हैं।

14. अ. सातवीं सदी में भारत आए चीनी यात्री हेनसांग ने मालवा क्षेत्र की जलवायु को आदर्श जलवायु कहा है।

18. द. महिला जैवशास्त्री रॉकेल कार्सन ने 1962 में साइलेंट स्प्रिंग नामक पुस्तक लिखकर हानिकारक कीटनाशकों (पेस्टीसाइड्स) के घातक प्रभावों की ओर विश्व का ध्यान आकर्षित किया था।

19. स. छटवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम (Yoga For Health Yoga at Home) पर कोविड-19 महामारी के चलते करोड़ों भारतीयों ने अपने-अपने घर पर रहकर ही योगाभ्यास किया।

21अ. .यह कथन अमरीकी अश्वेत नेता जूनियर मार्टिन लूथर किंग का है।

29. द. विश्व साक्षरता दिवस 08 सितम्बर को मनाया जाता है।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहा. प्राध्यापक हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न - सामान्य ज्ञान - खेल

1. हाल ही में इनमें से किसे दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (DDCA) का अध्यक्ष चुना गया है?
(अ) रोहन जेटली
(ब) सौरव गांगुली
(स) मदन लाल
(द) रजत शर्मा

2. वर्ष 2018 में कुश्ती वर्ल्ड चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित हुई थी?
(अ) सर्विया
(ब) हंगरी
(स) कजाखिस्तान
(द) नॉर्वे

3. क्रेमलिन कप किस खेल की विख्यात प्रतियोगिता है?
(अ) टेनिस (ब) बैडमिंटन
(स) एथेलेटिक्स (द) गोल्फ

4. हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले नजीब ताराकाई किस देश के लिए क्रिकेट खेल चुके हैं?
(अ) पाकिस्तान
(ब) बांग्लादेश
(स) अफगानिस्तान
(द) संयुक्त अरब अमीरात

5. वर्ष 2019 में इंडियन सुपर लीग में इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर रहे थे।
(अ) जेजे लालपेखलुआ
(ब) सुमित राठी
(स) बिपिन सिंह
(द) अशीष राय

6. गिरो डी इटेलिया रेस किस खेल से संबंधित है?
(अ) घुड़दौड़
(ब) फॉर्मूला वन
(स) एथेलेटिक्स
(द) साइक्लिंग

7. दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने वाला पहला एशियाई देश है।
(अ) भारत (ब) श्रीलंका
(स) पाकिस्तान (द) बांग्लादेश

8. बीसीसीआई ने इनमें से किसे भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है?
(अ) झूलन गोस्वामी
(ब) अंजुम चोपड़ा
(स) नीतू डेविड
(द) इनमें से कोई नहीं

9. वर्ष 2006 में एशियाई खेल कहां आयोजित किए गए थे?
(अ) नई दिल्ली (ब) जकार्ता
(स) इंचियोन (द) दोहा

10. वर्ष 1998 में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी किस देश में आयोजित की गई थी?
(अ) केन्या
(ब) बांग्लादेश
(स) श्रीलंका
(द) दक्षिण अफ्रीका

11. इस वर्ष यूएफा मेंस प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए है।
(अ) जोशुआ किमिच
(ब) केविन डि ब्रून
(स) किलियन एमबापे
(द) रॉबर्ट लेवांडोवस्की

12. इस वर्ष फ्रेंच ओपन में महिला वर्ग की चैम्पियन बनी हैं।
(अ) सोफिया केनिन
(ब) नाओमी ओसाका
(स) इगा स्वितेक
(द) गार्बाइन मुगुरूजा

13. एशियाई खेलों में बैडमिंटन एकल स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।
(अ) साइना नेहवाल
(ब) पी.वी. सिंधु
(स) अपर्णा पोपट
(द) इनमें से कोई नहीं

14. जोकोविच ने टेनिस में अब तक कितने मास्टर्स खिताब जीते हैं?
(अ) 34 (ब) 35
(स) 36 (द) 38

15. इनमें से किस खिलाड़ी का संबंध गोल्फ से नहीं है?
(अ) जॉर्डन स्पीथ
(ब) रियान लोश्टे
(स) एडम स्कॉट
(द) डस्टिन जॉनसन

16. वर्ष 2009 में इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन किस देश में किया गया था?
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) संयुक्त अरब अमीरात
(स) न्यूजीलैंड
(द) कनाडा

17. चीन के शटलर लिन डेन ने ओलंपिक खेलों में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) दो
(ब) तीन
(स) चार
(द) इनमें से कोई नहीं

18. गेब्रियल जीसस किस देश के लिए फुटबॉल खेलते हैं?
(अ) अर्जेंटीना (ब) ब्राजील
(स) कोलंबिया (द) इक्वाडोर

19. ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ी हैं?
(अ) नेमार जूनियर
(ब) पेले
(स) रोमारियो
(द) रोनाल्डिनो

20. वर्ष 2020 में आई लीग का खिताब किस क्लब ने जीता है?
(अ) मोहन बागान
(ब) मिनर्वा पंजाब
(स) चर्चिल ब्रदर्स
(द) इनमें से कोई नहीं

21. इनमें से कौन महिला टी-20 क्रिकेट में सबसे सफल विकेटकीपर हैं?
(अ) रशेल प्रीस्ट
(ब) साराह टेलर
(स) एलिसा हीली
(द) इनमें से कोई नहीं

22. बास्केटबॉल की लोकप्रिय लीग एनबीए किस देश में आयोजित की जाती है?
(अ) कनाडा (ब) अमेरिका
(स) इटली (द) ब्रिटेन

23. इनमें से किस वर्ष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में आयोजित किया गया था?
(अ) वर्ष 2010
(ब) वर्ष 2014
(स) वर्ष 2012
(द) वर्ष 2016

24. वन-डे क्रिकेट में पहला दोहरा शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं।
(अ) मिताली राज
(ब) हीथर नाइट
(स) बेलिंडा क्लार्क
(द) मेग लेनिंग

25. एर्नेस्ट अमुजू किस देश के लिए मुक्केबाजी करते हैं?
(अ) इथोपिया (ब) घाना
(स) नाइजीरिया (द) क्यूबा

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (अ), 4. (स), 5. (ब), 6. (द), 7. (ब), 8. (स), 9. (द), 10. (ब), 11. (द), 12. (स), 13. (अ), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (अ), 18. (ब), 19. (ब), 20. (अ), 21. (स), 22. (ब), 23. (द), 24. (स), 25. (ब)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

जुआनिता होम्स

न्यूयॉर्क पुलिस की पहली महिला चीफ बनीं

न्यूयॉर्क पुलिस डिपार्टमेंट में जुआनिता होम्स पहली महिला चीफ बन गई हैं। अश्वेत महिला पुलिस अधिकारी जुआनिता को न्यूयॉर्क पुलिस डिपार्टमेंट में चीफ ऑफ पेट्रोल बनाया गया है। वे 1987 में पुलिस में भर्ती हुई थीं। सात बार प्रमोशन मिलने के बाद वे 2018 में रिटायर हो गई थीं। लेकिन 2019 में वे फिर से न्यूयॉर्क पुलिस डिपार्टमेंट में शामिल हुईं।

पोताला पैलेस

तिब्बत के तेरह सौ साल पुराने महल को रंगने की होड़

तिब्बत में ल्हासा की लाल पहाड़ी पर स्थित 1300 साल पुराने पोताला पैलेस को रंगने की होड़ में ग्रामीणों की लंबी कतार लग गई। पैलेस को फेस्टिवल के तहत सफेद और लाल रंग से पोता जा रहा है। इसमें ग्रामीण बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। पैलेस में बेशुमार कीमती चीजें सुरक्षित रखी हुई हैं। इसे तिब्बती कलाकृति का खजाना माना जाता है। 1994 में इस पैलेस को विश्व सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया था।

ली म्युंग-बाक

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति की सजा बरकरार

दक्षिण कोरिया के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति ली म्युंग-बाक को गबन और रिश्वत मामले में मिली 17 साल कैद की सजा को बरकरार रखा है। 2018 में सजा सुनाने के साथ ही सियोल की अदालत ने 78 वर्षीय नेता को 13 अरब वोन (आठ करोड़ रुपये से ज्यादा) का जुर्माना भरने का आदेश दिया था। 2008-2013 तक देश के राष्ट्रपति रह चुके ली पर अप्रैल 2018 में आपराधिक आरोपों के कई मामले चले।

इरांग वाज

29 हजार किलोमीटर चक्कर लगाकर लौटा

मणिपुर के तमेंगलांग जिले में एक साल पहले जिन पांच बाजों को रेडियो टैग लगाया था, उनमें से एक बाज 29 हजार किलोमीटर की उड़ान भरकर वापस भारत लौट आया है। इरांग नामक बाज और इसके बाकी साथी प्रवासी पक्षी हैं। ये मूल रूप से साइबेरिया के हैं, जहां गर्मियों में ये प्रजनन करते हैं। सर्दियों के पहले ये भारत के लिये उड़ान भर लेते हैं। दो महीने उत्तर पूर्व भारत में रहने के बाद ये दक्षिण अफ्रीका की उड़ान भरते हैं।

प्रवाल भित्ती

न्यूयॉर्क के एम्पायर स्टेट से ऊंची भित्ती मिली

ऑस्ट्रेलिया में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी मूंगे की चट्टान 'ग्रेट बैरियर रीफ' के उत्तरी सिरे पर एक विशाल प्रवाल भित्ती मिली है। इसकी ऊंचाई न्यूयॉर्क के एम्पायर स्टेट बिल्डिंग और मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के पेट्रोनेस ट्विन टावर से अधिक है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह की खोज 120 साल में पहली बार हुई है। इसे खोजने में 12 महीने का समय लगा है।



दीपा मेहता की फिल्म

फनी ब्वॉय ऑस्कर के लिये नामित

मशहूर फिल्मकार दीपा मेहता की आने वाली फिल्म 'फनी ब्वॉय' ऑस्कर के लिये नामित की गई है। 93वें अकादमी पुरस्कार में यह फिल्म सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म श्रेणी में कनाडा का प्रतिनिधित्व करेगी। इस श्रेणी की प्रतिस्पर्धा में दूसरी बार निदेशक दीपा मेहता की फिल्म शामिल होने जा रही है।

बेरूत

गुस्सा प्रकट करने बनाई जन आक्रोश की प्रतिमा

लेबनान की राजधानी बेरूत में बंदरगाह पर 4 अगस्त 2020 को हुये धमाके के बाद लोगों में भारी गुस्सा और असंतोष है। इस असंतोष को दर्शाने के लिये बेरूत के कलाकारों के दल ने धमाके से फैले हुये मलबे को एकत्र कर गुस्से को मूर्तरूप देने के लिये जन आक्रोश प्रतिमा को तैयार किया और उसे लेबनान के चौराहे पर स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी की तरह स्थापित किया है।

कोलंबिया में

मिला 500 साल पुराना कंकाल

दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में सड़क निर्माण के लिये खुदाई के दौरान करीब 500 वर्ष पुराना मानव कंकाल मिला है। पुरातत्वविदों ने यह कंकाल मुइस्का का होना बताया है। मुइस्का जनजाति के लोग पहली बार 1537-1540 के बीच ही स्पेनिस आक्रमणकारियों के संपर्क में आये थे।

चीन में

पांच मंजिला इमारत 18 दिन में शिफ्ट हुई

चीन के शंघाई में इंजीनियरों ने 7600 टन वजनी 5 मंजिला इमारत 62 मीटर दूर शिफ्ट कर दी। इंजीनियरों की एक टीम ने इमारत को 198 रोबोटिक जैक की मदद से दूसरी जगह पहुंचाया। इस काम में तकरीबन 18 दिन का रिकॉर्ड समय लगा। 1935 में बनी बिल्डिंग को ऐतिहासिक इमारत के रूप में संरक्षित करने का निर्णय लिया गया है।

ग्लोबल हिमालयन एक्सपीडिशन

यूएन ग्लोबल एक्शन समिट सम्मान जीता

पर्यटन और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर दूर दराज के समुदायों को सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने वाले भारतीय संगठन ग्लोबल हिमालयन एक्सपीडिशन (जीएचई) ने कोविड-19 के बीच भी जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिये संयुक्त राष्ट्र का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। उन्हें यूएन ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह दुनिया का पहला ऐसा संगठन है जो पर्यटन और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सुदूर गांवों के लिये करता है।

मार्ग ईआरपी

वेबिनार में रिकॉर्ड 87 हजार लोग आये

मार्ग ईआरपी ने दुनिया का सबसे बड़ा वेबिनार कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया है। एक बिजनेस वेबिनार में 87 हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। यह वेबिनार करीब ढाई घंटे तक चला। मार्ग ईआरपी के चेयरमैन ठाकुर अनूप सिंह ने कहा कि आगे भी मध्यम और लघु उद्योगों की मदद के लिये ऐसे और बड़े वेबिनार आयोजित करेंगे।

एमी कोनी बैरेट

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश की शपथ ली

अमेरिका में आम चुनावों के पहले जज एमी कोनी बैरेट ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। न्यायाधीश बैरेट ने राष्ट्रपति ट्रंप की मौजूदगी में व्हाइट हाउस में शपथ ली। उन्हें क्लेरेंस थॉमस ने शपथ दिलवायी। रिपब्लिकन बहुमत वाले सीनेट ने 48 के मुकाबले 52 वोट देकर बैरेट के नाम का अनुमोदन किया था।

अंखी दास

फेसबुक इंडिया की पब्लिक पॉलिसी हेड पद से दिया इस्तीफा

फेसबुक की पब्लिक पॉलिसी हेड अंखी दास ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हेट कंटेंट को रोकने में पक्षपात करने का आरोप था। अंखी अब पब्लिक सर्विस के लिये काम करेंगी। अंखी भारत के साथ-साथ फेसबुक के दक्षिण और मध्य एशिया की भी डायरेक्टर थीं।

आदित्य पुरी

25 साल बाद पद छोड़ा

एचडीएफसी बैंक की 25 साल तक कमान संभालने के बाद आदित्य पुरी ने बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 25 साल तक निजी क्षेत्र के बैंक के पहले प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली और 1.20 लाख लोगों को नौकरी देने वाले बैंकिंग कारोबार को तैयार किया। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से पद छोड़ने की घोषणा की और कर्मचारियों को संबोधित भी किया।

रौतू की बेली

पनीर विलेज के नाम से मशहूर हुआ

मसूरी के करीब 20 किलोमीटर दूर टिहरी जिले के जौनपुर विकासखंड स्थित रौतू की बेली गांव पनीर विलेज के नाम से मशहूर हो गया है। करीब 1500 लोगों की आबादी वाले इस गांव के सभी लोग वर्षों से पनीर बनाने और बेचने का काम कर रहे हैं। टिहरी जिले में यह पहला गांव हैं, जहां पढ़े-लिखे युवा भी इसे व्यवसाय के रूप में अपना चुके हैं।

वैवेल रामकलावन

सेशेल्स के राष्ट्रपति बने

भारत से लगभग चार हजार किलोमीटर दूर सेशेल्स देश में बिहार के एक शख्स ने इतिहास रच दिया। दरअसल भारतीय मूल के वैवेल रामकलावन को हिंद महासागर के द्वीपीय देश सेशेल्स का राष्ट्रपति चुना गया है। उन्हें 54 फीसदी मत मिले थे। वैवेल ने डैनी फॉरो को भारी मतों से हराया है। वैवेल के पैतृक गांव बरौली प्रखंड के परसौनी में जीत का जश्न मनाया गया।

लियॉन मेन्दोसा

बुडापेस्ट इंटरनेशनल शतरंज का खिताब जीता

भारतीय शतरंज खिलाड़ी 14 वर्षीय लियॉन मेन्दोसा मार्च 2020 में हंगरी में शतरंज टूर्नामेंट खेल रहे थे, लॉकडाउन के कारण वहीं रुक गये थे, उसके बाद स्थिति सामान्य होने पर लियॉन ने बुडापेस्ट इंटरनेशनल खिताब जीता। जब दुनियाभर से कोविड-19 का प्रकोप फैल रहा था तब लियॉन प्रैक्टिस कर रहे थे। लॉकडाउन समाप्ति के बाद हुये मुकाबलों को लियॉन ने जीता और अपनी सुदृढ़ मानसिक क्षमता का परिचय दुनिया को दिया।

उदय माहुरकर

सूचना आयुक्त पद के लिये नामित

भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले पैनल ने सूचना आयुक्त पद के लिये मराठी पत्रकार उदय माहुरकर के नाम को मंजूरी दे दी है। माहुरकर इंडिया टुडे समूह में डिप्टी एडिटर के रूप में कार्यरत हैं। पैनल ने उनके अनुभव और वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुये यह घोषणा की।

आइवरी कोस्ट में

अलासाने लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति बने

पश्चिमी अफ्रीकी देश आइवरी कोस्ट में अलासाने ओआटारा ने तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। खास बात यह है कि विपक्ष ने चुनाव का बहिष्कार किया था। इसके बावजूद अलासाने को 94 प्रतिशत वोट मिले। जबकि कई सीटों पर उनके उम्मीदवारों ने 99 प्रतिशत तक वोट हासिल किए। आइवरी कोस्ट की आबादी 2.52 करोड़ है।

स्मृति शेष

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई का निधन

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य वरिष्ठजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पहले जेम्स बॉन्ड सीन कॉनेरी का निधन

स्कॉटलैंड के दिग्गज फिल्म अभिनेता सीन कॉनेरी का हाल ही में निधन हो गया। बहामास में यह महान कलाकार रात में सोया तो फिर नहीं उठा। 90 वर्षीय सीन पिछले कुछ समय से बीमार थे। जेम्स बॉन्ड के किरदार वाली फिल्मों के वह पहले अभिनेता थे। एक समय वह सबसे ज्यादा पसंद किये जाने वाले अभिनेताओं में से एक थे और पूरी दुनिया उनकी दीवानी थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

बुरी आदतों के दमन से मन की एकाग्रता को बढ़ाओ और शांत चित्त से सफलता प्राप्त करो – स्वामी रामकृष्ण

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग म.प्र. भोपाल के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पदों हेतु भर्ती परीक्षा -2020

आवेदन भरने की तिथि :
10 नवम्बर से 24 नवम्बर 2020 तक

आवेदन पत्र में संशोधन की तिथि :
10 नवम्बर से 29 नवम्बर 2020 तक

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय	उत्तर अंकित करने का समय
10 फरवरी से 13 फरवरी 2021 तक	प्रथम(वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी)	प्रातः 07:00 से 08:00 बजे तक	प्रातः 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रातः 09:00 से 12:00 तक (3:00 घंटे)
	द्वितीय(ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी)	दोपहर 12:00 से 01:00 बजे तक	दोपहर 1:50 से 2:00 बजे तक (10 मिनिट)	दोपहर 02:00 से 05:00 तक (3:00 घंटे)

परीक्षा शहर :- भोपाल,इंदौर,जबलपुर,ग्वालियर,उज्जैन,नीमच,रतलाम मंदसौर,सागर,सतना,खंडवा,गुना,दमोह,सीधी,छिंदवाडा,बालाघाट

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :

1. वेबसाइट www.peb.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है
2. परीक्षा शुल्क

अनारक्षित अभ्यार्थियों के लिए	रु. 500/-(प्रति प्रश्न पत्र)
अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग /निःशक्तजन अभ्यर्थियों के लिए (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों के लिए)	रु. 250/- (प्रति प्रश्न पत्र)
सीधी भर्ती -वैकलॉग	कोई शुल्क नहीं
कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन को देय उनका पोर्टल शुल्क	रु. 60/-
रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क	रु. 20/-

विशेष निर्देश :

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है
2. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस तथा पासपोर्ट में से कोई चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वांचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में निर्धारित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड /ई –आधार कार्ड / आधार कार्ड की छायाप्रति /आधार नंबर /आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
5. परीक्षार्थी को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थी को प्रवेश पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, केलकुलेटर, लॉग टेबल्स एवं लकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन –पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश –पत्र प्राप्त कर सकते है अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से सम्हाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन –पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परिक्षण पी.ई.बी. द्वारा नही किया जाता है। सत्यापन नियुक्त प्रक्रिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है अतः कंप्यूटर आधारित Online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी।
11. उपरोक्त सभी पदों के लिये अभ्यर्थी का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
12. विभाग के पद कार्यपालिक होने की स्थिति में भर्ती हेतु आदिम जनजाति (बैगा,सहारिया/सहरिया एवं भरिया) के अभ्यर्थी को परीक्षा से छूट का प्रावधान नही होगा वे अभ्यर्थी अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करे (ऐसी स्थित में नियम पुस्तिका की बैगा,सहारिया एवं भरिया से सम्बंधित सभी कण्डिकायें विलोपित मान्य होगी।)
13. कोविड -19 महामारी के परिपेक्ष्य में शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

विशेष नोट : बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि /शहरों /केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

"चयन भवन"सेन रोड नं.1, विनोद पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011 फोन नं.-0755-2578801-02-03-04, Fax: +91-755-2550498

परीक्षा संबंधी जानकारी हेतु संपर्क करें – टोल फ्री नम्बर 18002337899(कार्यालयीन समय में)

विज्ञापन क्रमांक - 37 /2020 M.P. Madhyam/98843/2020 संचालक

R-44645/2020

अनुदान हेतु विचाराधीन

पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय

(एक अशैक्षण डिग्री इण्डोर से संबद्धता प्राप्त)

दि निगाड़ एजुकेशनल सोसायटी, खण्डवा द्वारा संचालित संस्था पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय हेतु **प्राचार्य** एवं निम्न विषयों के प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता है ।

*** अंग्रेजी * हिन्दी * बीज प्रोद्यौगिकी * हार्टिकल्चर**

बी.एड. एवं बी.एस.सी. बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य/ विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक की आवश्यकता हैं।

योग्यता यू.जी.सी.,एन.सी.टी.ई., एवं म.प्र. शासन (कॉलेज कोड–28) के नियमानुसार, अनुभव संबंधित प्रमाण–पत्रों के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने के सात दिवस के अन्दर निम्न लिखित पते पर आवेदन करें ।

अध्यक्ष – पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय
पो.बा. नं. 33, सिविल लाईन्स, खण्डवा (म.प्र.)
Tele.No. 0733-2225426,9425085025 Email- principal.pcgvc@gmail.com

R-44648/2020

PEOPLE'S UNIVERSITY

(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)

PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC

Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department

ADMISSION OPEN 2020-21

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

***Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology**

Attached with People's Teaching Hospital 950 bedded (ISO 9001:2015) || Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. || Separate hostel facility || Scholarship facility available. || Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. || Educational Visits and Student's Tour.

Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com

R-44650/2020

SHRI VAISHNAV INSTITUTE OF MANAGEMENT, INDORE

Approved by AICTE, Govt. of M.P. and Affiliated to DAVV, Indore,
UGC- NAAC accredited 'A' Grade Institute
Scheme No. 71, Gumasta Nagar, INDORE-452 009, Ph.: 0731-2780011, 2789925, E-Mail: svimi@svimi.org

REQUIRES

Professors/ Associate Professor/ Assistant Professors
in areas of
General Management, Finance, HR, Marketing, Business Analytics, Operations Management, Quantitative Technique, Operations Research, Economics, Computer Science, Data Science, Digital Marketing, Mathematics, Statistics, Physics, English and Hindi

Eligibility: As per UGC/AICTE norms for all the positions.
Salary: As per UGC norms (Salary is not a constraint for deserving candidate).

- **Soft Skills Trainer:** Professionally qualified and trained faculty having rich experience in grooming the students for a successful career. The candidate should be a post graduate with good academic record in relevant discipline having minimum 5 years experience.
- **Counsellor:** Post-Graduate with good communication skills. The candidate should be proficient in using computer, fluent in English and Hindi with willingness to travel.
- **Lab Assistant (Computer):** BCA or B.Sc. (CS) or Graduate in any discipline with PGDCA from UGC recognized universities or DOEACC (O-Level) with minimum 2 years experience.
- **Digital Marketing cum Graphic Design Executive:** Graduate with proficiency in graphics design (Corel Draw, Photoshop and other digital software), SEO, SMM and other digital marketing, techniques of branding and promotion.
- **Front Office Executive (Female):** Graduate/Post Graduate with good communication skills and computer proficiency.

EXPERIENCED CANDIDATE WILL BE GIVEN PREFERENCE

Interested candidates may apply in the prescribed format available on the Institute's website www.svimi.org/ career within 25 days of publication of advertisement. Also mail a copy of resume on **director@svimi.org**

R-44649/2020

APPOINTMENTS

Under College Code 28

Affiliated to DAVV

A renowned educational group Renaissance has requirement for
RENAISSANCE COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT
45, Anurag Nagar, Behind Press Complex, Indore (M.P.)

PRINCIPAL, PROFESSORS, ASSOCIATE PROFESSORS AND ASSISTANT PROFESSORS
FOR COMMERCE, MANAGEMENT, MATHEMATICS, STATISTICS, COMPUTERS, MASS COMMUNICATION, HINDI & ENGLISH

SPORTS OFFICER & LIBRARIAN

Qualification & Salary as per UGC/ AICTE norms.
Candidate should have good command over English language.

Apply within 7 days.

Renaissance
College of Commerce & Management

City Office : 45, Anurag Nagar, Behind Press Complex, Indore
Phone : **0731-4262100-2**
e-mail: **rccm.college@gmail.com**

Director

R-44651/2020

विधानसभा उप निर्वाचन 2020 में हुआ 70.27 प्रतिशत मतदान

भोपाल, विधानसभा उप निर्वाचन 2020 में प्रदेश के 19 जिलों के 28 विधानसभा क्षेत्रों में 70.27 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 73.18 और महिला मतदाताओं ने 66.98 प्रतिशत मतदान किया।

मुरैना जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4-जौरा में 70.65 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 71.74 एवं महिला मतदाताओं ने 69.37, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-5 सुमावली में 69.31 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 72.29 एवं महिला मतदाताओं ने 65.67, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 6-मुरैना में 57.83 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 61.12 एवं महिला मतदाताओं ने 53.81, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 7-दिमनी में 60.90 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 64.75 एवं महिला मतदाताओं ने 56.25, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 8-अम्बाह में 54.30 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 57.60 एवं महिला मतदाताओं ने 50.47, भिण्ड जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12-मेहगांव में 61.14 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 63.75 एवं महिला मतदाताओं ने 57.91, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13-गोहद में 54.49 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 58.19 एवं महिला मतदाताओं ने 50.05, ग्वालियर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-ग्वालियर में 56.19 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 58.07 एवं महिला मतदाताओं ने 54.02, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-ग्वालियर पूर्व में 48.14 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 51.86 एवं महिला मतदाताओं ने 43.84, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-डबरा में 66.72 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 71.30 एवं महिला मतदाताओं ने 61.55, दतिया जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21-भांडेर में 71.32 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 75 एवं महिला मतदाताओं ने 67.09, शिवपुरी जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 23-करेरा में 73.67 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 77 एवं महिला मतदाताओं ने 69.78, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 24-पोहरी में 76.11 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 77.67 एवं महिला मतदाताओं ने 74.29, गुना जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 28-बमौरी में 78.92 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 82.55 एवं महिला मतदाताओं ने 74.98, अशोकनगर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 32-अशोकनगर में 75.24 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 80.27 एवं महिला मतदाताओं ने 69.61 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34-मुंगावली में 77.42 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 81.21 एवं महिला मतदाताओं ने 73.08 प्रतिशत मतदान किया।

सागर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37-सुरखी में 73.72 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 76.85 एवं महिला मतदाताओं ने 70.01, छतरपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 53-मलहरा में 69.53 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 73.15 एवं महिला मतदाताओं ने 65.31, अनूपपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 87-अनूपपुर में 73.28 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 75.67 एवं महिला मतदाताओं ने 70.78, रायसेन जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 142-सांची में 72.42 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 75.83 एवं महिला मतदाताओं ने 68.53, राजगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 161-ब्यावरा में 81.74 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 85.68 एवं महिला मतदाताओं ने 77.56, आगर-मालवा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 166-आगर में 83.77 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 87.18 एवं महिला मतदाताओं ने 80.16, देवास जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 172-हाटपिपल्या में 83.56 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 86.51 एवं महिला मतदाताओं ने 80.43, खण्डवा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 175-मांधाता में 76.16 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 77.88 एवं महिला मतदाताओं ने 74.31, बुरहानपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 179-नेपानगर में 75.86 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 77.19 एवं महिला मतदाताओं ने 74.48, धार जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 202-बदनावर में 83.48 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 86.57 एवं महिला मतदाताओं ने 80.38, इंदौर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 211-सांवेर में 78 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 81.29 एवं महिला मतदाताओं ने 74.55, और मंदसौर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 226-सुवासरा में 82.61 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पुरुष मतदाताओं ने 85.56 एवं महिला मतदाताओं ने 79.52 प्रतिशत मतदान किया।

मध्यप्रदेश मेडिकल कौंसिल

(Estb. on 1.4.1996 U/s 3 of the Madhya Pradesh Ayurvigyan Parishad Adhiniyam 1987)
(M.P. Act No. 11 of 1990)
F-7, Sanchi Complex, Opp. Board Office, Bhopal (M.P.) - 462016
Ph. : (0755) 2767786, 2551568, E-mail : registrarmpmc@gmail.com, registrar.mpmc@mp.gov.in, Website : www.mpmedicalcouncil.net

एमपीएमसी/स्थापना/3619/2020 भोपाल, दिनांक : 05.11.2020

विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश मेडिकल कौंसिल, एफ-7 सांची कॉम्पलेक्स, बोर्ड आफिस के सामने, भोपाल में आई.टी. संबंधित कार्य हेतु आई.टी. कन्सल्टेन्ट की आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में 11 माह हेतु नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र एवं विवरण मध्यप्रदेश मेडिकल कौंसिल की वेबसाइट **www.mpmedicalcouncil.net** से डाउनलोड किया जा सकता है। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अनुभव प्रमाण पत्र सहित कौंसिल के पते/ई-मेल **registrarmpmc@gmail.com** पर **दिनांक 18.11.2020 समय शाम 5.00 बजे तक** भेज सकते हैं। उक्त तिथि एवं समय के उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे। साक्षात्कार की सूचना आवेदक के ईमेल पर भेजी जायेगी।

म.प्र. माध्यम/98851/44646/2020 रजिस्ट्रार

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

म.प्र. पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
Email: mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. 9406808103

क्र. 981/पय/मप्रपुहाइडेकालि/20/उज्जैन दिनांक 7.11.2020

निविदा सूचना क्र. 11/2020-21

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा सूचना क्रमांक 11/2020-21 दिनांक 7.11.2020 के अंतर्गत जिला रतलाम एवं देवास में निर्माण एवं मरम्मत कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2020_MPPHC_113255, 2020_MPPHC_113257, 2020_MPPHC_113258, 2020_MPPHC_113259, 2020_MPPHC_113377, 2020_MPPHC_113379 कुल 6 निविदा आमंत्रित की गई हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 7.11.2020 17.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 23.11.2020 18.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/98863/44653/2020 परियोजना यंत्री

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल - 462004

संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत प्रवेश हेतु
(Institutional Preference Seats)
सत्र 2020-21
(बी.ई.-बी.टेक./बी. आर्किटेक्चर/बी.-डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों के लिये)

बी.ई.-बी.टेक./बी. आर्किटेक्चर/बी.-डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों में संस्थागत प्राथमिकता सीटों (Institutional Preference Seats) के लिये काउंसलिंग निम्न समय सारणी अनुसार आयोजित होगी। संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 10 प्रतिशत स्थानों तक ही प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी। संस्था द्वारा इन सीटों पर प्रवेश पश्चात् AFRC द्वारा निर्धारित वार्षिक शिक्षण शुल्क ही लिया जावेगा। संस्थागत प्राथमिकता सीटों के लिये उपलब्ध संस्थानों की सूची एवं उनके द्वारा इन सीटों पर प्रवेशित अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शिक्षण शुल्क तथा विस्तृत प्रक्रिया **dte.mponline.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है।

समय सारणी

पाठ्यक्रम	दिनांक
बी. आर्किटेक्चर	10 नवम्बर, 2020 से 13 नवम्बर, 2020 तक
बी.-डी. फार्मेसी	03 नवम्बर, 2020 से 13 नवम्बर, 2020 तक
बी.ई.-बी.टेक.	10 नवम्बर, 2020 से 28 नवम्बर, 2020 तक

प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441
E-mail : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं
म.प्र. माध्यम/98829/44643/2020 आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

हाथकरघा संचालनालय मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर, द्वितीय तल शिवाजी नगर भोपाल

विज्ञप्ति

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु (31 जुलाई 2020) के लिये मध्यप्रदेश से पुनः आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिये **अंतिम तिथि दिनांक 10.11.2020** निर्धारित की गई है। इस संबंध में विस्तृत विवरण दिनांक 31.05.2020 एवं 26.06.2020 के रोज़गार और निर्माण एवं दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञप्ति को देखा जा सकता है।

आयुक्त
जी-15340/44639/2020 हाथकरघा संचालनालय, भोपाल

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, जबलपुर
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
ई-मेल : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य 12+48 पी.टी.एस. उमरिया, 2-चरण हेतु ऑनलाइन निविदा क्र. **2020_MPPHC_113105** (आइटम दर प्रपत्र 'ब') निविदा क्रमांक 18/2020-21 आमंत्रित की जाती है एवं निविदा क्रमांक 19/2020-21 निर्माण कार्य एफ.आई.आर. दर्ज करवाने के लिए अपूर्ण महिला डेस्क कक्ष का निर्माण कार्य थाना बुढार, थाना जैतपुर, थाना दर्शिला जिला शहडोल हेतु ऑनलाइन निविदा क्र. **2020_MPPHC _113109**, 16.11.2020 तक खरीदकर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98848/44647/2020 परियोजना यंत्री

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी. महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. : 9406808103

क्र. 969/पयं/मप्रपुहाइडेकालि/20/उज्जैन दिनांक 04.11.2020

निविदा सूचना क्र. 10/2020-21

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा सूचना क्रमांक 10/2020-21 दिनांक 4.11.2020 के अंतर्गत जिला उज्जैन, शाजापुर, आगर-मालवा, झाबुआ, बड़वानी एवं मंदसौर में निर्माण एवं मरम्मत कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2020_MPPHC_113085, 2020_MPPHC_113086, 2020_MPPHC_113087, 2020_MPPHC_113088, 2020_MPPHC_113089, 2020_MPPHC_113090 कुल 6 निविदा आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 4.11.2020 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 20.11.2020 18.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/98841/44644/2020 परियोजना यंत्री

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

विशेष त्योहार अग्रिम योजना

शासकीय कर्मचारियों को त्योहार अग्रिम और एरियर्स भुगतान के आदेश जारी

भोपाल, राज्य शासन के कर्मचारियों को त्योहार के मौके पर विशेष राहत देने की मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के पालन में वित्त विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिये गये हैं। माह नवम्बर 2020 से 31 मार्च 2021 के बीच दस हजार रुपये का त्योहार अग्रिम, चालीस हजार रुपये या इससे कम कुल वेतन पाने वाले शासकीय सेवकों को मिलेगा। इसके लिये राज्य सरकार 'विशेष त्योहार अग्रिम योजना' लागू करने जा रही है।

इसके साथ ही शासकीय सेवकों को स्वीकृत सातवें वेतनमान के एरियर्स की तीसरी और अंतिम किश्त के 25 प्रतिशत राशि का भुगतान नवंबर माह में ही हो जायेगा। राज्य शासन के इस निर्णय से त्योहार के मौके पर जहां एक ओर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और शासकीय कर्मचारियों को राहत मिलेगी।

राज्य शासन ने सभी विभागों, संभागीय आयुक्तों, विभागाध्यक्षों, जिला कलेक्टरों को भुगतान की कार्रवाई करने के आदेश दे दिये हैं।

वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने त्योहार के समय में कर्मचारियों के लिये और कोविड-19 के कारण मंद हुई आर्थिक गतिविधियों को तेज करने की दृष्टि से लिये गये निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की संवेदनशीलता जाहिर करता है।

संविदा, स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी को भी मिलेगा लाभ

विशेष त्योहार अग्रिम योजना के अंतर्गत संविदा, स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी तथा शासन से शत-प्रतिशत अनुदान से वेतन प्राप्त करने वाले अर्द्धशासकीय संस्थाओं के कर्मी भी शामिल किये गये हैं। स्थानीय निकाय तथा अन्य निगम/मंडल के कर्मचारियों के लिए संबंधित निकाय इस योजना को लागू करने के संबंध में निर्णय करेंगे। ऐसे कर्मचारियों जिनकी सातवें वेतनमान में कुल मासिक वेतन 40 हजार रुपये या इससे कम है। स्थाई कर्मियों के लिये वेतन की मासिक सीमा 12 हजार या इससे कम है। योजना क्रियान्वयन से राज्य शासन पर लगभग 400 करोड़ रुपये अतिरिक्त व्यय भार आयेगा।

एरियर्स का भुगतान

शासकीय सेवकों को स्वीकृत सातवें वेतनमान के एरियर्स की तीसरी और अंतिम किश्त के 25 प्रतिशत राशि का भुगतान नवंबर माह में ही हो जायेगा। उल्लेखनीय है कि शासकीय सेवकों को 7वें वेतनमान के एरियर्स की प्रथम एवं द्वितीय किश्त मई, 2018 तथा मई, 2019 में दी गयी थीं। तीसरी तथा अंतिम किश्त का भुगतान मई, 2020 में किया जाना था किन्तु कोविड-19 के कारण राजस्व प्राप्तियों में कमी होने से किश्त का भुगतान नहीं हो सका। त्योहार सीजन में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दृष्टि से शासकीय सेवकों को सातवें वेतनमान के एरियर्स की तृतीय व अंतिम किश्त के 25 प्रतिशत राशि का भुगतान नवंबर माह में किये जाने का निर्णय लिया है।

प्रदेश में मिलावटखोरी को बनाया जाएगा संज्ञेय अपराध

हर प्रकार की मिलावटी सामग्री के विरुद्ध चलाया जाए सघन अभियान

भोपाल, मध्यप्रदेश में हर प्रकार की मिलावटी सामग्री के निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम के लिए सघन अभियान चलाया जाएगा, जिससे जनता को उपयोग के लिए शुद्ध सामग्री उपलब्ध हो सके, मिलावटखोरों के मन में खौफ हो और वे मिलावट न करें। इसके लिए प्रदेश में मिलावटखोरी को 'संज्ञेय अपराध' बनाया जाएगा तथा मौजूदा कानून में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 के अंतर्गत प्रदेश में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुये कहीं।

निरंतर जांच एवं कार्रवाई हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दूध एवं दूध से बनी सामग्रियों, मिठाइयों, अन्य खाद्य सामग्रियों के निरंतर नमूने लिए जाकर जांच एवं कार्रवाई हो। त्योहारों के अवसरों पर सघन कार्रवाई की जाए। जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदेश में खाद्य सामग्रियों के 4048 नमूने लिए गए

समीक्षा के दौरान बताया गया कि गत तीन माह में प्रदेश में विभिन्न खाद्य सामग्रियों के 4048 नमूने लिए गए। इसी प्रकार खाद्य कारोबारकर्ताओं के 4917 निरीक्षण किए जाकर 293 को सुधार सूचना-पत्र जारी किए गए। दूध एवं दूध से बने उत्पादों के 2020 नमूने लिए गए।

लगभग 20 लाख रुपये का अपद्रव्य जप्त

निरीक्षण के दौरान 27 लाख 94 हजार रुपये के अपद्रव्य जप्त किए गए, जिनमें नकली घी, कुकीज, मिर्च-मसाले, बीवरेज, वनस्पति घी, खाद्य तेल, एडलट्रेंट (नकली घी बनाने में प्रयोग होने वाला केमिकल) जप्त किया गया।

ऑनलाइन पोर्टल पर की जा सकती है शिकायत

भारत सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों में की जाने वाली मिलावट आदि के संबंध में शिकायत करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल संचालित किया जा रहा है। इस पर प्रदेश से इस वर्ष अभी तक 220 शिकायतें दर्ज की गई थीं, जिनमें से 206 का निराकरण कर दिया गया है।

'क्लीन स्ट्रीट फूड हब' योजना 56 दुकान इन्दौर प्रमाणित

खाद्य, सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा 'क्लीन स्ट्रीट फूड हब' योजना संचालित है, जिसके अंतर्गत स्ट्रीट फूड विक्रय क्षेत्रों को प्रमाणित किया जाता है। योजना में इन्दौर स्थित 56 दुकान क्षेत्र को प्रमाणित किया गया है। इसी प्रकार योजना में चयनित शाहपुरा झील, भोपाल तथा घंटाघर चौपाटी क्षेत्र, उज्जैन में सिविल कार्य प्रचलन में है एवं सराफा बाजार, इन्दौर में तत्संबंधी प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है।

राज्य सड़कों का संधारण तेजी से किया जाये

भोपाल, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने राज्य और जिला मार्गों के संधारण कार्य को प्राथमिकता और गुणवत्तापूर्वक कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि संधारण कार्यों की निगरानी थर्ड-पार्टी इन्सपेक्शन या जी.पी.एस. के माध्यम से की जाए, इसके लिये अधिकारी नीति तैयार करें। उन्होंने यह बात मंत्रालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में कही।

श्री भार्गव ने कहा कि गत वर्षों में प्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता और रख-रखावों पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। प्रदेश से निकलने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों से यातायात सुगम हुआ है। उन्होंने राजमार्गों और जिला मार्गों के निर्माण एवं संधारण कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए हैं।

श्री भार्गव ने कहा कि अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार प्राथमिकता के साथ राशि मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि अन्य विभागों के डिपोजिट वर्ग की राशि सीधे लोक निर्माण को उपलब्ध कराई जावे।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य गणित

(1) दिया गया है कि $x = 0.8$ है, तब $\frac{1}{(2-x)^3}+1-\left(\frac{25x}{24}\right)^3$ का मान ज्ञात कीजिये -
(a) 1 (b) 2
(c) 0 (d) -1
उत्तर - (a) 1
व्याख्या - $\frac{1}{(2-x)^3}+1-\left(\frac{25x}{24}\right)^3$
$x = 0.8$ रखने पर,
$\Rightarrow \frac{1}{(1.2)^3}+1-\left(\frac{20}{24}\right)^3$
$\Rightarrow \frac{1}{(1.2)^3}+1-\left(\frac{5}{6}\right)^3$
चूंकि 1.2 को 6/5 भी लिख सकते हैं,
$\Rightarrow (5/6)^3 + 1 - (125/216)$
$\Rightarrow 125/216 + 1 - (125/216) = 1$

(2) माना $x = (633)^{24} - (277)^{38} + (266)^{54}$ । x का इकाई अंक क्या है -
(a) 7 (b) 6
(c) 8 (d) 4
उत्तर - (c) 8
व्याख्या - $x = (633)^{24} - (277)^{38} + (266)^{54}$
$\Rightarrow x = 3^{24} - 7^{38} + 6^{54}$
$\Rightarrow x = 3^4 - 7^6 + 6^2$
$\Rightarrow x = 1 - 9 + 6$
$\Rightarrow x = 7 - 9$
या $x = 17 - 9$
$\Rightarrow x = 8$

(3) यदि $u + v = 10$ और $uv = 16$ है तो $(u^2-v^2)/uv$ का मान ज्ञात कीजिये -
(a) 0 (b) 15/8
(c) 15/4 (d) 15/2
उत्तर - (c) 15/4
व्याख्या - $\therefore u + v = 10$ तथा $uv = 16$
$\Rightarrow u = 8$ तथा $v = 2$ दी गयी शर्त को संतुष्ट करते हैं
$\therefore (u^2 - v^2)/uv = (8^2 - 2^2)/16 = 15/4$

(4) यदि (9/5) को किसी संख्या के 6 गुने से घटा दिया जाए तो उसका परिणाम उस संख्या के 4 गुने से (61/5) अधिक हो जाता है। तो वह संख्या ज्ञात कीजिए -
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8
उत्तर - (c) 7
व्याख्या - माना कि वह संख्या 'x' है।
प्रश्नानुसार,
$\Rightarrow 6x - (9/5) = (61/5) + 4x$
$\Rightarrow 30x - 9 = 61 + 20x$
$\Rightarrow 30x - 20x = 61+9$
$\Rightarrow 10x = 70$
$\Rightarrow x = 70/10 = 7$
$\therefore$ अतः वह संख्या 7 है।

(5) एक द्विघातीय समीकरण के दो मूल $x = -2/3$ और $x = 1/2$ हैं तो समीकरण को लिखा जा सकता है :
(a) $(2x-1)(3x+2) = 0$
(b) $(2x+1)(3x+2) = 0$
(c) $(2x-1)(3x-2) = 0$
(d) $(2x+1)(3x-2) = 0$
उत्तर - (a) $(2x-1)(3x+2) = 0$
व्याख्या - समीकरण को लिखा जा सकता है,
$\Rightarrow [x - (-2/3)](x - 1/2) = 0$
$\Rightarrow [(3x+2)/3][(2x-1)/2] = 0$
$\Rightarrow (2x-1)(3x+2) = 0$

(6) यदि $3x + 5y + 7z = 49$ और $9x + 8y + 21z = 126$ है, तो y का मान क्या है -
(a) 4 (b) 2
(c) 3 (d) 5
उत्तर - (c) 3
व्याख्या - दो समीकरण $3x + 5y + 7z = 49$ और $9x + 8y + 21z = 126$ है
पहले समीकरण को 3 से गुणा करने पर $9x + 15y + 21z = 147$ प्राप्त होता है
$\Rightarrow y = 3$
$\therefore$ y का मान = 3

(7) यदि $x+\cfrac{1}{1+\cfrac{1}{2+\frac{1}{3}}}=2$ है, तो x किसके बराबर होगा -
(a) 13/10 (b) 11/10
(c) 7/10 (d) 17/10
उत्तर - (a) 13/10
व्याख्या - $x+\cfrac{1}{1+\cfrac{1}{2+\frac{1}{3}}}=2$
$\Rightarrow x+\frac{1}{1+\frac{3}{7}}=2$
$\Rightarrow x+\frac{7}{10}=2$
$\Rightarrow x=2-\frac{7}{10}$
$\Rightarrow x = 13/10$

(8) $x = 1/(7-4\sqrt{3})$ और $xy = 1$ है, तब $\{1/(x+1)+1/(y+1)\}$ का मान ज्ञात कीजिये -
(a) 5 (b) 9
(c) 0 (d) 1
उत्तर - (d) 1
व्याख्या - $xy = 1$
$\Rightarrow x = 1/y$
x का मान $\{1/(x+1)+1/(y+1)\}$ में रखते हैं
$\Rightarrow \{1/(1/y+1)+1/(y+1)\}$
$\Rightarrow \{y/(1+y)+1/(y+1)\}$
$\Rightarrow (y+1)/(y+1)$
$\Rightarrow 1$

(9) सबसे छोटी भिन्न ज्ञात कीजिये -
(a) (12/5 + 8/3)
(b) (11/4 + 7/2)
(c) (10/3 + 9/4)
(d) (9/2 + 6/5)
उत्तर - (a) (12/5 + 8/3)
व्याख्या - भिन्न को हल करने और दशमलव में बदलने पर
$\Rightarrow (12/5 + 8/3) = 76/15 = 5.067$
$\Rightarrow (11/4 + 7/2) = 25/4 = 6.25$
$\Rightarrow (10/3 + 9/4) = 67/12 = 5.583$
$\Rightarrow (9/2 + 6/5) = 57/10 = 5.7$
$\therefore$ सबसे छोटा भिन्न (12/5 + 8/3) है।

(10) यदि $a^2 + b^2 + c^2 + 96 = 8(a + b - 2c)$ तो, $\sqrt{(ab-bc+ca)}$ बराबर है -
(a) 6 (b) $2\sqrt{3}$
(c) $2\sqrt{2}$ (d) 4
उत्तर - (d) 4
व्याख्या - $a^2 + b^2 + c^2 + 96 = 8(a + b - 2c)$ या हम यह लिख सकते हैं $a^2 + b^2 + c^2 + 96 = 2(4a + 4b - 8c)$ अब, हम कह सकते हैं कि a, b और c के गुणांक भी क्रमशः a, b और c के मान हैं।
$a = 4$, $b = 4$ और $c = -8$
जब, a, b और c का मान $\sqrt{(ab-bc+ca)}$ में रखें
$\Rightarrow \sqrt{(4\times4-4\times(-8)+(-8)\times4)}$
$\Rightarrow \sqrt{(16+32-32)}$
$\Rightarrow \sqrt{16}$
$\Rightarrow 4$

(11) यदि $P = 7$ है, तब $(P^5 - 8P^4 + 8P^3 - 8P^2 + 8P + 5)$ का मान ज्ञात कीजिये -
(a) 22 (b) 12
(c) 0 (d) -2
उत्तर - (b) 12
व्याख्या - $(P^5 - 8P^4 + 8P^3 - 8P^2 + 8P + 5)$
$\Rightarrow (P^5 - 7P^4 - P^4 + 7P^3 + P^3 - 7P^2 - P^2 + 7P + P + 5)$
$\Rightarrow [P^4(P-7) - P^3(P - 7) + P^2(P - 7) - P(P - 7) + P + 5]$
$\Rightarrow P = 7$
$\Rightarrow 0 - 0 + 0 - 0 + 7 + 5$
$\Rightarrow 12$

(12) $\frac{(0.35)^2+0.70+1}{2.25}+0.19$ का वर्गमूल क्या होगा -
(a) 3 (b) 2
(c) 1 (d) 4
उत्तर - (c) 1
व्याख्या - $\frac{(0.35)^2+0.70+1}{2.25}+0.19$
$\Rightarrow \frac{0.1225+0.70+1+0.4275}{2.25}$
$\Rightarrow \frac{2.25}{2.25}=1$

(13) वह संख्या क्या है जिसके छठे हिस्से में 8 जोड़ने पर वह इसके चौथे हिस्से में 10 घटने के बाद प्राप्त संख्या के बराबर हो जाती है -
(a) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(b) 198
(c) 216
(d) 8/3
उत्तर - (c) 216
व्याख्या - माना कि संख्या x है।
$\Rightarrow$ इसलिए छठा हिस्सा = $x/6$
$\Rightarrow$ चौथा हिस्सा = $x/4$
$\Rightarrow$ दिया हुआ है,
$\Rightarrow x/6+8 = x/4 - 10$
$\Rightarrow 8+10 = x/4 - x/6$
$\Rightarrow 18 = x/12$
अतः $x = 18 \times 12 = 216$

(14) $f(x) = 4x^3 - 2x^2 + 5x - 8$ को $(x-2)$ से भाग देने पर शेषफल क्या होगा -
(a) 26 (b) 16
(c) 42 (d) 18
उत्तर - (a) 26
व्याख्या - दिया गया व्यंजक
$f(x) = 4x^3 - 2x^2 + 5x - 8$
जब बहुपद $(x-2)$ से विभाजित होता है, तो $x = 2$ रखते हैं
$f(2) = 4\times2^3 - 2\times2^2 + 5\times2 - 8$
$= 32 - 8 + 10 - 8$
$= 26$
$\therefore$ शेषफल 26 है।

(15) यदि $x^a = y$, $y^b = z$ और $z^c = x$ है, तो abc का मान ज्ञात कीजिए -
(a) 0 (b) 1
(c) -1 (d) 2
उत्तर - (b) 1
व्याख्या - $y^b = z$
$x^a = y$
$z^c = x$
बाएं पक्ष और दाएं पक्ष का गुणा करने पर,
$x^a y^b z^c = xyz$
$a = b = c = 1$
$abc = 1$

(16) यदि समीकरण $x^2 + 2(2 + K)x + K^2 = 0$ के समान मूल हैं, तो K का मान क्या होगा -
(a) 0 (b) 1
(c) -1 (d) 1/2
उत्तर - (c) -1
व्याख्या - समीकरण $x^2 + 2(2 + K)x + K^2 = 0$,
समान मूल के लिए
$b^2 - 4ac = 0$
$\Rightarrow b^2 - 4ac = 4(2 + K)^2 - 4K^2 = 0$
$\Rightarrow 16 + 4K^2 + 16K - 4K^2 = 0$
$\Rightarrow 16 + 16K = 0$
$\therefore K = -1$

(17) एक कंपनी को 15 दिनों के लिए एक किले में रहने वाले 250 अपेक्षित सैनिकों की एक पलटन के लिए 'x' इकाई खाना भेजना था। यदि सैनिकों की कुल संख्या 350 हो गई है, तो कंपनी को आपूर्ति में कितनी वृद्धि करनी चाहिए -
(a) $0.2x$ (b) $0.4x$
(c) $1.2x$ (d) $1.4x$
उत्तर - (b) $0.4x$
व्याख्या - 15 दिनों के लिए 250 सैनिकों के लिए आवश्यक भोजन = 250 x15 इकाई
$x = 250 \times 15 = 3750$
15 दिनों के लिए 350 सैनिकों के लिए आवश्यक भोजन = 350 x 15 इकाई
$350 \times 15 = 5220 = 1.4 \times 3750 = 1.4x$
खाद्य आपूर्ति में वृद्धि = $1.4x - x = 0.4x$

(18) $\frac{\sin^6\theta-\cos^6\theta}{\sin^2\theta-\cos^2\theta}$ किसके बराबर है -
(a) $\sin^4\theta-\cos^4\theta$
(b) $1-\sin^2\theta\cos^2\theta$
(c) $1+\sin^2\theta\cos^2\theta$
(d) $1-3\sin^2\theta\cos^2\theta$
उत्तर - (b) $1-\sin^2\theta\cos^2\theta$
व्याख्या - $\frac{\sin^6\theta-\cos^6\theta}{\sin^2\theta-\cos^2\theta}$
$= \frac{(\sin^2\theta)^3-(\cos^2\theta)^3}{\sin^2\theta-\cos^2\theta}$
$= \frac{(\sin^2\theta-\cos^2\theta)}{(\sin^2\theta-\cos^2\theta)}\times(\cos^4\theta + \sin^4\theta + \cos^2\theta\sin^2\theta)$
$= (\cos^4\theta + \sin^4\theta + \sin^2\theta\cos^2\theta)$
$= (\cos^2\theta + \sin^2\theta)^2 - 2\sin^2\theta\cos^2\theta + \sin^2\theta\cos^2\theta$
$= (\cos^2\theta + \sin^2\theta)^2 - \sin^2\theta\cos^2\theta$
$= 1 - \sin^2\theta\cos^2\theta$

(19) 65 किमी/घंटा की गति से चलती हुई एक रेलगाड़ी, विपरीत दिशा से 7 किमी/घंटे की गति से चलते हुए किसी व्यक्ति को 13 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिये -
(a) 230 मीटर (b) 260 मीटर
(c) 270 मीटर (d) 280 मीटर
उत्तर - (b) 260 मीटर
व्याख्या - रेलगाड़ी की गति = 65 किमी/घंटा
व्यक्ति की गति = 7 किमी/घंटा
चूंकि रेलगाड़ी और व्यक्ति दोनों एक दूसरे की विपरीत दिशा में हैं।
सापेक्ष गति = रेलगाड़ी की गति + व्यक्ति की गति = 65 + 7 = 72 किमी/घंटा
सापेक्ष गति $= 72 \times \frac{5}{18} =$ 20 मी./से.
व्यक्ति को पार करने में रेलगाड़ी को लगा समय = 13 सेकंड
रेलगाड़ी की लंबाई = सापेक्ष गति x व्यक्ति को पार करने में रेलगाड़ी को लगा समय = 20 x 13 = 260 मीटर

(20) 36, 28, 43, 56, 74, 65, 12 और x का औसत 45 है। x का मान क्या है -
(a) 46 (b) 49
(c) 42 (d) 40
उत्तर - (a) 46
व्याख्या - दिया है, 36, 28, 43, 56, 74, 65, 12 और x का औसत 45 है।
इसीलिए, $(36+28+43+56+74+65+12+x)/8 = 45$
$\Rightarrow 314 + x = 360$
$\Rightarrow x = 360 - 314$
$\therefore x = 46$

(21) यदि $\tan^2A+\cot^2A - 2 = x$ है, $(\sec^2A+\operatorname{cosec}^2A)$ का मान ज्ञात कीजिये -
(a) $x - 4$ (b) $x - 2$
(c) $x + 2$ (d) $x + 4$
उत्तर - (d) $x + 4$
व्याख्या - दिया है, $\tan^2A+\cot^2A - 2 = x$
$\Rightarrow \tan^2A + \cot^2A = x + 2$
जैसा कि हम जानते हैं।
$\sec^2\theta = 1 + \tan^2\theta$
$\operatorname{cosec}^2\theta = 1 + \cot^2\theta$
हम लिख सकते हैं,
$(\sec^2A+\operatorname{cosec}^2A)$
$= 2 + \tan^2A + \cot^2A$
$= 2 + x + 2$
$= x + 4$

(22) तीन संख्याओं 1, 13 और 43 में x इस प्रकार जोड़ा जाता है कि गठित सबसे बड़ी संख्या बाकी दो संख्याओं की तृतीयानुपाती है। इस प्रकार गठित तीन संख्याओं का गुणनफल ज्ञात कीजिये -
(a) 2000 (b) 4000
(c) 6000 (d) 8000
उत्तर - (d) 8000
व्याख्या - यदि a : b = b : c, तो 'c' a और b का तृतीयानुपाती है, अतः हम लिख सकते हैं,
$\Rightarrow (x+1):(x+13) = (x+13):(x+43)$
$\Rightarrow (x+1)(x+43) = (x+13)^2$
$\Rightarrow x^2+44x+43 = x^2+26x+169$
$\Rightarrow 44x - 26x = 169 - 43$
$\Rightarrow x = 126/18 = 7$
$\therefore$ तीन नंबरों का गुणनफल = $(x+1)(x+13)(x+43) = 8 \times 20 \times 50 = 8000$

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

पर्यावरण अध्ययन

1. सामाजिक जीवन की प्रारंभिक पाठशाला किसे कहा जाता है?
(अ) समाज (ब) परिवार
(स) गांव (द) सभी
उत्तर- (ब) परिवार

2. परिवार की सामान्य विशेषता क्या होती है?
(अ) वंशवृद्धि (ब) विवाह संबंध
(स) निवास (द) ये सभी
उत्तर- (द) ये सभी

3. विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की किस प्रवृत्ति पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाना आवश्यक है?
(अ) पोषण व स्वास्थ्य
(ब) शिक्षा
(स) कॅरियर
(द) खेलकूद
उत्तर- (अ) पोषण व स्वास्थ्य

4. 'साहीवाल' व 'रेड सिंधी' किस जानवर की प्रसिद्ध नस्ल हैं?
(अ) भैंस (ब) घोड़ा
(स) गाय (द) कुत्ता
उत्तर- (स) गाय

5. 'रेगिस्तान के जहाज' के नाम से विख्यात जानवर कौन-सा है?
(अ) ऊंट (ब) घोड़ा
(स) खच्चर (द) लोमड़ी
उत्तर- (अ) ऊंट

6. मध्यकालीन विश्व में किस एक जानवर का सर्वाधिक उपयोग युद्धों में किया गया?
(अ) गाय (ब) घोड़ा
(स) बकरी (द) हाथी
उत्तर- (ब) घोड़ा

7. खेजड़ी नामक पेड़ भारत के किस भाग में पाया जाता है?
(अ) पर्वतीय (ब) पठारी
(स) मैदानी (द) मरुस्थलीय
उत्तर- (द) मरुस्थलीय

8. नागफनी में प्रकाश संश्लेषण कैसे होता है?
(अ) कांटों से (ब) पत्तियों से
(स) तने से (द) उपरोक्त सभी से
उत्तर- (स) तने से

9. कीट भक्षी पादप में किस तत्व की कमी होती है?
(अ) कार्बन (ब) नाइट्रोजन
(स) सल्फर (द) पोटेशियम
उत्तर (ब) नाइट्रोजन

10. मृदा संरक्षण के लिये कौन-सा एक उपाय नहीं है?
(अ) वन की कटाई
(ब) वृक्षारोपण
(स) समोच्च कृषि
(द) रक्षक मेखला
उत्तर- (अ) वन की कटाई

11. भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत कब हुई थी?
(अ) 1972 में (ब) 1992 में
(स) 1982 में (द) 1973 में
उत्तर- (द) 1973 में

12. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
(अ) 5 जून को
(ब) 22 मार्च को
(स) 16 सितम्बर को
(द) 22 मई को
उत्तर- (अ) 5 जून को

13. टेनिस में कुल कितने ग्रैंड स्लैम प्रतिवर्ष आयोजित किये जाते हैं?
(अ) 5 (ब) 4
(स) 8 (द) 2
उत्तर- (ब) 4

14. मंडूक का क्या अर्थ होता है?
(अ) मेंढ
(ब) सांप
(स) मेंढक
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (स) मेंढक

15. भारतीय परम्परा में कितने संस्कार माने गये हैं?
(अ) 4 (ब) 36
(स) 64 (द) 16
उत्तर- (द) 16

16. 'कठपुतली' नाटक प्रमुखतः किस राज्य में प्रचलित है?
(अ) राजस्थान (ब) उत्तरप्रदेश
(स) पंजाब (द) मध्यप्रदेश
उत्तर- (अ) राजस्थान

17. पुस्तकों के अध्ययन से क्या-क्या लाभ हैं?
(अ) भावों में वृद्धि
(ब) चिंतन-मनन में वृद्धि
(स) मनोरंजन
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर (द) उपरोक्त सभी

18. प्रसिद्ध कुम्भ मेले का आयोजन मध्यप्रदेश में कहां किया जाता है?
(अ) शिवपुरी (ब) उज्जैन
(स) भोपाल (द) विदिशा
उत्तर (ब) उज्जैन

19. भिलाई इस्पात कारखाना किस देश के सहयोग से स्थापित किया गया है?
(अ) जापान (ब) ब्रिटेन
(स) रूस (द) जर्मनी
उत्तर- (स) रूस

20. प्रसिद्ध 'माचिस और पटाखा' उत्पादन केंद्र शिवकाशी किस राज्य में स्थित है?
(अ) केरल (ब) तमिलनाडु
(स) महाराष्ट्र (द) ओडिशा
उत्तर- (ब) तमिलनाडु

21. निम्नांकित जानवरों में से कौन एक उभयचर है?
(अ) व्हेल
(ब) ऊंट
(स) दरियाई घोड़ा
(स) मगरमच्छ
उत्तर- (द) मगरमच्छ

22. शौचालयों में क्या होना जरूरी है?
(अ) समाचार पत्र का
(ब) संगीत का
(स) जल की आपूर्ति
(द) उपरोक्त सभी का
उत्तर- (स) जल की आपूर्ति

23. मानव रक्त का pH मान कितना होता है?
(अ) 7.4 (ब) 6.2
(स) 8.4 (द) 9.2
उत्तर- (अ) 7.4

24. रक्त समूह की खोज किसके द्वारा की गयी थी?
(अ) मेक्कुलाच
(ब) लुई पाश्चर
(स) लैण्ड स्टीनर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) लैण्ड स्टीनर

25. एलिसा (ELISA) नामक जांच किस बीमारी के लिये की जाती है?
(अ) चिकनगुनिया (ब) एड्स
(स) मलेरिया (द) गोनोरिया
उत्तर- (ब) एड्स

26. रक्त का थक्का जमाने में कौन-सा विटामिन आवश्यक भूमिका निभाता है?
(अ) विटामिन C (ब) विटामिन A
(स) विटामिन D (द) विटामिन K
उत्तर- (द) विटामिन K

27. वर्तमान में महासागरों में होने वाली जल स्तर वृद्धि का क्या कारण है?
(अ) अधिक वर्षा
(ब) सीमित वर्षा
(स) अम्ल वर्षा
(द) ध्रुवीय प्रदेश में बर्फ पिघलना
उत्तर- (द) ध्रुवीय प्रदेश में बर्फ पिघलना

28. किसी जलीय संरचना जैसे नदी, झरने आदि के जल का प्रदूषण स्तर कैसे मापा जाता है?
(अ) ATP से
(ब) GOI से
(स) BOD से
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) BOD से

29. 'भोपाल गैस त्रासदी' किस गैस के कारण हुई थी?
(अ) मिथाइल आइसो-सायनेट
(ब) इथाइल आइसो-सायनेट
(स) मिथाइल ब्यूटाडाइन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) मिथाइल आइसो-सायनेट

30. भूकम्प का मापन किस पर किया जाता है?
(अ) अर्थक्विक स्पेक्टोमीटर
(ब) रिक्टर स्केल
(स) बोफोर्ट पैरामीटर
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (ब) रिक्टर स्केल

31. सुनामी किस भाषा का शब्द है?
(अ) चीनी (ब) जापानी
(स) अरेबियन (द) लैटिन
उत्तर- (ब) जापानी

32. 'फैटमैन' नामक परमाणु बम का प्रयोग किस देश पर किया गया था?
(अ) जापान (ब) रूस
(स) चीन (द) कनाडा
उत्तर- (अ) जापान

33. आपदा प्रबंधन अधिनियम किस वर्ष से लागू किया गया है?
(अ) 2011 (ब) 1999
(स) 2005 (द) 2018
उत्तर- (स) 2005

34. सोयाबीन किस राज्य की सर्वप्रमुख फसल है?
(अ) राजस्थान (ब) मध्यप्रदेश
(स) उत्तरप्रदेश (द) पंजाब
उत्तर- (ब) मध्यप्रदेश

35. रासायनिक उर्वरक का उदाहरण कौन-सा एक नहीं है?
(अ) पोटाश (ब) यूरिया
(स) फास्फेट (द) कम्पोस्ट
उत्तर- (द) कम्पोस्ट

36. निम्न में से कौन-सी एक रबी की फसल है?
(अ) कपास
(ब) मूंगफली
(स) गेहूं
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) गेहूं

37. भारत का कौन-सा राज्य लीची के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है?
(अ) बिहार (ब) असम
(स) केरल (द) तमिलनाडु
उत्तर- (अ) बिहार

38. मध्यप्रदेश में ग्रीष्म ऋतु को किस नाम से जाना जाता है?
(अ) युनाला (ब) सियाला
(स) त्रिमासा (द) चौमासा
उत्तर- (अ) युनाला

39. विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है?
(अ) 16 दिसम्बर
(ब) 16 सितम्बर
(स) 16 अक्टूबर
(द) 16 मार्च
उत्तर- (ब) 16 सितम्बर

40. किस महाद्वीप में अधिकतम राष्ट्र पाये जाते हैं?
(अ) यूरोप (ब) एशिया
(स) अफ्रीका (द) ऑस्ट्रेलिया
उत्तर- (स) अफ्रीका

41. विश्व का सर्वाधिक संभावित आयु वाला राष्ट्र कौन-सा है?
(अ) चीन (ब) जापान
(स) मिस्र (द) जर्मनी
उत्तर- (ब) जापान

42. एक घरेलू सिलेण्डर में कितनी गैस होती है?
(अ) 13.6 kg (ब) 15.6 kg
(स) 16.6 kg (द) 14.2 kg
उत्तर- (द) 14.2 kg

43. मानव शरीर में रक्त की कमी से कौन-सा रोग या बीमारी होती है?
(अ) एनीमिया (ब) पायरिया
(स) टी.बी. (द) ये सभी
उत्तर- (अ) एनीमिया

44. सूर्य की हानिकारक कौन-सी किरणें ओजोन परत द्वारा रोक ली जाती हैं?
(अ) गामा किरणें
(ब) बीटा किरणें
(स) X किरणें
(द) पराबैंगनी किरणें
उत्तर- (द) पराबैंगनी किरणें

45. पर्यावरण के लिये अधिक हानिकारक क्या है?
(अ) प्लास्टिक (ब) अखबार
(स) कपड़ा (द) धातु
उत्तर- (अ) प्लास्टिक

46. निम्न में से ग्रीन हाउस गैस कौन-सी है?
(अ) ऑक्सीजन
(ब) मीथेन
(स) सल्फर ट्राईऑक्साइड
(द) ये सभी
उत्तर- (ब) मीथेन

-सुजय जैन
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

मध्यप्रदेश में नहीं बिकेंगे चीनी पटाखे, होगी दण्डात्मक कार्रवाई

भोपाल, मध्यप्रदेश में चीनी पटाखे बेचना एवं उनका उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा करने पर 'एक्सप्लोसिव एक्ट' की संबंधित धारा के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। जनता से अपील है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत लोकल को वोकल बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों को खरीदा जाए। दीपावली के दौरान मिट्टी के दिए खरीदें, जिससे स्थानीय कुम्हारों को रोज़गार मिले। प्रदेश में लव जिहाद एवं शादी के लिए धर्म परिवर्तन किसी भी रूप में नहीं चलेगा। यह पूर्ण रूप से अवैध और गैर-कानूनी है। इसके खिलाफ प्रदेश में कानून बनाया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था के संबंध में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में अपराधी तत्वों, विशेष रूप से बेटियों के विरुद्ध अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में नियमित रूप से फॉलोअप किया जाए।

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रदेश में रेत आदि खनिजों का अवैध रूप से खनन एवं परिवहन सख्ती से रोका जाए। इसी के साथ जो लाइसेंसधारी ठेकेदार हैं, उन्हें पूरा संरक्षण प्रदाय किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि फर्जी चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो, जिससे जनता को कोई ठग न सके। इस संबंध में केवल इन कंपनियों के एजेंटों के विरुद्ध कार्रवाई से काम नहीं चलेगा, उनके मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में कहीं भी अवैध शराब का निर्माण अथवा विक्रय नहीं होना चाहिए। उज्जैन में जहरीली शराब जैसी दुर्घटना और कहीं नहीं होनी चाहिए।

प्रदेश में सिंचाई के लिए बिजली प्रदाय का फ्लेक्सी प्लान लागू होगा

भोपाल, मध्यप्रदेश में जनता को सिंचाई के लिए भरपूर बिजली प्रदाय करने एवं बिजली की बचत के उद्देश्य से 'फ्लेक्सी प्लान' लागू किया जाएगा। इस योजना के लागू होने से एक तरफ किसानों को उनकी सुविधा अनुसार भरपूर बिजली मिलती रहेगी, वहीं प्रतिदिन लगभग 1.5 हजार मेगावॉट बिजली बचेगी, जिससे प्रतिदिन लगभग एक करोड़ रुपये की बचत होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में ऊर्जा विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में कहीं।

दिन में बिजली प्रदाय के घंटे बढ़ाये

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में किसानों को सिंचाई के लिए दिन-रात में बिजली दी जाती है। रबी में सर्दी में खेतों में सिंचाई करना किसानों के लिए कष्टकारक होता है, अतः दिन में सिंचाई के लिए बिजली प्रदाय के घंटे बढ़ाए जाएं। यथासंभव किसानों को सिंचाई के लिए बिजली दिन में प्रदाय की जाए।

श्री चौहान ने कहा कि वर्तमान में गुजरात में किसानों को सिंचाई के लिए पूरी बिजली दिन में ही दी जा रही है। उन्होंने प्रमुख सचिव को निर्देश दिए कि गुजरात मॉडल स्टडी कर मध्यप्रदेश में किसानों की सुविधा एवं आवश्यकता की दृष्टि से बिजली प्रदाय की जाए।

जागरूकता अभियान चलाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों और किसानों को सस्ती बिजली प्रदाय के साथ ही यह भी आवश्यक है कि उपभोक्ता बिजली बिलों का नियमित रूप से भुगतान करें। इसके लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।

क्या है 'फ्लेक्सी प्लान'

प्रदेश में वर्तमान में 11 किलोवॉट कृषि फीडरों से सिंचाई की बिजली दिन में 6 घंटे तथा रात में 4 घंटे प्रदाय की जाती है। 'फ्लेक्सी प्लान' के अंतर्गत इतने ही समय बिजली प्रदाय की जाएगी, परंतु पीक लोड के समय को छोड़कर कम लोड के समय बिजली प्रदाय की जाएगी। प्रातः 9 बजे सर्वाधिक लोड का समय होता है। अतः इस समय को छोड़कर बिजली दी जाएगी। फ्लेक्सी प्लान के अंतर्गत 'ए' 'बी' एवं 'सी' समूह में बिजली दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत प्रतिदिन बिजली की अधिकतम मांग 16 हजार मेगावॉट से घटकर 14 हजार 766 मेगावॉट हो जाना अपेक्षित है। बिजली की मांग घटने से किसानों को अतिरिक्त बिजली दी जा सकेगी तथा अन्य राज्यों को बिजली बेची भी जा सकेगी।

एमपीएल बना टीम इंडिया का नया किट स्पॉन्सर

मुंबई, फैंटसी गेमिंग से जुड़ी कंपनी मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) टीम इंडिया की नई किट स्पॉन्सर बन गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और एमपीएल के बीच अगले तीन वर्षों के लिये किट स्पॉन्सरशिप का करार हुआ है। यह करार नवम्बर 2020 से दिसम्बर 2023 तक के लिये हुआ है।

बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुये बताया कि बीसीसीआई और एमपीएल के बीच किट स्पॉन्सरशिप के लिये करार हुआ है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की सीनियर काउंसिल ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिये किट स्पॉन्सर के रूप में एमपीएल के साथ करार को मंजूरी दी है। यह करार भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम, महिला क्रिकेट टीम, इंडिया-ए तथा भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम पर लागू होगा।

सितम्बर में नाइकी का करार हुआ खत्म

एमपीएल से पहले स्पोर्ट्स से जुड़े सामान बनाने वाली कंपनी नाइकी के पास भारतीय क्रिकेट टीम की किट स्पॉन्सरशिप थी। नाइकी वर्ष 2006 से टीम इंडिया के साथ जुड़ी थी। नाइकी ने वर्ष 2016 से 2020 तक के लिये 370 करोड़ रुपये में बीसीसीआई के साथ करार किया था। नाइकी का करार सितम्बर 2020 में खत्म हो गया है। कोरोना महामारी के वैश्विक प्रभाव के कारण कारोबारी नुकसान तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट ठप्प होने के कारण नाइकी करार में विस्तार चाह रही थी। बीसीसीआई ने नाइकी के साथ बातचीत के बाद करार को आगे नहीं बढ़ाने और नई बोली आयोजित कराने का फैसला लिया था।

बीसीसीआई ने घटाई थी बेस प्राइज

बीसीसीआई ने किट स्पॉन्सरशिप की बोली के लिये जारी टेंडर में बेस प्राइज में कमी की थी। बीसीसीआई को नाइकी से प्रति मैच 88 लाख रुपये मिलते थे, लेकिन इस बार बीसीसीआई ने अपनी बेस प्राइज प्रति मैच 61 लाख की थी। एमपीएल ने यह करार 65 लाख रुपये प्रति मैच की दर पर हासिल किया है। बीसीसीआई को प्रति मैच लगभग 23 लाख रुपये कम मिलेंगे।

आईपीएल की स्पॉन्सर है ड्रीम इलेवन

यह पहला अवसर नहीं है, जब किसी फैंटसी गेमिंग कंपनी ने बीसीसीआई के साथ करार किया है। एमपीएल से पहले ड्रीम इलेवन ने बीसीसीआई की लोकप्रिय प्रतियोगिता इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की वर्ष 2020 के लिये टाइटल स्पॉन्सरशिप हासिल की थी।

- एमपीएल वर्ष 2020 से 2023 तक टीम इंडिया का किट स्पॉन्सर रहेगा।
- एमपीएल प्रति मैच बीसीसीआई को 65 लाख रुपये भुगतान करेगा।
- इस करार से बीसीसीआई को अगले तीन वर्षों में 120 करोड़ रुपये मिलेंगे।
- एमपीएल, बीसीसीआई को मर्चेंटाइस पर प्रति सत्र 10 प्रतिशत रॉयल्टी भी देगा।
- नाइकी ने पिछले करार के तहत बीसीसीआई को 30 करोड़ रुपये की रॉयल्टी दी थी।

खेल चर्चा

बार्सिलोना एफसी के अध्यक्ष बार्तोमेयु ने दिया इस्तीफा

बार्सिलोना, स्पेन के प्रमुख फुटबॉल क्लब बार्सिलोना के अध्यक्ष जोसेफ बार्तोमेयु ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले एक दशक में क्लब के सबसे खराब प्रदर्शन के बाद बार्तोमेयु ने बोर्ड के सभी निदेशकों के साथ त्यागपत्र देने की घोषणा की। बार्तोमेयु ने इस्तीफा देने के साथ यूरोपीय सुपर लीग में बार्सिलोना के शामिल होने की घोषणा भी की।

हैमिल्टन ने जीती एमिलिया रोमाग्ना ग्रांप्री

इमोला, ब्रिटेन के अनुभवी रेसर लुईस हैमिल्टन ने इटली में आयोजित एमिलिया रोमाग्ना फॉर्मुला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया है। हैमिल्टन ने 63 लैप की इस रेस को 1 घंटा 28 मिनट 32.430 सेकेंड में पूरा किया। इस रेस में हैमिल्टन के टीम साथी वाल्टेरी बोटास दूसरे, डेनियल रिकियार्डो तीसरे, डेनिल क्वाट चौथे तथा चार्ल्स लेकलर्क पांचवें स्थान पर रहे। यह इस सत्र में हैमिल्टन की 13 में से नौवीं जीत है। इस जीत के साथ हैमिल्टन ने इस वर्ष ड्राइवर चैंपियनशिप में अपनी पोजीशन मजबूत कर ली है।

चार देशों की टीमें करेंगी दक्षिण अफ्रीका का दौरा

केपटाउन, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने 2020-21 सत्र के लिये अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की घोषणा की है। दक्षिण अफ्रीका आगामी महीनों में इंग्लैंड, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों की मेजबानी करेगा। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 27 नवम्बर से 9 दिसम्बर तक तीन मैचों की ट्वेंटी-20 तथा तीन मैचों की वन-डे सीरीज खेली जायेगी। इसके बाद 26 दिसम्बर से 7 जनवरी तक दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम फरवरी-मार्च 2021 में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिये दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। इसके बाद पाकिस्तान की क्रिकेट टीम अप्रैल 2021 में दक्षिण अफ्रीका में वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज खेलेगी।

रितु फोगाट ने एमएमए में लगाई जीत की हैट्रिक

सिंगापुर, पहलवानी के बाद अब मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में रितु फोगाट धमाल मचा रही हैं। रितु ने एमएमए में जीत की हैट्रिक लगाई है। रितु ने एमएमए चैंपियनशिप में अपने तीसरे मैच में कंबोडिया की नाऊ सरे पोव को हराया। रितु ने मुकाबले के दूसरे राउंड में पोव पर तावड़तोड़ हमले कर उन्हें चित किया। इसके बाद रेफरी ने मैच रोक दिया। तीसरे राउंड से पहले ही रितु को टेक्निकल नॉक आउट में विजेता घोषित किया गया। रितु ने नवम्बर 2019 में एमएमए में डेब्यू किया था।

डेरेन क्लार्क ने जीता पहला पीजीए टूर खिताब

फ्लोरिडा, आयरलैंड के पेशेवर गोल्फर डेरेन क्लार्क ने टिम्बर टेक गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। यह क्लार्क का पहला पीजीए टूर खिताब है। क्लार्क ने 5 बार बर्डी लगाकर जिम फ्यूरिक और बर्नार्ड लैंगर पर जीत हासिल की। क्लार्क ने चैंपियनशिप में कुल 17 अंडर 199 का स्कोर बनाया।

अलीम डार ने वन-डे में अंपायरिंग का बनाया रिकॉर्ड

रावलपिंडी, पाकिस्तान के अंपायर अलीम डार ने वन-डे क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अलीम ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैचों में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाने का रिकॉर्ड बनाया है। अलीम ने पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेली जा रही वन-डे सीरीज के दूसरे मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। बतौर अंपायर यह अलीम डार का 210वां वन-डे मैच था। अलीम ने वन-डे में अंपायरिंग के मामले में दक्षिण अफ्रीका के रूडी कर्टजन (209) को पीछे छोड़ा है। अलीम के नाम सर्वाधिक टेस्ट मैचों में अंपायरिंग करने का रिकॉर्ड भी है।

क्रिस्टियन कोलमैन पर लगा दो वर्ष का प्रतिबंध

मोनाको, अमेरिका के युवा फर्राटा धावक क्रिस्टियन कोलमैन पर डोपिंग नियंत्रण से जुड़े तीन नियमों का उल्लंघन करने के लिये दो वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। एथेलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कहा कि 100 मीटर दौड़ के विश्व चैंपियन कोलमैन पर प्रतिबंध मई 2022 तक लागू रहेगा, इसके कारण कोलमैन टोक्यो ओलिंपिक में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। कोलमैन ने वर्ष 2019 में दोहा में आयोजित एथेलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर दौड़ तथा 4x100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। कोलमैन को वर्ष 2019 में तीन बार डोपिंग सैंपल देने के लिये उपस्थित न होने के कारण मई 2020 में अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया था।

जिम्बाब्वे ने सुपर ओवर में पाकिस्तान को हराया

रावलपिंडी, पाकिस्तान दौरे पर वन-डे सीरीज खेल रही जिम्बाब्वे की क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को हराकर सभी को चौंका दिया है। जिम्बाब्वे ने वन-डे सीरीज के तीसरे तथा आखिरी मैच में पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। पाकिस्तानी टीम पहले ही वन-डे सीरीज अपने नाम कर चुकी है। पाकिस्तान ने सीरीज का पहला मैच 26 रन से तथा दूसरा मैच 6 विकेट से जीता था।

तीसरे मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिम्बाब्वे के 3 विकेट महज 22 रन पर गिर गये थे। इसके बाद ब्रैंडन टेलर (56), सीन विलियम्स (118) और सिकंदर रजा (45) ने शानदार पारी खेलकर टीम को 278 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। विशाल लक्ष्य के सामने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज लड़खड़ा गये। दोनों बल्लेबाज महज 6 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गये। कप्तान बाबर आजम एक छोर पर टिके रहे। आजम का साथ निचले क्रम के बल्लेबाज बहाव रियाज (52) और खुशदिल शाह (33) ने दिया। आजम ने 125 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 278 रन ही बना सकी।

मैच टाई होने के बाद विजेता का फैसला सुपर ओवर से हुआ। पाकिस्तान के बल्लेबाज सुपर ओवर में महज दो रन ही बना सके। जिम्बाब्वे के गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने सुपर ओवर की पहली गेंद पर इफ्तिखार अहमद तथा चौथी गेंद पर खुशदिल शाह को आउट कर जिम्बाब्वे का काम आसान कर दिया। जिम्बाब्वे की टीम ने 3 गेंदों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज का कार्यक्रम घोषित

मेलबर्न, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली वन-डे, ट्वेंटी-20 और टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलियाई दौरा 69 दिन तक चलेगा।

भारतीय टीम आईपीएल फाइनल के बाद 12 नवम्बर को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगी। इसके बाद टीम इंडिया 14 दिनों तक क्वारेंटाइन में रहेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार दौरे की शुरुआत वन-डे सीरीज से होगी। सीरीज का पहला मैच 27 नवम्बर तथा दूसरा मैच 29 नवम्बर को होगा, जो सिडनी में खेला जायेगा। वहीं तीसरा मैच 2 दिसम्बर को कैनबरा में खेला जायेगा।

वन-डे के दो दिन बाद ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज खेली जायेगी। सीरीज का पहला मैच 4 दिसम्बर को कैनबरा में होगा। सीरीज का दूसरा मैच 6 दिसम्बर तथा तीसरा मैच 8 दिसम्बर को सिडनी में खेला जायेगा।

इसके बाद दोनों देशों के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज (बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी) खेली जायेगी। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 17 से 21 दिसम्बर तक एडिलेड में खेला जायेगा। यह मैच डे-नाइट टेस्ट होगा। दूसरा टेस्ट मैच 26 से 30 दिसम्बर तक मेलबर्न में खेला जायेगा। ये बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच कहलायेगा। तीसरा टेस्ट मैच 7 से 11 जनवरी तक सिडनी में खेला जायेगा। सीरीज का चौथा तथा अंतिम टेस्ट मैच 15 से 19 जनवरी तक ब्रिस्बेन में खेला जायेगा।

- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहली बार डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जायेगा।
- भारत ने अब तक एक तथा ऑस्ट्रेलिया ने सात डे-नाइट टेस्ट मैच खेले हैं।
- भारत ने वर्ष 2018 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीती थी।

अलेक्सिस वेस्टीन अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट

अमित, आशीष और संजीत ने जीते स्वर्ण पदक

नांतेस, भारत के दिग्गज मुक्केबाज अमित पंघल, आशीष और संजीत ने फ्रांस में आयोजित अलेक्सिस वेस्टीन अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक जीते हैं।

टूर्नामेंट में अमित ने 52 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में अमेरिका के रेने अब्राहम पेरेज को 3-0 से हराया। अमित को 52 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। अमित पहले ही टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई कर चुके हैं। अमित वर्ष 2018 में आयोजित एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। अमित ने वर्ष 2019 में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में रजत पदक भी अपने नाम किया है।

टूर्नामेंट में संजीत ने 91 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। टूर्नामेंट के फाइनल में संजीत ने फ्रांस के सोहेब बूफिया को आसानी से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इनके अलावा 75 किलोग्राम भारवर्ग में भारत के आशीष कुमार ने भी स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। फाइनल में आशीष का सामना अमेरिका के जोसेफ जेरोम हिक्स के साथ होना था, लेकिन हिक्स चोटिल होने के कारण रिंग में नहीं उतर सके और आशीष को विजेता घोषित किया गया। इस जीत के साथ ही आशीष टोक्यो ओलिंपिक का टिकट हासिल करने के करीब पहुंच गये हैं।

भारत के कविंदर बिष्ट ने 57 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन फाइनल में उन्हें सैमुअल के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के शिव थापा (63 किलोग्राम), सुमित सांगवान (81 किलोग्राम) तथा सतीश कुमार (91 किलोग्राम) ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन वे फाइनल में नहीं पहुंच सके।

बॉक्सिंग रिंग में वापसी करेंगे माइक टायसन

न्यूयॉर्क, अमेरिका के दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन 15 वर्ष बाद एक बार फिर बॉक्सिंग रिंग में वापसी करने जा रहे हैं। टायसन का मुकाबला उनके हमवतन मुक्केबाज रॉय जोन्स से होगा। 54 वर्षीय टायसन ने कहा कि यह प्रदर्शनी मुकाबला नहीं, बल्कि असली मुकाबला है। कैलिफोर्निया के एथेलेटिक आयोग ने टायसन और जोन्स के बीच मुकाबले को मंजूरी दे दी है। टायसन और जोन्स के बीच यह मुकाबला लॉस एंजिलिस स्टैपल्स सेंटर में 28 नवम्बर को होगा। यह मुकाबला आठ राउंड का होगा और हर राउंड दो मिनट का होगा। टायसन ने अपना आखिरी मुकाबला जून 2005 में खेला था। माइक टायसन ने अपने कॅरियर में 58 मुकाबले खेले हैं, इनमें से 50 में उन्होंने जीत दर्ज की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

कनाडा

सामान्य से अधिक प्रवासियों को स्वीकार करेगा

आने वाले तीन वर्षों में कनाडा सामान्य वार्षिक आंकड़ों से अधिक प्रवासियों को स्वीकार करेगा।

- **अगले तीन साल में 12 लाख से अधिक प्रवासियों को स्वीकार करेगा कनाडा।**
- **वर्ष 2021 में 4.01 लाख, 2022 में 4.11 लाख और 2023 में 4.21 लाख हो सकता है यह आंकड़ा।**

कनाडा के इमिग्रेशन मंत्री मार्को मेंडिसिनो ने नए अप्रवासन लक्ष्यों की घोषणा करते हुये कहा कि देश को कामगारों की जरूरत है और उसको पूरा करने का उपाय इमिग्रेशन ही है। उन्होंने कहा कि ये प्रवासी, आबादी और आर्थिक विकास को गति देंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में इनकी अहम् भूमिका होगी। सरकार ने 2020 में 3.5 लाख प्रवासियों को स्वीकार करने का लक्ष्य तय किया था।

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती

प्रधानमंत्री ने एकता दिवस समारोह में हिस्सा लिया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित एकता समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की और एकता का संकल्प लेते हुए इस मौके पर आयोजित एकता दिवस परेड में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केवड़िया के समन्वित विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, जो इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में मददगार साबित होंगी।

एकता के नए आयाम

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब कश्मीर विकास के नए रास्ते की ओर बढ़ चुका है और उसके विकास में जो बाधाएं आ रही थीं, वह पीछे रह गई हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में एकता के नये आयाम स्थापित किए जा रहे हैं और पूर्वोत्तर राज्यों में शांति की स्थापना के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं तथा इस क्षेत्र के विकास के लिए अनेक पहल भी की गई हैं।

आत्मनिर्भर भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 130 करोड़ देशवासी एक साथ मिलकर एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं, जो बहुत ही मजबूत और सक्षम है और जहां सभी के लिए समानता होनी चाहिए तथा सभी के लिए अवसर भी हैं। एक आत्मनिर्भर देश ही अपनी प्रगति और सुरक्षा को लेकर आश्वस्त हो सकता है और रक्षा तथा अनेक क्षेत्रों में देश आत्मनिर्भर बनने की राह पर चल रहा है।

सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास और भारत की संप्रभुता तथा अस्मिता की सुरक्षा

प्रधानमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रति भारत के दृष्टिकोण और सोच में बदलाव आ चुका है। उन्होंने पड़ोसी देशों की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे देश जो भारत की भूमि पर नजर रख रहे हैं, उन्हें करारा जवाब दिया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में देश सैकड़ों किलोमीटर सड़कें, दर्जनों पुलों और अनेक सुरंगों का निर्माण कर रहा है,

केवड़िया और साबरमती रिवरफ्रंट के बीच समुद्री विमान सेवा का उद्घाटन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केवड़िया में एक जलीय हवाई अड्डे और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तथा साबरमती रिवरफ्रंट को जोड़ने के लिए समुद्री विमान सेवा का उद्घाटन किया। यह कार्य अंतिम क्षेत्र तक जलीय हवाई अड्डे बनाने की श्रृंखला का हिस्सा है। इस सुविधा के आने से समुद्री विमान पानी में उतर सकते हैं और वहीं से उड़ान भी भर सकते हैं। यह सुविधा उन क्षेत्रों के लिए अधिक उपयोगी है, जहां जमीन पर उतरने या रनवे की सुविधा नहीं है। इस सुविधा से देश के दूर-दराज के क्षेत्र विमानन की मुख्यधारा में आ रहे हैं और यहां हवाई अड्डे तथा रनवे बनाने पर कम लागत आएगी। इसमें छोटे पंख वाले विमान प्रयोग होते हैं, छोटे पंखों वाले विमान जलीय क्षेत्रों जैसे झीलों, बांधों, अप्रवाही जल, बजरीयुक्त क्षेत्रों और घास भूमि पर भी उतर सकते हैं और अनेक पर्यटक क्षेत्रों में इनसे संपर्क सुविधा आसानी से मिल सकती है।

भारतवंशी प्रियंका राधाकृष्णन

न्यूजीलैंड मंत्रिमंडल में हुईं शामिल

न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर भारत में जन्मीं 41 वर्षीय प्रियंका

- **प्रियंका पहली भारतीय मूल की हैं जिन्हें न्यूजीलैंड के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।**

राधाकृष्णन को कैबिनेट में शामिल किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न ने कैबिनेट का विस्तार करते हुए प्रियंका सहित पाँच नए मंत्रियों को शामिल किया है।

केरल के एर्नाकुलम जिले के परावूर की प्रियंका बचपन में ही सिंगापुर चली गयी थीं। फिर आगे की पढ़ाई के लिए न्यूजीलैंड गयीं। वहीं उन्होंने आईटी पेशेवर रिचर्ड्सन से शादी कर ली। उन्हें 2017 में लेबर पार्टी

की तरफ से सांसद चुना गया था। उन्होंने सामुदायिक और स्वैच्छिक क्षेत्र के मंत्री के रूप में शपथ ली।

वियना में मुंबई की तर्ज पर हुआ आतंकी हमला

ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में दोबारा लगाये जाने वाले लॉकडाउन के एक दिन पहले आतंकी हमला हुआ। आतंकियों

- **आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है।**
- **यह भारत के मुंबई में हुये 26/11 आतंकी हमले के जैसा था।**

ने छह जगहों को अपना निशाना बनाया जिसमें एक प्रार्थना स्थल, भीड़-भाड़ वाले इलाके, बार-रेस्तरां शामिल थे।

ऑस्ट्रिया के गृह मंत्री कार्ल नेहमर ने बताया कि हमलावर की पहचान कर ली गई है। अबू दगना अल-अल्वानी और कुमती फेजुलाई की पहचान हमलावरों के रूप में की गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, जर्मनी की चांसलर एंजेला मार्केल और यूरोपियन देशों ने आतंकी हमलों की निंदा की है।

पिनाका रॉकेट प्रणाली के

अत्याधुनिक रॉकेट का सफलतापूर्वक परीक्षण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिनाका रॉकेट प्रणाली के अत्याधुनिक रॉकेट का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह परीक्षण उड़ीसा स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र चांदीपुर पर किया गया। परीक्षण के दौरान एक के बाद एक छह रॉकेट का सफल परीक्षण किया गया। परीक्षण किए गए रॉकेट का निर्माण एम/एस इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव लिमिटेड, नागपुर द्वारा किया गया है। परीक्षण के दौरान रॉकेट पर निगरानी करने का काम रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम, टेलीमेट्री उपकरणों द्वारा किया गया। पिनाका प्रणाली के तहत अत्याधुनिक रॉकेट पिनाका एमके-I रॉकेट की जगह लेंगे। जो अभी उत्पादन प्रक्रिया में हैं। डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई पिनाका प्रणाली में नया रॉकेट पहले की तुलना में न केवल

ज्यादा दूरी तक सटीक निशाना लगा सकता है, बल्कि उसकी लंबाई भी पिछले रॉकेट की तुलना में कम रखी गई है। रॉकेट की डिजाइन और लंबाई संबंधित काम डीआरडीओ की प्रयोगशाला पुणे में किया गया है। पुणे स्थित इस संस्थान को ऑर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट, एआरडीई और हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लैबरोटरी, एचईएमआरएल के नाम से जाना जाता है।

अमेरिका ने

ईरान पर लगाए सख्त प्रतिबंध

अमेरिकी ने ईरान के पेट्रोलियम मंत्रालय, तेल कंपनी और राष्ट्रीय ईरानी टैंकर कंपनी पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी

- **ईरान के पेट्रोलियम और तेल मंत्री बिजन जांगनेह के साथ-साथ दस संस्थाओं, सात व्यक्तियों और दो जहाज पर प्रतिबंध लगाए गये हैं।**

गॉर्ड कॉर्प्स-क्यूड्स फोर्स को उनके वित्तीय मदद को लेकर प्रतिबंध लगाए हैं।

अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने कहा कि पूर्व पेट्रोलियम मंत्री और आईआरजीसी-क्यूएफ के अधिकारी रोस्तम घासेमी के करीबी कई व्यक्तियों को उसमें शामिल किया है जबकि अन्य को बेनेजुएला से संबंधित होने के कारण प्रतिबंध सूची में जोड़ा गया है। विभाग ने कहा कि अस्थिरता के लिए ईरान पेट्रोलियम क्षेत्र के फंड का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने ईरान पर भी आतंकवाद समर्थन का आरोप लगाया। ज्ञात रहे कि हाल ही में ईरान संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबन्धों से आजाद हो गया है। इस आजादी के बाद अब ईरान पारंपरिक हथियार खरीदने और बेचने के लिए आजाद हो गया है। अमेरिका को लगता है कि ईरान आजाद होने के बाद अपनी स्वतंत्रता का गलत इस्तेमाल अमेरिका के खिलाफ कर सकता है।

हॉर्पून मिसाइलें

ताइवान को देगा अमेरिका

अमेरिका ने सुरक्षा की दृष्टि से ताइवान को उन्नत करने के लिये 400 हॉर्पून ब्लॉक-2 मिसाइलें और 100

- **इस फैसले पर चीन ने कहा है कि वह ताइवान को हथियार बिक्री के अमेरिका के फैसले का विरोध करता है।**
- **वहीं अमेरिका ने कहा है कि वह ताइवान को शक्ति संपन्न बनाने के लिये हर संभव मदद करेगा।**

सिस्टम देने का निर्णय लिया है। ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी संसद को सूचित किया कि ताइवान को 2.37 अरब डॉलर

(करीब 17 हजार 400 करोड़ रुपये) के हॉर्पून मिसाइल सिस्टम बेचने की योजना है। यह मिसाइल 125 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है। इसमें जीपीएस लगा हुआ है।

ज्ञात रहे कि अमेरिका की घोषणा के कुछ समय पूर्व ही चीन ने कहा था कि वह ताइवान को हथियार बिक्री में शामिल लॉकहीड मार्टिन, बोइंग डिफेंस और रेथियॉन जैसी अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगायेगा।

अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि इस सौदे से क्षेत्रीय सैन्य संतुलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

इनसे तटीय रक्षा ठिकानों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल के ठिकानों, बंदरगाह पर खड़े जहाजों और औद्योगिक ठिकानों को एक झटके में तबाह किया जा सकता है।

मालाबार 2020 - बंगाल की खाड़ी में पहला चरण सम्पन्न

मालाबार नौसैन्य अभ्यास के 24वें संस्करण का आयोजन नवंबर 2020 में दो चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण का आयोजन 03 से 06 नवंबर 2020 तक बंगाल की खाड़ी में स्थित विशाखापट्नम में किया गया, जिसमें भारतीय नौसेना (आईएन), यूनाइटेड स्टेट्स नेवी (यूएसएन), जापान मैरिटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) और रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (आरएएन) शामिल हुई। मालाबार के पहले चरण में भारतीय नौसेना की इकाइयां, अमेरिकन शिप (यूएसएस) जॉन एस मैक्केन (निर्देशित मिसाइल नाशक), ऑस्ट्रेलिया (एचएमएएस) के एमएच-60 हैलिकॉप्टर समेत वैलारात जहाज (लंबी रेंज का युद्ध पोत) और जापान मैरिटाइम सेल्फ डिफेंस शिप (जेएमएसडीएफ) ओनामी (नाशक) के साथ एसएच-60 हैलिकॉप्टर ने हिस्सा लिया। अभ्यास के पहले चरण में भारतीय नौसेना का नेतृत्व फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट, रियर एडमिरल संजय वात्सायन ने किया। भारतीय नौसेना की ओर से नाशक रणविजय, युद्ध पोत शिवालिक, अपतटीय पेट्रोल जहाज सुकन्या, फ्लीट सपोर्ट शिप शक्ति और सबमरीन सिंधुराज ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही एडवांस्ड जेट ट्रेनर हॉक, लंबी रेंज का समुद्री पेट्रोल विमान पी-81, समुद्री पेट्रोल विमान डॉर्नियर और हैलिकॉप्टर ने भी इस अभ्यास में भाग लिया। कोविड-19 महामारी को देखते हुए यह अभ्यास गैर-संपर्कीय, केवल समुद्र में अभ्यास के तौर पर आयोजित किया जा रहा है। यह मैत्रीपूर्ण सेनाओं के बीच उच्च स्तर के समन्वय और तालमेल का प्रदर्शन करेगा।

- **मालाबार अभ्यास की शुरुआत 1992 में आईएन-यूएसएन के द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में हुई थी।**
- **मालाबार 2020 के दूसरे चरण का आयोजन नवंबर 2020 के मध्य में अरब सागर में किया जाएगा।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।